CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 30-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP1 User: cci Time: 01-29-2026 23:03 Color:

महानगर > मुंबई > शुक्रवार, 30 जनवरी 2026 > माघ 10, शक संवत 1947, माघ शुक्ल द्वादशी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 77, संख्या 25 > मूल्य ₹6.00 > पेज 12 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

राहुल से मुलाकात के बाद थरूर बोले- 'ऑल इज़ वेल'

p12

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

कल्कि के सीक्वल में दीपिका की जगह सई पल्लवी

p10

फलस्तीन की मंत्री ने कहा, भारत महान देश, उससे है उम्मीदें पेज 12

HC ने खारिज की आर्यन की बैड्स ऑफ बॉलिवुड सीरीज के खिलाफ याचिका पेज 12

वांगचुक ने सरकार उखाड़ फेंकने से जुड़े आरोपों का SC में खंडन किया पेज 12

खबरों के अंदर की बात

NBT Lens

देखें पेज 2,11,12

GOOD न्यूज

गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज-9

अंतर्ज्ञान

जीवन में अधिकांश तनाव अनावश्यक आते हैं- अनावश्यक वस्तुओं, अनावश्यक संबंधों, अनावश्यक बातों और अनावश्यक अपेक्षाओं से। कटौती केवल सामान की नहीं, लोगों और विचारों की भी जरूरी है। जैसे ही अनावश्यक हटता है, मूल्यवान दिखने लगता है। अनावश्यक की कटौती मन को जीवन के मूल तत्वों पर केंद्रित कर देती है। यही सादगी की शक्ति है। आप जितना कम ढोते हैं, उतना आगे बढ़ते हैं। अनावश्यक को छोड़ना जीवन को साफ-सुथरा बनाने की आध्यात्मिक प्रक्रिया है। सादगी में वह गहराई है, जो भव्यता में नहीं। और अनावश्यक हटाते-हटाते ही व्यक्ति स्वयं के वास्तविक स्वरूप तक पहुंचता है।

UGC के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट का 'ब्रेक'

कहा, गलत इस्तेमाल होने का है अंदेशा

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमिशन (UGC) के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। यह उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने से जुड़ा था। इसे गैर-समावेशी बताकर सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि अगर वह इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करती, तो ये नियम समाज पर बहुत खतरनाक प्रभाव डाल सकते हैं। समाज को बांट भी सकते हैं। गुरुवार को कोर्ट ने मामले में केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। सरकार और UGC से 19 मार्च तक जवाब दाखिल करने को कहा।

कोर्ट ने नियमों पर कुछ आपत्तियां जाहिर कीं। साथ ही सुझाव दिया कि इनकी समीक्षा कानून की जानकारी रखने वाली एक कमिटी को करनी चाहिए। बेंच ने यह भी कहा कि पहली नजर में ये नियम अस्पष्ट हैं और दुरुपयोग का अंदेशा रखते हैं। संविधान के आर्टिकल-142 के तहत 2012 के रेगुलेशंस अगले आदेश तक लागू रहेंगे। कोर्ट का यह आदेश उन याचिकाओं के बाद आया, जिनमें यह तर्क दिया गया था कि UGC ने जाति आधारित भेदभाव की एक गैर-समावेशी परिभाषा अपनाई है। पेज 12

कोर्ट की नियमों पर आपत्ति | **रिव्यू करने की भी दी सलाह**

हमने जातिविहीन समाज की दिशा में जो कुछ भी हासिल किया है, क्या हम अब फिर से पीछे की ओर जा रहे हैं? भारत की एकता शैक्षणिक संस्थानों में झलकनी चाहिए। -सुप्रीम कोर्ट

और क्या-क्या कहा...

1. कोर्ट ने कहा कि पहली नजर में ये नियम अस्पष्ट हैं
2. यह समाज को बांट देगा और खतरनाक प्रभाव भी पड़ेगा
3. एक कमिटी को इसकी समीक्षा करनी चाहिए
4. साल 2012 के रेगुलेशंस अगले आदेश तक लागू रहेंगे

अदालत का सवाल, रैगिंग बाहर क्यों?

सुनवाई के दौरान बेंच ने रेगुलेशन को लेकर कुछ मुद्दों का जिक्र किया। रेगुलेशन की दोबारा समीक्षा का सुझाव दिया। साथ ही कहा कि जब भेदभाव की परिभाषा सभी प्रकार के भेदभाव को समाहित करती है, तो जाति आधारित भेदभाव को अलग से परिभाषित करने की जरूरत क्यों है? रैगिंग को रेगुलेशन से बाहर क्यों रखा गया है? PTI

जारी है विरोध UGC रेगुलेशंस का गुरुवार को भी कई जगहों पर छात्र समूहों की ओर से विरोध किया गया।

बारामती का 'बेटा' पंचतत्व में विलीन, उमड़ा जनसैलाब

पत्नी ने गंगाजल चढ़ाया, दोनों बेटों ने मुखाग्नि दी

■ NBT रिपोर्ट, बारामती : 'अजित दादा अमर रहें' के नारों और आंसुओं के सैलाब के बीच गुरुवार को महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार को अंतिम विदाई दी गई। पुणे जिले के बारामती में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार हुआ। हजारों लोगों से खचाखच भरे बारामती के विद्या प्रतिष्ठान में दोनों बेटों पार्थ और जय पवार ने मुखाग्नि दी। पत्नी सुनेत्रा पवार ने पति के पार्थिव शरीर पर गंगाजल चढ़ाकर अंतिम विदाई दी। अजित पवार के अंतिम दर्शनों के लिए देर रात से ही लोगों का बारामती पहुंचना शुरू हो गया था। इस वजह से सुबह कई इलाकों में जाम भी लगा। चिता को मुखाग्नि देते समय NCP (SP) प्रमुख शरद पवार मौन दिखे। सुनेत्रा जब दिवंगत पति को श्रद्धांजलि दे रही थीं, तो शरद की बेटी सुप्रिया सुले उन्हें सांत्वना देती दिखीं।

इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन, सीएम देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, डीसीएम एकनाथ शिंदे समेत कई नेताओं और जानीमानी हस्तियों ने पवार के पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित किए।

दुर्घटनाग्रस्त विमान 'लियरजेट 45' का ब्लैक बॉक्स बरामद, जांच आगे बढ़ी

नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि बुधवार को बारामती हवाई पट्टी के पास दुर्घटनाग्रस्त हुए 'लियरजेट 45' विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है। नागर विमानन मंत्रालय ने 'एक्स' में बताया, 'जांच तेजी से आगे बढ़ रही है और दुर्घटनाग्रस्त विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है। ब्लैक बॉक्स एक छोटा उपकरण होता है, जो विमान की उड़ान के दौरान सभी तकनीकी और उड़ान संबंधी जानकारी रिकॉर्ड करता है। यह विमान दुर्घटनाओं की जांच में अहम भूमिका निभाता है।' पेज 3

सुनेत्रा पवार को बनाएं DCM, पार्टी के नेताओं की मांग

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को फडणवीस सरकार में उपमुख्यमंत्री बनाने की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। इसके अलावा, एनसीपी (अजित) की कमान प्रफुल्ल पटेल को सौंपी जा सकती है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं प्रफुल्ल पटेल और छगन भुजबल ने सुनेत्रा पवार से मुलाकात भी की। एनसीपी के कई बड़े नेता चाहते हैं कि उपमुख्यमंत्री का पद सुनेत्रा पवार संभालें, जबकि एनसीपी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी प्रफुल्ल पटेल को दी जाए। मंत्री नरहरि झिरवाल ने कहा कि जनता चाहती है कि सुनेत्रा पवार को मंत्रालय में लाया जाए। पेज 3

फटाफट खबरें

SIR पर चुनाव आयोग को SC का निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु में चल रही SIR प्रक्रिया पर चुनाव आयोग से कहा, जिन वोटर्स के नाम लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी यानी तार्किक विसंगति की सूची में डाले गए हैं, वह सूची सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित हो। जहां भी SIR प्रक्रिया चल रही है, वहां सख्ती से हो।

आवारा कुत्तों संबंधी याचिका पर फैसला सुरक्षित

सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मामले में पहले दिए गए आदेशों में संशोधन का अनुरोध करने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई के बाद गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। बेंच ने दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। पेज 12

WPL आज के मैच

मुंबई इंडियन्स vs रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

7:30pm से, वडोदरा में

टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

आर्थिक सर्वे में सुधारों और मैन्युफैक्चरिंग पर होगा ज़ोर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

आर्थिक सर्वे 2025-26 में कहा गया है कि देश की अर्थव्यवस्था दमदार ढंग से बढ़ रही है। इसकी रफ्तार दुनिया में सबसे तेज बनी रह सकती है। सर्वे में मैन्युफैक्चरिंग, निर्यात और आर्थिक सुधारों पर जोर बढ़ाने की सलाह दी गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को इसे संसद में पेश किया। इसमें कहा गया है कि व्यापार से जुड़ी वैश्विक चुनौतियां हैं। लिहाजा आर्थिक नीतियों का फोकस ऐसी चीजों पर होना चाहिए, जिनसे बाहरी झटकों का असर घटे और अर्थव्यवस्था को सहारा देने के देसी पहलुओं को मजबूती मिले। सर्वे के मुताबिक, सोना-चांदी के भाव बढ़ते रह सकते हैं। अगले वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद यानी GDP ग्रोथ 6.8-7.2% रह सकती है। पेज 9

AP

पीएम ने कहा, निर्मला सीतारमण लगातार नौवां बजट पेश करेंगी।

शेयर बाजार हरे निशान में हुए बंद

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में लगातार तीसरे दिन हरे निशान में बंद हुआ। बाजार में तेजी की वजह आर्थिक सर्वेक्षण में अर्थव्यवस्था की विकास दर को लेकर जारी किए गए सकारात्मक अनुमानों को माना जा रहा है।

PM ने कहा, 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' पर आगे बढ़ रहे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि यूरोपीय यूनियन (EU) के साथ किया गया फ्री ट्रेड अग्रीमेंट (FTA) महत्वाकांक्षी भारत के लिए है। उद्योग जगत इस मौके का पूरा फायदा उठाए। उन्होंने कहा कि भारत 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। बजट सत्र की शुरुआत में संसद भवन परिसर में पीएम ने कहा कि देश लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से बाहर निकल रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार को लगातार नौवां बजट पेश करने जा रही हैं, ऐसा करने वाली वह देश की इकलौती महिला वित्त मंत्री हैं।

समस्याओं से देश बाहर निकल रहा है: मोदी

अर्थसार

सेंसेक्स :	82,566.37	(+221.69)
निफ्टी :	25,418.90	(+76.16)
रु/यूएस डॉलर :	91.95	(+0.159)
रु/यूरो :	109.9429	(-0.085)

मौसम

कोलाबा	31.5	19.7
सांताक्रुज	33.3	18.1
सूर्यास्त शुक्रवार	6:30 बजे	
सूर्योदय शनिवार	7:13 बजे	

NBT नवभारत टाइम्स

प्रदूषण: निगरानी के लिए बनेगी हाई पावर कमिटी

वायु प्रदूषण रोकने के ये उपाय प्रभावी नहीं: बॉम्बे हाई कोर्ट

AI Image

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : बॉम्बे हाई कोर्ट ने वायु प्रदूषण के संकट से निपटने के लिए अब हाई पावर कमिटी (HPC) गठित करने की बात कही है। पल्यूशन नियंत्रण पर अधिकारियों की सुस्ती और विफलता के मद्देनजर HPC बनाई जा रही है। कोर्ट ने माना है कि अब तक प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए राज्य सरकार और स्थानीय निकाय के उपाय अपर्याप्त साबित हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश या हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त चीफ जस्टिस की अगुवाई में यह कमिटी काम करेगी।

तीन सदस्यीय यह कमिटी अदालत के आदेशों और निर्देशों के अमल की स्थिति की निगरानी करेगी। कमिटी स्थानीय निकाय द्वारा पेश की जाने वाली रिपोर्ट की समीक्षा भी करेगी। सिफारिश के साथ कमिटी को एक रिपोर्ट भी देनी है। HPC में किन्हें शामिल किया जाएगा, इसका उल्लेख अदालत के पारित होने वाले आदेश में किया जाएगा। दो साल पहले कोर्ट ने वायु प्रदूषण के मुद्दे का स्वतः संज्ञान लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई शुरू की थी। कोर्ट ने शहर की बिगड़ती हवा पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी। पेज 5

बेतहाशा उछाल चांदी 4 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के पार, 1.80 लाख के नजदीक पहुंच सोने ने भी बनाया नया रेकॉर्ड

फिर से बेकाबू हो गए सोने-चांदी के भाव

Sudha.shrimali@timesofindia.com

■ मुंबई: सोने-चांदी की कीमतों में असाधारण तेजी ने गुरुवार को लोगों में पैनिक माहौल बना दिया। जियोपॉलिटिकल टेंशन, सेफ-हेवन डिमांड, फिजिकल सप्लाई में कमी, लोगों की बढ़ती दिलचस्पी और सट्टेबाजी के फंडों के चलते एक महीने में करीब 28% बढ़कर सोना 1.8 लाख रुपये के करीब पहुंच गया। इसी तरह चांदी की तेजी भी लगातार चौंका रही है। यह पहली बार 4 लाख रुपये पहुंच गई है। IBJA के अनुसार गुरुवार को बिना जीएसटी 999 सोना 10,705 रुपये बढ़कर 1,75,340 रुपये प्रति दस ग्राम पहुंच गया। चांदी 21,721 बढ़कर 3,79,988 रुपये प्रति किलो की रेकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई।

AI Image

खरीदारों की लाइन : शकरम ज्वेलर्स के प्रमुख रविशंकर खंडेलवाल कहते हैं, 'यह चकित होनेवाली बात है कि इस रेट में भी जवेरी बाजार में लोगों की सिक्के व बार खरीदने के लिए लाइन लगी है। खरीदार पैनिक मोड में भी ऐसे खरीद रहे हैं, मानो कल मिलेगा ही नहीं।' UTZ के प्रमुख कुमार जैन का मानना है कि लोगों की बढ़ती दिलचस्पी बुल रैली से संचालित है।

अगले दो महीने में और भी बढ़ेंगे दाम

IBJA के नैशनल सेक्रेटरी सुरेंद्र मेहता ने बताया, यह तेजी कैपिटल रोटेशन साइकल के तहत है। ग्लोबल टेंशन के बीच सभी एसेट क्लास में गिरावट है। अब लोगों का विश्वास सोने पर बचा है। सोना दो महीने में 1,92,000 और चांदी 4,20,000 रुपये तक दिख सकती है। केडिया एडवाइजरी के अजय केडिया का कहना है कि अब सोने-चांदी की कीमतें क्लासिक बुलियन मेनिया फेज में प्रवेश कर गई हैं। पेज 9

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 30-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP10 User: cci Time: 01-29-2026 21:47 Color:

Enterटेनमेंट masalamix

रणवीर सिंह के खिलाफ बेंगलुरु में केस दर्ज

बेंगलुरु में एक वकील ने रणवीर सिंह के खिलाफ सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में FIR दर्ज करवाई है। मामला रणवीर की मिमिक्री से जुड़ा है, जिसमें उन पर कांतारा दैव की मजाकिया नकल करने का आरोप है।

फिल्म की रिलीज डेट का झमेला

कोई फिल्म जल्दी हो रही रिलीज, कोई पोस्टपोन हो रही



भूत बंगला
पुरानी रिलीज डेट - 3 अप्रैल
नई रिलीज डेट -15 मई

मर्दानी 3
पुरानी रिलीज डेट -27 फरवरी
नई रिलीज डेट -30 जनवरी

धमाल 4
पुरानी रिलीज डेट -12 जून
नई रिलीज डेट -3 जुलाई



वेलकम टु जंगल
पुरानी रिलीज डेट क्रिसमस -2024
नई रिलीज डेट -26 जून

रिलीज डेट हुई आगे-पीछे, दर्शक परेशान

फिल्म धुरंधर की बंपर सक्सेस के बाद इसकी सीक्वल फिल्म से अपनी फिल्म को बचाने के लिए बॉक्स ऑफिस पर फिल्मों की रिलीज डेट में उठापटक का सिलसिला जारी है। हालांकि इसके चलते फैंस काफी कंफ्यूज दिख रहे हैं:

प्रशांत जैन

अगर आप धमाल सीरीज के फैन हैं और इस सीरीज की आने वाली फिल्म की रिलीज डेट पता करने के लिए इंटरनेट पर सर्च करते हैं, तो आपके सामने फिल्म के कई पोस्टर या खबरें आ जाएंगी, जिनमें अलग-अलग रिलीज डेट लिखी होगी। सबसे पहले निर्माताओं ने इस फिल्म की रिलीज इस साल ईद पर घोषित की। उसके बाद धुरंधर 2 से क्लैश टालने के लिए इसकी रिलीज डेट 12 जून घोषित की गई। वहीं अब अचानक फिल्म को 3 जुलाई के लिए पोस्टपोन कर दिया।

इससे पहले अक्षय कुमार की फिल्म वेलकम टु जंगल के साथ भी कुछ ऐसा ही हो चुका है। सबसे पहले इस फिल्म की रिलीज डेट 2024 के क्रिसमस के लिए घोषित की गई थी। उसके बाद माना जा रहा था कि यह 2025 के क्रिसमस पर जरूर रिलीज हो जाएगी। लेकिन क्रिसमस 2025 पर फिल्म तो नहीं आई, लेकिन अक्षय कुमार ने कहा कि अगले साल फिल्म आएगी। तब यह अटकलें लगने लगीं कि यह फिल्म अब क्रिसमस 2026 पर आएगी। लेकिन आश्चर्यकार इसकी रिलीज डेट 26 जून घोषित की गई है।

तमाम फिल्में हुईं आगे-पीछे

बीते कुछ दिनों में कई दूसरी फिल्मों की रिलीज डेट में भी बदलाव हुए हैं। मसलन आलिया भट्ट की फिल्म आल्फा की रिलीज डेट पहले क्रिसमस 2025 घोषित थी। फिर इसकी रिलीज डेट 17 अप्रैल घोषित की गई। लेकिन बैटल ऑफ गलवान से क्लैश टालने के लिए इस फिल्म की रिलीज डेट एक बार फिर पोस्टपोन कर दी गई। मर्दानी 3 की रिलीज डेट भी पहले 27 फरवरी को घोषित थी। लेकिन बाद में इसे बॉर्डर 2 से अगले हफ्ते में रिलीज करने की घोषणा हो गई।

अल्फा
पुरानी रिलीज डेट -17 अप्रैल
नई रिलीज -घोषित नहीं

कई चीजों पर निर्भर रिलीज

फिल्मी दुनिया के जानकार कहते हैं कि फिल्मों की रिलीज डेट तय करने में कई फैक्टर्स काम करते हैं। अक्सर निर्माता कोशिश पहले से तीसरी रिलीज डेट को भुनाने की चाहत में रिलीज डेट घोषित कर देते हैं, लेकिन फिर वीएफएक्स या दूसरे तकनीकी कारणों से वे अपनी फिल्म को तय डेट पर नहीं ला पाते। अल्फा के साथ कुछ ऐसा ही हुआ है। वहीं दूसरी ओर किसी बड़ी फिल्म के दो हफ्ते पहले और चार-पांच हफ्ते बाद में रिलीज हो रही फिल्मों का गणित भी बिगड़ता है। इस साल धुरंधर 2, टॉक्सिक और बैटल ऑफ गलवान जैसी फिल्मों की वाद में रिलीज की घोषणा के चलते कई फिल्मों की रिलीज डेट में उठापटक का सिलसिला जारी है।

कल्कि के सीक्वल में दीपिका की जगह सई!

मेकर्स कल्कि के सीक्वल में दीपिका पादुकोण की जगह सई पल्लवी को लेने पर विचार कर रहे हैं

कल्कि के एक सीन में दीपिका पादुकोण

कल्कि 2898 एडी में दीपिका पादुकोण ने अहम रोल अदा किया था और इसके सीक्वल में उनका किरदार और भी महत्वपूर्ण होने वाला था। लेकिन मां बनने के बाद लंबे वर्क ऑवर्स के चलते दीपिका इस फिल्म से बाहर हो गईं। अब खबर है कि सई पल्लवी फिल्म में उनकी जगह ले सकती हैं। फिल्म इंडस्ट्री के जानकार बताते हैं कि फिल्ममेकर्स को लंबे समय से ऐसी ऐक्ट्रेस की तलाश थी जो सीक्वल में दीपिका की जगह ले सके और अब वे इस रोल के लिए सई पल्लवी के नाम पर विचार कर रहे हैं। कहा तो यह भी जा रहा है कि दूसरे पार्ट में कहानी में एक नया कैरेक्टर लाया जाएगा जिसके लिए सई पल्लवी का नाम तय हुआ है। हालांकि अभी इसकी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

मनोरंजन



PARAS

शाहरुख खान को मिलेगा स्टाइल आइकन अवॉर्ड

जल्द ही बॉलिवुड के बादशाह शाहरुख खान के नाम एक और उपलब्धि जुड़ने जा रही है। बॉलिवुड के किंग खान को ग्लोबल स्टाइल आइकन अवॉर्ड से नवाजा जाएगा। यह अवॉर्ड उन्हें दुबई मॉल ग्लोबल फैशन अवॉर्ड्स समारोह में दिया जाएगा और इस इवेंट के लिए शाहरुख दुबई के लिए रवाना भी हो चुके हैं। इस इवेंट में देश-दुनिया की तमाम बड़ी हस्तियां शामिल होंगी।

गौरतलब है कि शाहरुख कई बार ग्लोबल स्टेज पर भारत को रिप्रेजेंट कर चुके हैं। बीते दिनों वह जॉय अवॉर्ड्स में शामिल होने सऊदी अरब के रियाद में गए थे जहां उनकी मुलाकात पॉप स्टार कैटी पेरी से हुई थी। इसका एक फोटो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। वहीं थर्डक्रेट पर शाहरुख इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म किंग को लेकर चर्चा में हैं। सिद्धार्थ आनंद निर्देशित इस फिल्म में शाहरुख के साथ उनकी बेटी सुहाना खान और दीपिका पादुकोण भी होंगी।

मनोरंजन

FARNAZ

कियारा ने नाइट सूट पर दिखाया पति सिद्धार्थ व बेटी सरायाह का नाम

हाल ही में कियारा आडवाणी ने अपनी सोशल मीडिया स्टोरी शेयर की है जिसमें वह आरामदायक नाइट सूट (स्लीपवेयर) में नजर आ रही हैं। उनके नाइट सूट पर 'SKS' के साथ दिल का निशान कढ़ाई से बना हुआ दिखाई दे रहा है। इस तस्वीर के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर फैंस के बीच चर्चा तेज हो गई है। फैंस का मानना है कि SKS का मतलब सिद्धार्थ, कियारा और उनकी बेटी सरायाह के नाम के शुरुआती अक्षरों से जुड़ा है। माना जा रहा है कि पहले S का मतलब सिद्धार्थ, बीच में K का मतलब कियारा और फिर दूसरे S का मतलब सरायाह है। कियारा फैमिली से जुड़ी पोस्ट लगातार करती रहती हैं। उन्होंने इससे पहले पति सिद्धार्थ के बर्थडे पर गाना भी गाया था।

'SKS' कढ़ाई कर लिखवाया

माना जा रहा है कि पहले S का मतलब सिद्धार्थ, बीच में K का मतलब कियारा और फिर दूसरे S का मतलब सरायाह है।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 30-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP11 User: cci Time: 01-29-2026 22:35 Color:

मेरे परिवार ने मेरा संघर्ष देखा है और मेरी सफलता भी। उनकी ख्वाहिश थी कि मुझे सम्मान मिलते भी देखे। पद्मश्री के लिए चुने जाने पर अब मेरा पूरा सफर फ्लैशबैक में घूम रहा है। -सविता पूनिया, गोलकीपर, भारतीय विमिंस हॉकी टीम

362.5

स्ट्राइक रेट था युवराज सिंह का इंग्लैंड के खिलाफ साल 2007 में डरबन में खेले गए टी20 इंटरनैशनल मैच में। यह ICC के पूर्ण सदस्य देशों के टी20I मैच में इनिंग्स में 50+ रन बनाने वाले बैटर्स में बेस्ट स्ट्राइक रेट का रेकॉर्ड है

कयास खत्म...पाकिस्तान टीम कोलंबो की उड़ान भरने की तैयारी में!

■ एजेंसियां, लाहौर: पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने अपनी टी20 वर्ल्ड कप टीम के 2 फरवरी की सुबह कोलंबो रवाना होने का कार्यक्रम तय कर दिया है। इससे इस टूर्नामेंट या 15 फरवरी को भारत के खिलाफ होने वाले अहम मुकाबले के बॉयकॉट की किसी भी संभावना पर लगभग विराम लग गया है। बोर्ड से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी।

टी20 वर्ल्ड कप 2026

सूत्र ने कहा, 'पीसीबी ने वर्ल्ड कप टीम के 2 फरवरी की सुबह कोलंबो रवाना होने के लिए पहले ही यात्रा की सभी तैयारियां कर ली है।' सूत्र ने बताया कि पीसीबी ने भारत में खेलने को लेकर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की सुरक्षा चिंताओं पर पूरा समर्थन जताया है, लेकिन इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) में अपनी स्थिति को नुकसान पहुंचाए बिना वह इससे आगे कुछ नहीं कर सकता। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI), PCB और ICC के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता भी है, जिसके तहत 2027 तक ICC टूर्नामेंटों में भारत-पाकिस्तान के सभी मुकाबले न्यूट्रल वेन्यूज पर खेले जाएंगे।

कोई आधार नहीं बनता: सूत्र ने कहा, 'इसमें ध्यान रखने वाली बात यह है कि पाकिस्तान का पूरा वर्ल्ड कप कार्यक्रम श्रीलंका में है, यहां तक कि अगर टीम फाइनल में पहुंचती है तो फाइनल भी वहीं खेला जाएगा। ऐसे में वे टूर्नामेंट या भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार किस आधार पर करेंगे?' उम्मीद है कि PCB शुक्रवार को अपनी भागीदारी की औपचारिक पुष्टि कर देगा। मीडिया के कुछ हिस्सों में अटकलें लगाई जा रही थीं कि पाकिस्तान टूर्नामेंट से हट सकता है या भारत के खिलाफ खेलने से इनकार कर सकता है। एक अंदरूनी सूत्र ने हालांकि इन खबरों को महज अफवाह बताया। सूत्र ने कहा, 'जब पाकिस्तान बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पीएम शहबाज शरीफ से मुलाकात की, तो उन्होंने साफ किया कि सभी फैसले पाकिस्तान क्रिकेट के मजबूत भविष्य को ध्यान में रखकर लिए जाएंगे और ICC व अन्य सदस्य बोर्डों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखे जाएंगे।'

उन्होंने कहा कि इन अटकलों में कोई तर्क नहीं है और यह भी नहीं बताया गया कि PCB किस आधार पर वर्ल्ड कप छोड़ सकता है या भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार कर सकता है। सूत्र ने कहा, 'भारत सरकार ने अपनी टीम को पाकिस्तान में खेलने की अनुमति नहीं दी है, लेकिन एशिया कप स्तर के टूर्नामेंटों या ICC आयोजनों में तटस्थ स्थल पर भारत-पाकिस्तान मैच खेलने पर कोई रोक नहीं है। जब पाकिस्तान सरकार खुद कहती रही है कि खेल को राजनीति से अलग रखना चाहिए, तो फिर भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार कैसे जायज ठहराया जाएगा?'

AI Image

SSC भी हुआ तैयार

कोलंबो: टी20 वर्ल्ड कप से पहले सिंहली स्पोर्ट्स क्लब (SSC) का बड़े पैमाने पर नवीनीकरण किया गया है और इस स्टेडियम में फ्लडलाइट्स लगाई गई है। यह स्टेडियम श्रीलंका का पांचवां ऐसा इंटरनैशनल क्रिकेट स्टेडियम बन गया है जिसमें अब डे/ नाइट मैच आयोजित किए जा सकते है। इस मैदान पर 7 फरवरी को पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच टी20 वर्ल्ड कप का पहला मैच खेला जाएगा। SSC इस तरह से कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम, कैंडी के पल्लेकेले स्टेडियम, दाम्बुला के रंगिरि स्टेडियम और हंबनटोटा के महिंदा राजपक्षे स्टेडियम की लिस्ट में शामिल हो गया है जहां अब इंटरनैशनल डे/नाइट मैचों का आयोजन किया जा सकता है।

बॉयकॉट की राह है बेहद मुश्किल

पाकिस्तान के लिए बांग्लादेश के सपोर्ट में वर्ल्ड कप का बहिष्कार करना कतई आसान नहीं है। अगर वह वाकई ऐसा करता है तो ग्लोबल लेवल पर पाक क्रिकेट का कद काफी कम हो सकता है। पाक पर ICC द्वारा बैन लगाने और निलंबन का खतरा है। पाकिस्तान बोर्ड की कमाई पर काफी असर पड़ेगा और पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) से विदेशी खिलाड़ी हट भी सकते है। वर्ल्ड कप का बहिष्कार करने से पाकिस्तान बोर्ड को करीब 317 करोड़ भारतीय रुपये का झटका लग सकता है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

MEGA स्पोर्ट्स QUIZ

आज के सवालों पर पांच लकी विजेताओं की छपेंगी तस्वीरें

1. यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना की उम्र कितनी है?
A) 30 B) 25 C) 31 D) 33

2. ऑस्ट्रेलिया विमिंस क्रिकेट टीम की ऑल फॉर्मेट कप्तान किसे बनाया गया है?
A) एश्ले गार्डनर B) सोफी मोलिनी C) जिम मार्थ D) एलिस पेरी

3. जेसन गिलेस्पी पाकिस्तान सुपर लीग में किस टीम के हेड कोच होंगे?
A) किंग्समेन हैदराबाद B) इस्लामाबाद यूनाइटेड C) कराची किंग्स D) लाहौर कलंदर्स

कल के जवाब
1. A) 7 2. A) इटली

लकी विनर्स

1. देव, गुरुग्राम, हरियाणा
2. कुणाल, आर्य पुरा, दिल्ली
3. गुलाल काला, गाजियाबाद, यूपी

आप अपने जवाब हमें
9319282367
पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। इस Mega स्पोर्ट्स Quiz के 'पांच लकी विनर्स' के नाम, पता और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे।

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

फटाफट खबरें

PSL से जुड़ेंगे गिलेस्पी

■ कराची: ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी पाकिस्तान की राष्ट्रीय पुरुष टीम के हेड कोच का पद छोड़ने के एक साल से भी अधिक समय के बाद पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) की नई फ्रेंचाइजी 'किंग्समेन हैदराबाद' के हेड कोच के रूप में पाकिस्तान क्रिकेट में वापसी करेंगे।

दिव्या करेंगी डेब्यू

■ स्टावेंजर: भारतीय ग्रैंडमास्टर और विमिंस वर्ल्ड कप विजेता दिव्या देशमुख इस साल नॉर्वे चेस विमिंस टूर्नामेंट में अपना पदार्पण करने के लिए तैयार है। इससे दिव्या 2024 में शुरू हुए इस टूर्नामेंट में महिलाओं की प्रतियोगिता में चुनौती पेश करने वाली वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी होंगी। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयोजन 25 मई से 5 जून तक ओस्लो में होगा।

सेंथिल का उम्दा आगाज

■ नई दिल्ली: मौजूदा पुरुष राष्ट्रीय चैंपियन वेलवन सेंथिलकुमार और वीर चोटरानी ने वॉशिंगटन में चल रही स्क्वॉश ऑन फायर ओपन की पीएसए कॉपर स्तर की प्रतियोगिता में शानदार शुरुआत करते हुए अगले दौर में प्रवेश किया।

अब 'स्मार्ट' क्रिकेटर बन गया हूं मैं: दुबे

भारत Vs न्यूजीलैंड
टी20 इंटरनैशनल सीरीज

■ एजेंसियां, विशाखापत्तनम: भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने विशाखापत्तनम की सुहावनी रात में न्यूजीलैंड के खिलाफ 23 गेंदों में 65 रन की तूफानी पारी खेलकर तेज गेंदबाजी के खिलाफ अधिक सहज होकर खेलने का शानदार नमूना पेश किया। इसका श्रेय अपनी बेहतर 'मानसिकता' को दिया, जिसने उन्हें 'अधिक समझदार' क्रिकेटर बनाया। इसमें कोई संदेह नहीं कि लेग-स्पिनर ईश सोढ़ी के एक ओवर में बनाए गए 29 रन के कारण दुबे को अधिक सुर्खियां मिलेंगी, लेकिन पेसर्स जैकब डफी और मैट हेनरी के खिलाफ लगाए गए उनके तीन सिक्स भी उतने ही महत्वपूर्ण थे। यह एक स्पष्ट संकेत था कि अब वह केवल स्पिनर्स को ही निशाना नहीं बनाते है बल्कि तेज गेंदबाजों पर भी बड़े शॉट्स खेल सकते हैं। उन्होंने कहा कि टॉप लेवल पर लगातार खेलने से उन्हें इसमें मदद मिली। दुबे ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के चौथे टी20 मैच के बाद कहा, 'यह सब मेरी कड़ी मेहनत का नतीजा है। लगातार मैच खेलने और ऐसी परिस्थितियों में बैटिंग करने से मेरी मानसिकता बेहतर हो रही है। इसलिए मैं यहां समझने लग गया हूं कि आगे क्या होगा और बोलर क्या सोच कर मेरे लिए बोलिंग करेगा।'

वाइट बॉल चैलेंज

नियमित मौका मिलने का फायदा: दुबे ने इस सीरीज में नियमित तौर पर बोलिंग भी की है, लेकिन चौथे टी20I में उन्हें गेंद नहीं सौंपी गई क्योंकि भारत पांच प्रमुख बोलर्स के साथ उतरा था और यहां तक कि ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को भी बोलिंग का मौका नहीं मिला। दुबे ने कहा, 'यही मेरे बैटिंग और बोलिंग दोनों के लिए अहम बात है। मैं गौती भाई (गौतम गंभीर) और सूर्या भाई (सूर्यकुमार यादव) की बदौलत बोलिंग कर पा रहा हूं। उन्होंने मुझे बोलिंग का मौका दिया है। इसलिए, जब आप बोलिंग करते है, तो आप थोड़े स्मार्ट (समझदार) हो जाते है। मैं इस पर भी काम कर रहा हूं और कुछ और कौशल विकसित करने की कोशिश कर रहा हूं।'

दुबे ने स्वीकार किया कि नियमित रूप से खेलने का मौका मिलने से पिछले कुछ महीनों में वह एक क्रिकेटर के रूप में काफी समझदार हो गए है। उन्होंने कहा, 'मुझे पता है कि स्पिनर्स को अच्छी तरह से खेलना मेरा मजबूत पक्ष है और उस समय मैं विपक्षी टीम पर दबाव डाल सकता हूं। इसलिए तब मेरी मानसिकता बिल्कुल स्पष्ट होती है।'

149.20 बैटिंग स्ट्राइक रेट है शिवम दुबे का 54 टी20 इंटरनैशनल मैचों के करियर में

244.44 स्ट्राइक रेट से 110 रन बनाए है शिवम दुबे ने मौजूदा सीरीज की तीन इनिंग्स में

मैंने वास्तव में कड़ी मेहनत की है। मुझे बोलिंग, बैटिंग और सब कुछ करने का मौका मिला है। इसलिए, अनुभव नाम की भी कोई चीज होती है और वह मुझे मिल गया है। -शिवम दुबे

हम खुद को चुनौती देना चाहते थेः सूर्यकुमार

न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे मैच में 50 रन से हार का सामना करने के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि टीम छह बैटर्स के साथ खुद को चुनौती देना चाहती थी। सूर्य ने बताया, 'हमने जानबूझकर छह बैटर्स के साथ उतरने का फैसला किया। हमारा लक्ष्य पांच बोलर्स को रखते हुए खुद को चुनौती देना था।' उन्होंने कहा कि टीम टी20 वर्ल्ड के मद्देनजर अधिक खिलाड़ियों को मौका देना चाहती है। सूर्य के मुताबिक, 'हम उन प्लेयर्स को मौका देना चाहते थे जो वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा है। हम पहले बैटिंग करते हुए अच्छा प्रदर्शन कर रहे है, लेकिन हम यह देखना चाहते थे कि 180-200 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दो-तीन विकेट गिरने के बाद हमारी बैटिंग कैसी रहती है।'

हीली के बाद कमान होगी मोलिनी के पास

■ एजेंसियां, सिडनी: स्पिन बोलिंग ऑलराउंडर सोफी मोलिनी को गुरुवार को अगले महीने भारत के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की विमिंस टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। वह इस घरेलू सीरीज के बाद वह एलिसा हीली की जगह सभी फॉर्मेट्स में कप्तानी संभालेंगी। हीली इंटरनैशनल क्रिकेट से संन्यास लेंगी। भारत के खिलाफ वह तीन वनडे और एक टेस्ट में ऑस्ट्रेलियन टीम की कप्तानी करेंगी। भारत के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की सभी फॉर्मेट्स के लिए टीमों की घोषणा गुरुवार को की गई।

Social Media
सोफी मोलिनी

दिल्ली के लिए अकेले लड़े सांगवान

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: सनत सांगवान के शानदार शतक के बावजूद दिल्ली की टीम मुंबई के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप-डी मुकाबले के पहले दिन गुरुवार को यहां अपनी पहली पारी में 221 रन पर सिमट गई। मुंबई के लिए मोहित अवस्थी ने 62 रन पर पांच विकेट चटकाकर बेहतरीन प्रदर्शन किया। मुंबई ने दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 13 रन बना लिए थे।

रणजी का रण

सांगवान ने 118 रन की पारी के साथ एक छोर संभाले रखा, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से किसी बैटर का अच्छा साथ नहीं मिला। उन्होंने मौजूदा सीजन की अपनी तीसरी शतकीय पारी के दौरान 218 गेंद में 11 फोर और दो सिक्स जड़े। इस 25 साल के बैटर ने वैभव कांडपाल (32) के साथ दूसरे विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी की जिससे दिन की शुरुआत में दिल्ली की टीम मजबूत स्थिति में थी, लेकिन उसने आखिरी नौ विकेट 110 रन पर गंवा दिए।


Social Media
दिल्ली के सनत सांगवान

शतक से चूके जुरेल: नागपुर में भारतीय क्रिकेटर ध्रुव जुरेल शतक से चार रन से चूक गए और उनकी टीम यूपी विदर्भ के खिलाफ ग्रुप-ए के आखिरी लीग मैच में 237 रन पर आउट हो गई। विदर्भ के लिए बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे ने छह विकेट चटकाए। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर विदर्भ ने बिना किसी नुकसान के 33 रन बना लिए थे। पहले बल्लेबाजी चुनने वाली यूपी के छह विकेट एक समय 109 रन पर गिर गए थे। इसके बाद जुरेल और शिवम मावी (47) ने सातवें विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी की। जुरेल ने अपनी पारी में 11 चौके लगाए।

गुजरात के पास प्लेऑफ में पहुंचने का होगा मौका

■ एजेंसियां, वडोदरा: विमिंस प्रीमियर लीग में शुक्रवार को गुजरात जायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाला मुकाबला प्लेऑफ की तस्वीर साफ करने वाला साबित हो सकता है। मौजूदा चैंपियन मुंबई और दूसरी बार अंतिम चार में जगह पक्की करने की कोशिश में जुटी गुजरात के लिए जीत बेहद अहम है। गुजरात आठ अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि मुंबई इंडियंस के छह अंक है। एश्ले गार्डनर की अगुआई वाली गुजरात जीत दर्ज कर सीधे प्लेऑफ में पहुंच सकती है। हालांकि, हार की स्थिति में उसे अन्य मैचों के परिणामों पर निर्भर रहना पड़ेगा। दूसरी ओर हरमनप्रीत कौर की मुंबई इंडियंस अपने सकारात्मक नेट रन रेट और हालिया जीत की लय के दम पर बढ़त बनाना चाहेगी। गुजरात ने पिछले मैच में दिल्ली को हराया था, जबकि मुंबई ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को शिकस्त दी। नैट सिवर-ब्रंट और हेली मैथ्यूज एक बार फिर टीम की उम्मीदों का केंद्र होंगी।

गुजरात जायंट्स Vs मुंबई इंडियंस

विमिंस प्रीमियर लीग 2026



Social Media
ऑरेंज कैप के साथ नैट सिवर-ब्रंट

टेलिकास्ट: मैच शाम 7:30 बजे से जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स पर

319 रन के साथ नैट सिवर-ब्रंट मौजूदा WPL सीजन में सर्वाधिक रन बनाने वाली प्लेयर है

खिताब के लिए भिड़ेंगी सबालेंका-रिबाकिना

■ एजेंसियां, मेलबर्न: वर्ल्ड नंबर-1 आरिना सबालेंका ने लगातार चौथी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में जगह बना ली है। सबालेंका ने सेमीफाइनल में एलिना स्वितोलिना को 6-2, 6-3 से शिकस्त दी। अब वह चार वर्षों में अपने तीसरे ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब से महज एक जीत दूर है। खिताबी मुकाबले में उनका सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना से होगा, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में जेसिका पेगुला को 6-3,7-6 से हराकर साल 2023 के फाइनल की यादें ताजा कर दी है।

पेगुला ने दी कड़ी चुनौती: साल 2022 की विंबलडन चैंपियन रिबाकिना को कड़ी चुनौती मिली। मैच पॉइंट पर पहुंचने के बाद वह लड़खड़ाई और पेगुला की सर्विस पर तीन मैच पॉइंट्स गंवा दिए। पेगुला ने शानदार वापसी करते हुए टाईब्रेकर में दो सेट पॉइंट्स हासिल किए, लेकिन रिबाकिना ने धैर्य बनाए रखा और आखिरकार जीत दर्ज की। उधर, सबालेंका से हार के बावजूद स्वितोलिना के लिए यह टूर्नामेंट यादगार रहा। साल 2022 में मैटरनिटी ब्रेक लेने के बाद वह पहली बार टॉप-10 रैंकिंग्स में वापसी करेंगी।

4 लगातार ऑस्ट्रेलियन ओपन विमिंस सिंगल्स फाइनल में पहुंचने वाली सबालेंका ओपन एरा में इवोन गूलागोंग और मार्टिना हिंगिस के बाद तीसरी खिलाड़ी बन गई है।

AO ऑस्ट्रेलियन ओपन

आरिना सबालेंका

'हिंड्रेंस' पर पॉइंट गंवाया!

सबालेंका ने मैच में 29 विनर्स लगाए और स्वितोलिना को टिकने का कोई मौका नहीं दिया। मैच के दौरान एक अजीब वाकया तब हुआ जब अंपायर लुईस एजेमार एंजेल ने सबालेंका पर 'हिंड्रेंस' (बाधा पहुंचाने) का आरोप लगाते हुए पॉइंट काट लिया। अंपायर का मानना था कि शॉट मारने के बाद सबालेंका की आवाज (शट) सामान्य से अधिक लंबी थी, जिससे विपक्षी खिलाड़ी का ध्यान भटका। सबालेंका ने कहा, 'मेरे साथ ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। मैं अंपायर के फैसले से खुश नहीं थी, लेकिन इसने मुझे और आक्रामक होने के लिए प्रेरित किया। अगर अंपायर आगे भी ऐसा करना चाहती है, तो शौक से करें, इससे मुझे मैच जीतने में मदद ही मिलेगी।'

कैंप में मनप्रीत शामिल नहीं

■ पीटीआई, नई दिल्ली: दिग्गज मनप्रीत सिंह का नाम आगामी एफआईएच प्रो-लीग सीजन से पहले सीनियर नैशनल मेंस हॉकी कैंप के लिए चुने गए 33 संभावित खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल नहीं है। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को संभावित खिलाड़ियों की सूची घोषित की। प्रो-लीग का सीजन अगले महीने राउरकेला में शुरू होगा। ओलिंपिक्स में दो ब्रॉन्ज मेडल विजेता टीमों के सदस्य और भारतीय टीम के पूर्व कप्तान 33 वर्षीय मनप्रीत 15 वर्षों में पहली बार कैंप के लिए संभावित खिलाड़ियों की लिस्ट में जगह नहीं बना पाए हैं। राउरकेला में 10 से 15 फरवरी तक होने वाले एफआईएच प्रो-लीग मैचों से पहले 1 से 7 फरवरी तक यह कैंप आयोजित किया जाएगा। गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक भी संभावितों में शामिल नहीं है। प्रिंसदीप सिंह की पिछले जूनियर एशिया कप में उम्दा प्रदर्शन के कारण सीनियर टीम में एंट्री हुई है।

सीनियर नैशनल मेंस हॉकी कैंप


Social Media
पूर्व हॉकी कप्तान मनप्रीत सिंह

गुकेश जीत की राह पर लौटे, एरिगैसी ने फिर गंवाई बाजी

■ एजेंसियां, विज्क आन जी (नीदरलैंड्स): टाटा स्टील मास्टर्स चेस टूर्नामेंट में भारत के टॉप रैंकिंग वाले खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी को जर्मनी के विन्सेंट कीमर के खिलाफ एक और शिकस्त झेलनी पड़ी। अहम मौकों पर चूके एरिगैसी की यह लगातार दूसरी निराशाजनक हार रही और वह अंक तालिका में नीचे खिसक गए। इसके विपरीत वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश ने युवा तुर्क खिलाड़ी यागिज कान एर्दोगमस को काले मोहरों से हराकर जोरदार वापसी की। इस जीत के साथ गुकेश के 10 में से पांच अंक हो गए और उन्होंने मध्य तालिका में खुद को मजबूती दी।

टाटा स्टील मास्टर्स चेस टूर्नामेंट


Social Media
ग्रैंडमास्टर डी गुकेश

एम्बाप्पे के दो गोल के बावजूद टीम हारकर नौवें पर फिसली

■ एपी, लंदन: स्टार स्ट्राइकर किलियान एम्बाप्पे के दो गोल के बावजूद रियाल मैड्रिड को चैंपियंस लीग फुटबॉल में बेनफिका से 4-2 से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच से पहले रियाल मैड्रिड 36 टीमों की तालिका में तीसरे स्थान पर था, लेकिन अब वह नौवें स्थान पर खिसक गया। बेनफिका की तरफ से अनातोली ट्रूबिन ने इंजरी टाइम के आठवें मिनट में गोल किया। इससे बेनफिका 24वें स्थान पर पहुंच गया और उसने प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित कर ली। अनातोली ने जब गोल किया तब रियाल मैड्रिड नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रहा था।

चैंपियंस लीग फुटबॉल

AP
किलियान एम्बाप्पे

12 राशियां और आपका दिन



ARIES 21 Mar - 19 Apr
राजनीतिक-सामाजिक क्षेत्र में विरोधी परेशानी उत्पन्न कर सकते है। कार्यक्षेत्र में निरंतर परिश्रम की आवश्यकता है। शाम के समय अतिथियों के आगमन से खर्च बढ़ेगा। आज आपके जन्म स्थान से तृतीय चंद्रमा और द्वादश शनि मंगल का योग बना हुआ है। इसलिए प्रयास करके सभी आवश्यक काम निपटा लें।

TAURUS 20 Apr - 19 May
आज राशि का स्वामी शुक्र-बुध के साथ नौवें भाव में कोई नई परेशानी उत्पन्न करेगा। कार्य की अधिकता के कारण स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है, इसलिए खान-पान पर विशेष नियंत्रण रखें। कला व साहित्य में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में किसी बड़े बुजुर्ग के सहयोग से व्यवसाय में प्रगति होगी।

GEMINI 21 May - 21 Jun
नीचे भाव में कुंभ राशि का राहु और द्वितीय कोष लग्न केंद्र भाव में बृहस्पति होने के कारण आज आपका मूड सुबह से ही अच्छा रहेगा। सभी क्षेत्रों में बुद्धि और कौशल का प्रयोग करेंगे तो सफलता मिलेगी। राजनीतिक क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से जो अड़चनें की स्थिति बनी हुई थी आज समाप्त हो जाएगी।

CANCER 22 Jun - 22 July
आज नौकरी, व्यवसाय व राजनीतिक क्षेत्र में प्रगति की स्थिति रहेगी। बड़े बुजुर्ग कार्यक्षेत्र में हरेक प्रकार की मदद करेंगे। खर्चों में कटौती करें नहीं तो कष्ट उठाना पड़ सकता है। कला-खेल और साहित्य के क्षेत्र में आ रही बाधा दूर होने की संभावना है। इससे जीवन में बदलाव के नए रास्ते खुलेंगे। शाम से रात तक पुत्र व पुत्री के लिए विवाह के रिश्ते आएंगे।

LEO 23 July - 22 Aug
दिन के पूर्वार्द्ध में पारिवारिक जीवन में कुछ खटपट रहेगी। साहस और धैर्य से काम लेना होगा, किसी भी काम में जल्दबाजी न करें। कार्यक्षेत्र में प्रगति की बहुत संभावनाएं है। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव रहेगा। लेनदारी का पैसा आने का समय है। शाम के समय में दूर या पास की यात्रा का योग है।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
आज आपकी राशि का स्वामी बुध पांचवें भाव में संचार कर रहा है। राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र में तनाव की स्थिति रहेगी। विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम की आवश्यकता है। परिवार में संपत्ति को लेकर भी कुछ तनाव उत्पन्न हो सकता है। शाम में व्यापार में लाभ के अवसर प्राप्त होने की संभावना है।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
मिथुन राशि का चंद्रमा नौवें भाग्य भाव केंद्र में आज पराक्रम व धन की वृद्धि करेगा। न्यायालयीय मामलों में विजय होगी। कार्यक्षेत्र में सफलता के शीर्ष पर पहुंचेंगे। अचल संपत्ति के व्यापार से लाभ होगा। संतान की सफलता के समाचार से आप आनंदित होंगे। शाम के समय किसी नए कार्य का आरंभ होगा। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
राशि का स्वामी मंगल अपनी उच्च राशि पर और चंद्रमा मिथुन राशि के आठवें भाव में संचार कर रहा है। एकादश घर श्री तुलसी-मनसादेवी द्वितीय प्रभाव के अनुसार आज आपके प्रभाव प्रताप में वृद्धि होगी। व्यवसाय में अच्छे अवसर मिलेंगे। राजनीतिक-सामाजिक क्षेत्र में परिश्रम, साहस की आवश्यकता है।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
आज आपको संतान पक्ष से हर्षवर्धक समाचार मिलेगा। नए-नए खर्च निकल कर सामने आएंगे। कोई झूठा आरोप भी आप पर लग सकता है। शाम के समय से लेकर रात तक यात्रा का योग है, उसमें सुख कर चौकन्ने रहें। खर्चों पर नियंत्रण रखें। व्यवसाय में लाभ होने की संभावना है।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
आपकी राशि का स्वामी शनि तीसरे भाव में और राशि से छठवें भाव मिथुन राशि का ही गुरु आज आपको अपनी व्यवस्था को कोई काम सौंपेगा। शिक्षा क्षेत्र में विशेष प्रगति होगा समाज में सम्मान मिलेगा। सिंह राशि वाला कोई व्यक्ति आपके सामने कोई प्रस्ताव रखे तो उसे अस्वीकार कर दें।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
चंद्रमा पांचवें भाव में मिथुन राशि पर संचार कर रहा है। लेन-देन के मामलों में सावधानी बरतें। व्यय की अधिकता के कारण आज आपको किसी से कर्ज भी लेना पड़ सकता है। पारिवारिक कार्यों में दौड़ धूप रहेगी। आप अपनी कार्यकुशलता से औरों को प्रभावित करेंगे।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
राशि का स्वामी गुरु कर्क में व प्रथम लग्न प्रमुख केंद्र भाव में राहु राज्य विजय कारक है। आज आप अपने प्रतिद्वंद्वियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे। परिवार में भी आपके प्रति प्रेम व आदर की भावना बढ़ेगी। देव, गुरु, ब्राह्मणों के प्रति भक्ति भावना में इजाफा कार्यों की सफलता में चल रहा व्यवधान समाप्त हो जाएगा। पत्नी के पक्ष से लाभ मिलेगा।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष का स्वामी बुध है। वर्ष का स्वर्ग के पाद से प्रवेश हो रहा है, इसलिए जनवरी की शुरुआत से फरवरी के समाप्त होने तक पुराने विवाद निपटाने में सफलता मिलेगी। मार्च और अप्रैल के महीने में अच्छे दोस्तों के मिलने से मन में प्रसन्नता रहेगी। मई और जून के महीने में उच्चाधिकारियों की कृपा से नौकरी में उन्नति मिलेगी। जुलाई में संपत्ति संबंधी विवादों का समाधान निकल जाएगा। अगस्त में राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों का विरोध उत्पन्न धारण कर सकता है। अपने मन की गुप्त बात व प्रगति का रहस्य किसी को न बताएं। इससे बनते हुए कामों में रुकावट आ सकती है। सितंबर से अक्टूबर के महीने तक किसी मंगल कार्य की योजना बनेगी। नवंबर में धार्मिक यात्रा और पर्यटन के योग है। प्रयास करें कि धार्मिक स्थानों का भ्रमण करें। इससे आपको सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी और नवीन कार्यों को करने की प्रेरणा भी मिलेगी। महिलाओं के लिए यह वर्ष दांपत्य सुख का कारक सिद्ध होगा। विद्यार्थियों के लिए साधारण परिश्रम से ही उत्तम सफलता कारक है। पर निश्चित रहना ठीक नहीं है, अभ्यास निरंतर करते रहें। विशेष अच्छे परिणामों के लिए दिसंबर में श्री आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ किसी विद्वान ब्राह्मण से कराएं और शहद को गुड़ मिला खिलाएं।
-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(शनिवार, 31 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 11, शक संवत 1947, माघ शुक्ल, त्रयोदशी, शनिवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 18, शव्वान 11, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 31 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहु काल सुबह 9 बजे से 10 बजकर 30 मिनट तक। त्रयोदशी तिथि सुबह 8 बजकर 26 मिनट तक के बाद चतुर्दशी तिथि का आरंभ। पुनर्वसु नक्षत्र अर्धरात्रोत्तर 1 बजकर 34 मिनट तक के बाद पुष्य नक्षत्र का आरंभ। विष्कुंभ योग अपराह्न 1 बजकर 34 मिनट तक के बाद प्रीति योग का आरंभ। तैतिल करण सुबह 8 बजकर 26 मिनट तक के बाद विष्टि करण का आरंभ। चंद्रमा रात 8 बजकर 1 मिनट तक मिथुन के बाद कर्क राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार प्रदोष व्रत, तिल द्वादशी है।

सुडोकू

4			5		9			1
			7	4		2		
				2		3	5	
	2	4					3	5
5	3					8	2	
	4	9		6				
		8		7	2			
6			3		1			2

TELEVISION



big magic

09:00 बकुला ठकुला
10:00 बकुला बुड़बक
11:00 राष्ट्र के रक्षक
11:30 अलादीन
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
13:30 भ से भड़े
14:30 हम पांच
15:00 अजब देश की गजब कहानी
16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी
18:30 राष्ट्र के रक्षक
21:00 चौरा

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 30-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP12 User: cci Time: 01-29-2026 23:01 Color:

NBT AI टाइम मशीन

जब महात्मा गांधी के विचार अमर हो गए

आज ही के दिन 1948 को गांधीजी की हत्या के बाद पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई थी। प्रधानमंत्री नेहरू ने रेडियो पर इसे 'जीवन से प्रकाश का जाना' बताया। इसके बाद नाथूराम गोडसे और उसके साथियों पर मुकदमा चला। 1949 में गोडसे को फांसी दी गई। बापू की याद में राजघाट स्मारक बना और उनकी पुण्यतिथि को 'शहीद दिवस' घोषित किया गया। आज भी गांधी अहिंसा और शांति की सशक्त आवाज हैं।

NBT
Front Page-2
नवभारत टाइम्स। मुंबई शुक्रवार, 30 जनवरी 2026, पेज 12

सत्य, अहिंसा से रास्ते होंगे मजबूत

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में गांधी किसी मूर्ति या किताब तक सीमित नहीं होंगे। वे सही-गलत को समझने की कसौटी बनेंगे। तकनीक और AI के दौर में सत्य, अहिंसा और ईमानदार तरीकों की जरूरत और बढ़ेगी। गांधी के पुराने प्रतीक बदल जाएंगे, लेकिन विचार जीवित रहेंगे- डिजिटल सत्याग्रह, टिकाऊ जीवन और नैतिक असहमति के रूप में। जब भी ताकत इंसानियत से ऊपर जाएगी, गांधी फिर याद किए जाएंगे। मानवता को शांति की राह दिखाएंगे।



AI Images

फटाफट खबरें

छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

■ पीटीआई, बीजापुर : छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के दक्षिणी हिस्से के जंगल में गुरुवार सुबह सात बजे गोलीबारी शुरू हुई। उस समय डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड की एक टीम इलाके में हथियारबंद माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर निकली थी।

'थानों में कैमरे लगाना काफी नहीं'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : राजस्थान के पुलिस थानों में वर्किंग कैमरों की कमी का सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया। गुरुवार को सुनवाई करते हुए जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा कि सिर्फ सीसीटीवी कैमरे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका सही ढंग से काम करना भी जरूरी है। सुनवाई के दौरान राजस्थान सरकार ने अदालत को बताया कि बुधवार को ही 75 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट स्वीकृत किया गया है।

साध्वी की मौत पर उठे सवाल

■ पीटीआई, जोधपुर: जोधपुर में 25 वर्षीय साध्वी की संदिग्ध हालात में मौत के बाद श्रद्धालुओं ने निष्पक्ष जांच की मांग की। पुलिस के अनुसार, उन्हें बुखार था। आश्रम में दवा व इंजेक्शन देने के बाद वह गिर पड़ीं। पिता अस्पताल ले गए, जहां मृत घोषित किया गया। इंस्टाग्राम पर मौत के बाद दिखे कथित स्यूसाइड नोट से मामला उलझा। पुलिस ने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से कार्रवाई होगी।

फैमिली ट्रस्ट विवाद पर हाई कोर्ट सख्त

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट ने दिवंगत उद्योगपति संजय कपूर की मां रानी कपूर की याचिका पर उनकी पत्नी प्रिया कपूर और अन्य को समन जारी किया। रानी ने 2017 में बने 'आरके फैमिली ट्रस्ट' को जाली दस्तावेजों पर आधारित बताते हुए अमान्य घोषित करने की मांग की। कोर्ट ने अंतरिम यथास्थिति से इनकार किया।

UGC के नए रेगुलेशन के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पूछा सवाल

समाज के रूप में हम पीछे जा रहे? : SC

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : UGC के नए रेगुलेशन पर सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) ने अलग-अलग जातियों के लिए अलग हॉस्टल पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा, 'भगवान के लिए, ऐसा मत कीजिए। हम सब साथ रहते थे। अंतरजातीय विवाह भी होते हैं।' उन्होंने सवाल किया कि जाति-विहीन समाज की दिशा में हमने जो कुछ भी हासिल किया है, क्या अब उससे पीछे जा रहे हैं? जस्टिस बागची ने कहा कि भारत की एकता शैक्षणिक संस्थानों में दिखनी चाहिए। अनुच्छेद 15(4) राज्य को SC/ST के लिए विशेष कानून बनाने की शक्ति देता है, लेकिन यदि 2012 के विनियम अधिक व्यापक और समावेशी नीति की बात करते थे, तो संरक्षणात्मक और सुधारात्मक ढांचे में पीछे क्यों जाया जाए? CJI ने टिप्पणी की कि अनुसूचित जातियों में भी ऐसे लोग हैं, जो आर्थिक रूप से समृद्ध हो चुके हैं।

अगले आदेश तक लागू रहेंगे 2012 के रेगुलेशन: बेंच ने रेगुलेशन को लेकर कुछ मुद्दों को रेखांकित किया, जिसमें कहा गया कि प्रावधान अस्पष्ट है और उनका दुरुपयोग किया जा सकता है। जब भेदभाव की परिभाषा सभी प्रकार के भेदभाव को समाहित करती है, तो जाति-आधारित भेदभाव को अलग से परिभाषित करने की जरूरत क्यों है? सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि 2026 के रेगुलेशन को स्थगित रखा जाता है। संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत, हम निर्देश देते हैं कि 2012 के रेगुलेशन अगले आदेश तक लागू रहेंगे। बेंच ने यूजीसी के रेगुलेशन की दोबारा समीक्षा का सुझाव दिया और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा, 'हम आपकी प्रतिक्रिया चाहते हैं। बुधवार को हम कोई आदेश पारित नहीं करना चाहते। कोई समिति होनी चाहिए, जिसमें प्रख्यात जूरिस्ट (विशेषज्ञ) हों। इसमें 2-3 लोग, जो सामाजिक मूल्यों और समाज की समस्याओं को समझते हों। अगर हम ऐसा ढांचा बनाते हैं, तो परिसर के बाहर लोग कैसा व्यवहार करेंगे, इन बातों पर उन्हें विचार करना चाहिए।'

2019 में याचिका क्यों और हुआ क्या था? दरअसल, UGC ने नया रेगुलेशन 2019 में सुप्रीम कोर्ट में दायर एक जनहित याचिका के बाद बनाया था। याचिका रोहित वेमुला और पायल तडवी की माताओं राधिका वेमुला और आबेदा सलीम तडवी ने दाखिल की थी।

याचिकाकर्ताओं ने क्या दीं दलीलें?

याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश एडवोकेट विष्णु शंकर जैन ने रेगुलेशन 3(1)(c) में दी गई जाति-आधारित भेदभाव की परिभाषा का हवाला दिया। इसमें कहा गया है, 'अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के सदस्यों के विरुद्ध केवल जाति या जनजाति के आधार पर किया गया भेदभाव।' एडवोकेट जैन ने दलील दी कि इस परिभाषा में सामान्य श्रेणी के लोगों के खिलाफ होने वाले भेदभाव को शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि चूंकि पहले से ही भेदभाव की परिभाषा है तो जाति-आधारित भेदभाव की अलग परिभाषा की जरूरत नहीं थी। जैन ने तर्क दिया कि यह प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करता है और उन्होंने विनियम 3(1)(c) पर रोक लगाने की मांग की।

CJI बोले CJI ने सवाल किया कि क्या 3(e) सभी भेदभाव को कवर करेगा? दक्षिण भारत का कोई छात्र उत्तर भारत के संस्थान में एडमिशन लेता है या इसके विपरीत, और उसके खिलाफ व्यंग्यात्मक, अपमानजनक या humiliating टिप्पणियां की जाती हैं, जबकि पीड़ित और आरोपियों की जाति पहचान ज्ञात नहीं है तो क्या यह प्रावधान (3e) उस स्थिति को संबोधित करेगा? जैन ने कहा, हां।

की टिप्पणी CJI ने यह भी टिप्पणी की कि अनुसूचित जातियों के भीतर भी ऐसे लोग हैं, जो आर्थिक रूप से समृद्ध हो चुके हैं। उन्होंने सॉलिसिटर जनरल से पूछा कि हमने जातिविहीन समाज की दिशा में जो कुछ भी हासिल किया है, क्या हम अब फिर से पीछे की ओर जा रहे हैं?

नियमों के विरोध में प्रदर्शन जारी

PTI
लखनऊ में गुरुवार को UGC के नियमों के खिलाफ प्रदर्शन करते स्वर्ण समाज और ब्राह्मण परिवार के सदस्य।

नए नियम के बचाव में दलील

2019 में जिस जनहित याचिका के बाद नए नियम बने हैं, उसकी सुनवाई में पेश होने वाली सीनियर वकील इंदिरा जयसिंह ने इनका बचाव किया। हालांकि, पीठ ने उनके समक्ष भी अपनी चिंताएं रखीं। CJI सूर्यकांत ने कहा, 'विनियमों की भाषा पहली नजर में पूरी तरह अस्पष्ट है और दुरुपयोग की संभावना है। किसी विशेषज्ञ के माध्यम से इनके पुनर्गठन (remodulation) की सलाह दी जा सकती है।

नए नियम की जरूरत क्यों?

जस्टिस बागची ने भी पूछा कि जब विनियम 3(1)(e) पहले से मौजूद है, तो 3(1)(c) की क्या जरूरत? 'हम विश्वविद्यालयों में स्वतंत्र और समान वातावरण बनाना चाहते हैं। जब 3(e) पहले से लागू है, तो 3(c) कैसे प्रासंगिक होता है? CJI सूर्यकांत ने कहा कि ये विनियम 'समाज को विभाजित करने' का प्रभाव डालते हैं। समाज को बांट देगा और इसका बहुत खतरनाक प्रभाव पड़ेगा।'

नए रेगुलेशन के खिलाफ तीन याचिकाएं

सुप्रीम कोर्ट में नए रेगुलेशन की धारा-3(सी) को चुनौती देते हुए 3 याचिकाएं दायर की गई हैं। इनमें कहा गया है कि इस धारा के जरिये जाति-आधारित भेदभाव से जो संरक्षण दिया गया है, वह समावेशी नहीं है। धारा- 3(सी) के अनुसार जाति-आधारित भेदभाव का अर्थ है अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के सदस्यों के विरुद्ध केवल जाति या जनजाति के आधार पर किया गया भेदभाव। ये याचिकाएं मृत्युंजय तिवारी, अधिवक्ता विनीत जिंदल और राहुल दीवान ने दायर की हैं।

कौन बनाएगा कमिटी, अभी साफ नहीं

Bhupender.Sharma@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने देश के जाने-माने कानूनी जानकारों की कमिटी बनाने का सुझाव दिया है, जो यूजीसी रेगुलेशन में जरूरी बदलावों को लेकर काम करेगी। अब सवाल यह है कि कमिटी कैसे बनेगी? शिक्षा मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश को स्टडी करने के बाद फैसला लिया जाएगा। अगली सुनवाई के बाद ही कमिटी की रूपरेखा तय होने की उम्मीद है। क्योंकि, अभी तय नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट कमिटी बनाएगा या मंत्रालय को कमिटी के सदस्यों के नाम तैयार कर कोर्ट से मंजूरी लेनी होगी। कमिटी किन-किन बिंदुओं पर विचार करेगी, यह भी सवाल है। अगली सुनवाई के दौरान ही इन सभी सवालों के जवाब सामने आएंगे। अब जो नई कमिटी बनेगी, उसे 2012 के रेगुलेशन, कमिटी की रिपोर्ट, ड्राफ्ट रेगुलेशन और फाइनल नियम की समीक्षा करनी होगी।

सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई के बाद तैयार होगी इसकी रूपरेखा

सुप्रीम फैसले से क्या कम होगी BJP की चुनौती?

Poonam.Pandey@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : यूजीसी के नए नियम पर सुप्रीम रोक के बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या इससे बीजेपी की चुनौती कम होगी? बीजेपी और कांग्रेस दोनों दलों के नेता सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत कर रहे हैं। लेकिन, यूजीसी के नए नियम का विरोध करने वाले संगठन और स्टूडेंट्स सिर्फ रोक से संतुष्ट नहीं हैं। वे अपनी लड़ाई जारी रखने की बात कर रहे हैं। यूजीसी के नए नियम बीजेपी के लिए गले की फांस बनता दिख रहा है।

> विरोध करने वाले लोग सिर्फ रोक से नहीं है संतुष्ट

लड़ाई जारी रखने की बात: सुप्रीम कोर्ट के स्टे का स्वागत करते हुए करणी सेना से लेकर परशुराम सेना तक और अलग-अलग ब्राह्मण समाज के संगठन कह रहे हैं कि यह सिर्फ आधी जीत है। जब तक नियम वापस नहीं ले लिए जाते, लड़ाई जारी रहेगी। इसका संदेश साफ है कि बीजेपी की चुनौती सुप्रीम कोर्ट के स्टे से कम नहीं हो रही है। अलबत्ता, स्टे के बाद एससी-एसटी और ओबीसी समुदाय के संगठन भी विरोध की तैयारी कर रहे हैं।

सरकार का क्या स्टैंड होगा? अगर सरकार नियमों को सही बताती है तो जनरल कैटिगरी के विरोध का स्वर तेज हो सकता है। नियमों को वापस लेने की बात करती तो एससी, एसटी, ओबीसी का विरोध झेलना पड़ सकता है। आरएलपी के सांसद हनुमान बेनीवाल का कहना है कि अगर सरकार अपना स्टैंड बदलती है तो संदेश जाएगा कि उसी ने यह करवाया था। अपने स्टैंड पर टिकी रहेगी तो सरकार की मजबूती का संदेश जाएगा। एक तरफ जहां बीजेपी स्टे का क्रेडिट अपने नेताओं को दे रही है तो वहीं वहीं सोशल मीडिया पर विरोध कर रहे लोग इस पर सवाल उठा रहे हैं।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

विपक्ष तो घेरेगा

यूजीसी के नियम सरकार और बीजेपी के गले की फांस बनते दिख रहे हैं। विपक्ष के लोग जहां इन नियमों को असंवैधानिक बता रहे हैं या और चर्चा की जरूरत बता रहे हैं तो वहीं विपक्ष सरकार पर वार के लिए तैयार है। अगर सरकार नियमों को पूरा वापस लेती है तो भी विपक्ष को मुद्दा मिलना तय है। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सही किया। साथ ही यह भी जोड़ दिया कि वक्फ कानून के लिए भी बहुत से प्रावधान पर कोर्ट ने रोक लगाई, एसआईआर पर भी कई चीजें बदलीं, संविधान सबको मानना पड़ेगा। तुगलकी राज नहीं चलेगा।

अखिलेश, मायावती ने किया स्वागत

'सच्चा न्याय किसी के साथ अन्याय नहीं होता है, कोर्ट यही सुनिश्चित करता है। बात सिर्फ नियम नहीं, नीयत की भी होती है। न किसी का उत्पीड़न हो, न किसी के साथ अन्याय, न किसी पर जुल्म, न नाइंसाफी। *-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी*

तनाव भरे हालात को मद्देनजर रखते हुए सुप्रीम कोर्ट का यूजीसी के नए नियम पर रोक लगाने का फैसला उचित है। अगर यूजीसी नए नियम लागू करने से पहले सभी पक्ष को विश्वास में लिया होता, तो ये हालात ही नहीं बनते। *-मायावती, बीएसपी प्रमुख*

SC का निर्देश, वांगचुक की मेडिकल जांच कराएं

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की विशेषज्ञ डॉक्टर से मेडिकल जांच कराने का निर्देश दिया। वांगचुक ने पानी की खराब गुणवत्ता के कारण पेट से जुड़ी समस्याओं की शिकायत की थी। 59 वर्षीय सोनम वांगचुक इस समय जोधपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। जस्टिस अरविंद कुमार की अगुआई वाली बेंच ने जेल प्रशासन को यह भी निर्देश दिया कि वांगचुक की मेडिकल रिपोर्ट सोमवार तक सीलबंद लिफाफे में अदालत में पेश की जाए।

> सोनम वांगचुक ने 'सरकार उखाड़ फेंकने' वाली टिप्पणी से जुड़े आरोप नकारे :

वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंग्मो की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अदालत को बताया कि उन्हें साप्ताहिक जांच की सुविधा दी जाए और जो पानी हम उपलब्ध कराते हैं, वही उन्हें दिया जाए। इस पर राजस्थान सरकार के वकील ने कहा कि पिछले चार महीनों में जेल डॉक्टर उनकी 21 बार जांच कर चुके हैं। इसके बावजूद, शीर्ष अदालत ने कहा कि वांगचुक को गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट जैसे किसी विशेषज्ञ डॉक्टर की जांच की आवश्यकता है। राजस्थान सरकार के वकील ने अदालत को यह भी बताया कि वांगचुक को विटामिन बी12 लेने की सलाह दी गई है और उनकी ताजा मेडिकल रिपोर्ट में कोई गंभीर समस्या सामने नहीं आई है।

वहीं, सोनम वांगचुक ने गुरुवार को उन आरोपों का खंडन किया कि उन्होंने 'अरब स्प्रिंग' की तरह सरकार को उखाड़ फेंकने वाला बयान दिया था। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ के समक्ष यह तर्क दिया कि पुलिस ने हिरासत में भेजने वाले प्राधिकारी को गुमराह करने के लिए चुनिंदा विडियो का सहारा लिया है।

HC का 'द बैड्स ऑफ बॉलिवुड' पर सुनवाई से इनकार

■ भाषा, नई दिल्ली : दिल्ली हाई कोर्ट ने 'द बैड्स ऑफ बॉलिवुड' सीरीज के खिलाफ दायर मानहानि के मुकदमे पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि शाहरुख खान के स्वामित्व वाली रेड चिलीज एंटरटेनमेंट प्रा. लि. की इस सीरीज के खिलाफ IRS अधिकारी समीर वानखेड़े के मानहानि के मुकदमे की सुनवाई इसके न्याय क्षेत्र के दायरे में नहीं आता। सभी पक्षकार मुंबई में रहते हैं और कथित अपराध भी वहीं हुआ। इसलिए मुंबई की अदालतों के पास इस तरह की याचिका पर सुनवाई करने का अधिकार है। इस मामले पर अधिकार क्षेत्र रखने वाली अदालत के समक्ष वानखेड़े याचिका दायर कर सकते हैं। वानखेड़े के अनुसार, सीरीज में "मानहानिकारक सामग्री" उनसे व्यक्तिगत दुश्मनी निकालने और मादक पदार्थ तस्करी मामले में शाहरुख के बेटे की गिरफ्तारी का बदला लेने के इरादे से डाली गई थी। वहीं, कंपनी का कहना है कि सीरीज में हिंदी फिल्म उद्योग के विभिन्न विवादों, नए ऐक्टर्स के संघर्षों को व्यंग्य व पैरोडी में पेश किया गया है।

भारत से फलस्तीन को हैं उम्मीदें : वर्सेन

Alpyu.Singh
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : भारत-अरब देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में दिल्ली आईं फलस्तीन की विदेश मंत्री वर्सेन शाहीन अघाबेकियन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उनका देश भारत की ओर उम्मीदों से देख रहा है। दोनों पक्षों के साथ संबंधों और इंटरनैशनल रूल ऑर्डर में प्रतिबद्धता के चलते भारत ऐसी स्थिति में है कि वह इस्राइल और फलस्तीन के बीच एक पुल, वार्ताकार और मध्यस्थ की भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा ही टू स्टेट सॉल्यूशन और फलस्तीन के लोगों के आत्मनिर्णय के अधिकार के साथ खड़ा रहा है।

उन्होंने कहा कि वह गाजा के पुनर्निर्माण में भारत की मदद भी चाहते हैं। उन्होंने मानवीय सहायता, इन्फ्रास्ट्रक्चर और एजुकेशन जैसे क्षेत्रों में भारत की मदद को सराहा। साथ ही भारत और इस्राइल के बीच संबंधों के अतीत को भी दोहराया। उन्होंने फलस्तीन डिप्लोमैटिक इंस्टिट्यूट बनाने में भारत की मदद का जिक्र भी किया।

बोर्ड ऑफ पीस का किया स्वागत

वर्सेन शाहीन अघाबेकियन

अघाबेकियन बोर्ड ऑफ पीस पहल का समर्थन किया। कहा कि फलस्तीन ऐसा रास्ता चाहता है, जो पुनर्निर्माण और ऐसे राजनीतिक समाधान की ओर लेकर जाए, जो फलस्तीन का निर्माण करे। हमास को आगे में चुनाव में हिस्सा लेने की इजाजत दी जाएगी, इसके जवाब में उन्होंने कहा कि हमास को राजनीति में शामिल होना है तो पैलेस्टाइन लिबरेशन फ्रंट में आना होगा। हमास के कथित तौर पर आतंकी लिंक को लेकर कहा कि फलस्तीन हर तरह के आतंकवाद का विरोध करता है।

मार्च में बजनी थी शहनाई, सभी को रोता छोड़कर चली गईं शांभवी

■ मेघना भूलिया/देवांशी मेहता, नई दिल्ली: घर में शादी की बातें चल रही थीं। मार्च में शहनाई की जगह तय हो रही थी, लेकिन बारामती के क्रैश ने खुशहाल भविष्य के सपनों को पलभर में खाक कर दिया। हादसे में एनसीपी नेता अजित पवार के साथ जान गंवाने वालों में 25 साल की को-पायलट शांभवी पाठक भी थीं। जिसे माता-पिता हंसी-खुशी विदा करने की तैयारी कर रहे थे, उसी बेटी की गुरुवार को अर्थी उठानी पड़ी। दिल्ली के सफदरजंग एनक्लेव में ए-1 ब्लॉक स्थित हाउस नंबर 313 में गृह प्रवेश होना था। नए घर में सामान पूरी तरह खुला भी नहीं था। अब वहां हर दीवार पर मातम पसरा है। शांभवी के पिता वायुसेना में पायलट थे। छोटा भाई नेवी में है। मां एयरफोर्स बाल भारती स्कूल में टीचर हैं। इसी स्कूल से शांभवी ने भी 12वीं पास की थी। स्कूल में आज भी शांभवी को ऐसी शख्सियत के रूप में याद किया जाता है, जो आत्मविश्वास और गर्मजोशी से भरी, लीडरशिप से भरपूर शांभवी के रूप में याद करते हैं।

> शांभवी की लीडरशिप क्वॉलिटी याद करती हैं टीचर

PTI
दिल्ली में सफदरजंग एनक्लेव की शांभवी का गुरुवार को अंतिम संस्कार हुआ। मां (बीच में) समेत परिजनों ने कहा- हमारी दुनिया उजड़ गई।

दोस्त बोले, हमेशा मदद को तैयार थे सुमित

■ नवीन निश्चल, नई दिल्ली: महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार के विमान की कमान संभालने वाले कैप्टन सुमित कपूर को बड़ी तादाद में लोगों ने अंतिम विदाई दी। वह वेस्ट दिल्ली के राजौरी गार्डन इलाके के एम ब्लॉक के रहने वाले थे। सुमित के पड़ोसी अरविंद कुमार ने बताया कि सुमित बहुत अच्छे पायलट तो थे ही, बहुत अच्छे इंसान भी थे। जब भी RWA की मीटिंग होती थी, तो जरूर आते थे। जरूरी सुझाव देने में आगे रहते थे। सुमित के मित्र नरेश ने बताया कि वह मिलनसार थे और हमेशा मदद को तैयार रहते थे।

फैसला सुरक्षित हाइवे निर्माण से जुड़े ठेकेदारों से गौशाला बनाने पर विचार करने को कहा

रोज़ 100 स्ट्रे डॉग्स की नसबंदी ऐसा, जैसे घास के ढेर में सूई खोजना: SC

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि पंजाब सरकार का रोज 100 स्ट्रे डॉग्स की नसबंदी करना नाकाफी है, यह ऐसा है जैसे घास के ढेर में सुई को खोजना। जस्टिस विक्रम नाथ की अगुआई वाली बेंच ने डॉग्स के पुनर्वास और नसबंदी से जुड़े 7 नवंबर के आदेश में संशोधन की मांग वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया। साथ ही पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु द्वारा अदालत के निर्देशों के पालन को लेकर नाराजगी जताई।

AI Image

अदालत ने नैशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया से कहा कि वह हाइवे निर्माण से जुड़े ठेकेदारों से हर 50 किलोमीटर पर गौशालाएं बनाने पर विचार कर सकता है।

कोर्ट ने ऐप बनाने का भी दिया निर्देश

सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने नैशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से पेश वकील से यह भी कहा कि एक ऐसा मोबाइल ऐप बनाए, जिसके जरिए लोग NH पर आवारा पशुओं की मौजूदगी की सूचना दे सकें। कोर्ट ने 7 नवंबर 2025 को स्टेट हाइवे, नैशनल हाइवे और एक्सप्रेसवे से सभी आवारा जानवरों को हटाने के निर्देश दिए थे।

थरूर ने राहुल-खरगे से की मुलाकात, बोले- सब साथ हैं

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर ने गुरुवार को लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर बैठक की फोटो शेयर कर कहा, सब साथ हैं। लंबे समय से पार्टी नेतृत्व से उनकी नाराजगी की खबरें आ रही थीं। संसद भवन स्थित कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के कार्यालय में हुई यह मुलाकात काफी देर तक चली।

मुलाकात के बाद शशि थरूर ने साफ शब्दों में कहा कि पार्टी में सब कुछ ठीक है और सभी नेता एकजुट होकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने इस बातचीत को बहुत अच्छी, सार्थक और सकारात्मक बताया। थरूर ने कहा कि मेरी पार्टी के दो शीर्ष नेताओं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ हमारी बातचीत हुई। यह रचनात्मक और सकारात्मक चर्चा थी। अब सब कुछ ठीक है और हम सब एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

उन्होंने नाराजगी की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि वह हमेशा पार्टी के लिए प्रचार करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। केरल विधानसभा चुनाव के दौरान प्रचार को लेकर पूछे गए सवाल पर थरूर ने कहा कि मैंने हमेशा प्रचार किया है और आगे भी करता रहूंगा।

सीएम पद की अटकलों पर विराम: केरल में मुख्यमंत्री पद के दावेदार के रूप में देखे जाने की चर्चाओं को भी शशि थरूर ने सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री पद उनके लिए कभी मुद्दा ही नहीं रहा। थरूर ने कहा कि मुख्यमंत्री पद को लेकर कभी कोई बात नहीं हुई।

PTI
लंबे समय से पार्टी नेतृत्व से नाराजगी की खबरें आ रही थीं। संसद भवन स्थित खरगे के ऑफिस में मुलाकात हुई।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 30-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP2 User: cci Time: 01-29-2026 22:47 Color:

अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को देवेंद्र फडणवीस सरकार में उपमुख्यमंत्री बनाने की सुगबुगाहट तेज हो गई है। -p3

पुलिस के अनुसार, 26 जनवरी की रात करीब 10.50 बजे एक महिला ने मुंबई पुलिस के एक्स अकाउंट पर मदद की गुहार लगाई थी। -p4

169
रहा मुंबई का AQI गुरुवार को, जो अनहेल्दी है।

33
अधिकतम तापमान दर्ज किया गया गुरुवार को। दिनभर कड़ी धूप रही।



सड़कों पर पड़े कचरे की दुर्गंध से लोगों का चलना मुश्किल

366 करोड़ का स्वच्छता बजट, फिर भी वसई-विरार में है गंदगी

वसई पूर्व, सातीवली



नालासोपारा पूर्व के गोराई पाड़ा में कचरे के अंबार से लोगों को सड़क से आने-जाने में परेशानी होती है।

मुद्दा पब्लिक का

सड़कों पर सड़े हुए कचरे की तेज दुर्गंध से राहगीरों का चलना दूभर हो गया है। जनता का कहना है कि बजट में इतनी भारी भरकम रकम होने के बाद भी शहर की साफ-सफाई सिर्फ कागजों पर सिमट जाती है।

तीस लाख की आबादी क्षेत्र वाली वसई-विरार मनपा हमेशा अपने कामकाज को लेकर सुर्खियों में रहती है। यहां की जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए सालों से संघर्ष कर रही है, मगर जनता को सुविधाएं नसीब नहीं हो रही हैं। लोग हर बारिश में सड़कों के गड्ढे, कीचड़ और जलभराव से परेशानी झेलती हैं। मनपा के स्वच्छता विभाग की लापरवाही और जन प्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण शहर में गंदगी और कचरे के अंबार लगे हुए हैं। मनपा के सफाई कर्मचारी कई स्लम इलाकों और कई सोसायटियों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे रोजाना निकलने वाला कचरा लोग आसपास खुली जगहों एवं सड़कों पर फेंकने के लिए मजबूर हो गए हैं। जगह-जगह पड़ा कचरा सड़ जाने से उससे तेज दुर्गंध आती है, जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इससे लोगों में तरह-तरह की बीमारियां फैलने का खतरा मंडराता रहता है। हाल ही में डेंगी से तीन लोगों की मौत भी हो चुकी है।

■ **सुरेंद्र नेगी, वसई :** पिछले दिनों संपन्न हुए मनपा चुनाव के दौरान उम्मीदवारों के विकास के वादे और दावे वसई-विरार में हवा-हवाई साबित हो रहे हैं। यहां पनप रही तरह-तरह की जन समस्याओं की वजह से मनपा की कार्यप्रणाली और जन प्रतिनिधियों द्वारा किए गए वादों पर कई सवाल उठने लगे हैं। चुनाव में राजनीतिक दलों ने शहर की साफ-सफाई के साथ अन्य बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने की बात कही थी, लेकिन वर्तमान में शहर का ऐसा कोई कोना नहीं है, जहां कचरे के ढेर न लगे हों। VVMC (मनपा) के स्वच्छता विभाग में साल भर की बजट राशि सुनकर लोग हैरान रह जाते हैं। यहां साफ-सफाई, गटर, नालों की सफाई, C&D वेस्ट, ग्रीन वेस्ट, बायोगैस प्रकल्प, मटेरियल रिकवर फैसिलिटी पर एक साल का 366 करोड़ 6 लाख रुपये का बजट है। इसके बाद भी शहर में गंदगी पनपती रही है। शहर की

VVMC की लापरवाही पर खड़े हो रहे सवाल, कचरे से बीमारियों का खतरा

दो-तीन दिन कचरा नहीं उठाने से समस्या

गली-मोहल्लों से लेकर मुख्य सड़कों पर दो से तीन दिन कचरा नहीं उठाए जाने से उसमें सड़न आ जाती है। कचरे से निकलने वाली तेज दुर्गंध राहगीरों के लिए मुसीबत बन जाती है। इससे न सिर्फ नागरिकों का स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है, बल्कि इससे पर्यावरण और जानवर भी अछूते नहीं हैं। वहीं, नागरिकों का कहना कि पिछले दिनों मनपा चुनाव के दौरान जन प्रतिनिधियों ने जनता से बड़े-बड़े वादे किए थे कि शहर की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, लेकिन वादे और बजट राशि सिर्फ कागजों पर सिमटी है। वसई पूर्व, भोयदापाड़ा के डंपिंग ग्राउंड की प्रक्रिया सालों से अधर में लटकी हुई है, जिसकी वजह से डंपिंग के आसपास की जनता को धुएं, गंदगी और दुर्गंध में सांस लेना भारी पड़ रहा है।

शहर में नियमित समय पर कचरा और साफ-सफाई की जा रही है। कुछ जगहों पर कचरा उठाने के बाद लोग घरों का कचरा सड़कों पर फेंक देते हैं। यह समस्या स्लम इलाकों में अधिक हो रही है।
- अर्चना दिवे, उपायुक्त, स्वच्छता विभाग, VVMC

शहर में रोजाना कचरा नहीं उठाया जा रहा है। कुछ जगहों पर दो से तीन दिन में कचरा उठाने वाली गाड़ी आती है। कचरा जमा होने से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इस बारे में मैंने स्वच्छता विभाग को पत्र देकर रोजाना साफ-सफाई करने और कचरा उठाने की मांग की है।
- पंकज पाटील, नगरसेवक

स्वच्छता पर करोड़ों रुपये का बजट खर्च करने के बाद भी शहर में चारों तरफ गंदगी पसरी है। इससे शहर में मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है और नागरिकों में बीमारियां फैल रही हैं। जन प्रतिनिधियों और प्रशासन को इस गंभीर समस्या का हल निकालना चाहिए। यहां स्वच्छ भारत अभियान के साथ अनदेखी की जा रही है।
-चंद्रशेखर गुप्ता, स्थानीय निवासी, नालासोपारा

मीरा-भाईंदर फ्लाईओवर बनेगा ऐक्सीडेंट का स्पॉट, एक्सपर्ट्स ने उठाए सवाल

MMRDA की कार्य प्रणाली पर चिंता, डिजाइन है खतरनाक

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) की ओर से मीरा-भाईंदर फ्लाईओवर को एक पॉइंट पर चार लेन से दो लेन करने को एक्सपर्ट्स ने भविष्य का ऐक्सीडेंट स्पॉट करार दिया है। एक्सपर्ट ने फ्लाईओवर के लेन को लेकर एमएमआरडीए की सफाई को गलती छुपाने वाला करार दिया है। ट्रैफिक एक्सपर्ट ए.वी. शेनॉय के अनुसार, किसी भी सड़क की अचानक चौड़ाई कम होने से वह स्पॉट ऐक्सीडेंट का हॉट स्पॉट हो जाता है। प्रशासन की लापरवाही की वजह से मीरा भाईंदर फ्लाईओवर भी भविष्य में ऐक्सीडेंट और ट्रैफिक जाम का एक बड़ा स्पॉट बन सकता है। सायरस मिस्त्री की दुर्घटना ऐसे ही सड़क पर हुई थी। शेनॉय के मुताबिक, एमएमआरडीए अब भविष्य में आगे का फ्लाईओवर बनाने की बात कह रही है। क्या निर्माण कार्य शुरू करते वक्त प्राधिकरण को यह बात नहीं पता थी। अगर पता थी तो प्रॉजेक्ट के आरंभ में ही जमीन हासिल कर करने के लिए क्या कदम उठाए यह बताना चाहिए।

ट्रैफिक एक्सपर्ट जगदीश देसाई के अनुसार, फ्लाईओवर का लेन कम कर एमएमआरडीए ने मुंबई में एक्सीडेंट का और एक स्पॉट तैयार कर दिया है। खतरनाक डिजाइन की वजह से यहां अब हर वक्त ट्रैफिक जाम और एक्सीडेंट होते रहेंगे। सभी लेन के लिए पूरी जमीन हासिल करने के बाद ही एमएमआरडीए को काम शुरू करना चाहिए था।



सड़क की चौड़ाई कम होने से आने वाले समय में यहां दुर्घटनाएं होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, ऐसे में ट्रैफिक जाम की समस्या भी तकलीफदेह हो सकती है।

'इतनी बड़ी चूक की उम्मीद नहीं थी'

एक्सपर्ट आनंद गुप्ता के मुताबिक, समुद्र पर देश का सबसे लंबा ब्रिज तैयार करने वाली संस्था से डिजाइन इतनी बड़ी चूक की उम्मीद नहीं थी। एमएमआरडीए की तरफ से अब केवल गलती छुपाने का काम चल रहा है। एमएमआरडीए के जरूरत बड़े आर्किटेक्चर से फ्लाईओवर का डिजाइन तैयार कराया होगा। डिजाइन की बाद में जांच हुई होगी। वहीं काम शुरू करने के पहले ही डिजाइन पर चर्चा हुई होगी। अगर उस वक्त किसी भी फ्लाईओवर के डिजाइन में किसी को कोई खामी नजर नहीं आई तो एमएमआरडीए को अपनी कार्य प्रणाली में बड़ा बदलाव करने की जरूरत है। जनता के पैसे से जनता की सहूलियत के लिए फ्लाईओवर बनते हैं, अब यह फ्लाईओवर लोगों के लिए मुसीबत साबित होगा।

ST बस चलाने से पहले ड्राइवर का ब्रीद एनालाइजर टेस्ट ज़रूरी

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** बीते दिनों ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर और ST कॉर्पोरेशन के चेयरमैन प्रताप सरनाईक ने परेल बस स्टैंड का सरप्राइज विजिट किया था। उस दौरान उन्होंने ड्राइवर-कंडक्टर रेस्ट रूम में कई जगहों पर शराब की खाली बोतलें देखीं। कुछ कर्मचारी भी शराब पिए हुए पाए गए। इस वजह से अब मिनिस्टर ने राज्य के सभी डिपो में ड्यूटी पर जाने से पहले ड्राइवरों का ब्रीद एनालाइजर टेस्ट जरूरी करने का निर्देश दिया है। स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन हेडक्वार्टर की ओर से ड्यूटी के दौरान शराब पीने वाले ST ड्राइवरों के खिलाफ सख्त और तुरंत कार्रवाई करने के साफ निर्देश दिए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, एसटी के मैकेनिकल इंजीनियर (मोबिलिटी) डिपार्टमेंट के जरिए सभी डिपार्टमेंट कंट्रोलर, डिपार्टमेंटल वर्कशॉप और संबंधित अधिकारियों को एक सर्कुलर के जरिए निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों के अनुसार, अब यह पक्का करना और जरूरी कर दिया गया है कि ड्राइवर ने ड्यूटी पर जाने से पहले शराब नहीं पी है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

यात्री सुरक्षा अहम: ड्राइवरों के ब्रीद एनालाइजर टेस्ट कराने का फैसला यात्री सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। बीते दिनों ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां ड्राइवर के दारू पीने की वजह से बस का एक्सीडेंट हुआ है। रफ ड्राइविंग के भी कई मामले सामने आए थे। यह फैसला ड्रिंक ऐंड ड्राइव करने वाले ड्राइवरों पर लगाम लगाने में मदद करेगा।

अब डिपो मैनेजर ऐसे मामलों को खुद वेरिफाई करेंगे और संबंधित ड्राइवरों के खिलाफ नियमों के मुताबिक तुरंत डिसिप्लिनरी एक्शन लेंगे। इसके साथ ही हेडक्वार्टर द्वारा सरप्राइज चेक किए जाएंगे।

गणतंत्र दिवस पर महाराष्ट्र की झांकी रही अव्वल

PTI



■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** गणतंत्र दिवस के मौके पर दिल्ली में हुए समारोह में महाराष्ट्र की झांकी को प्रथम स्थान मिला है। नतीजों की आधिकारिक घोषणा केंद्र सरकार ने की। इसमें जम्मू-कश्मीर और केरल राज्यों ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया है। इस साल गणतंत्र दिवस में महाराष्ट्र की ओर से 'गणेशोत्सवः आत्मनिर्भरता का प्रतीक' के कॉन्सेप्ट पर आधारित झांकी पेश की गई थी। इस झांकी के जरिए महाराष्ट्र की समृद्ध लोक संस्कृति, गणेशोत्सव की सामाजिक विरासत और इससे मिलने वाले आर्थिक रोजगार और आत्मनिर्भरता के संदेश को बहुत असरदार तरीके से पेश किया गया था। झांकी में गणेश की भव्य मूर्ति, पारंपरिक ढोल-ताशा ग्रुप और अन्य कलाकारों के जोश पर मौजूद लोगों ने तालियां बजा कर हौसला अफजाई की थी। इस शानदार परफॉर्मेंस की वजह से जजों ने महाराष्ट्र की झांकी को राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की कैटेगरी में प्रथम स्थान के लिए चुना।

'गणेशोत्सवः आत्मनिर्भरता का प्रतीक' के कॉन्सेप्ट पर थी झांकी

दो गड़बड़ियों की वजह से CR पर दिन भर लेट चली लोकल

सिग्नल में खराबी, पॉइंट फेलियर से सेवाएं प्रभावित

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** गुरुवार की सुबह मध्य रेलवे (CR) पर 2 समस्याओं (सिग्नल सिस्टम में खराबी और पॉइंट फेलियर) की वजह से पूरे दिन लोकल सर्विस प्रभावित रही। सुबह के सत्र में दोनों (अप-डाउन) तरफ की लोकल ट्रेनें करीब 25 से 30 मिनट लेट चल रही थीं। साथ ही CSMT की ओर जाने वाली मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें भी देरी से अपने निर्धारित गंतव्य पर पहुंचीं। इस वजह से यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

CSMT में पॉइंट मशीन में खराबी की वजह से सुबह 9:53 बजे से 10:07 तक सर्विस रोकी गई थी और उस दौरान सका मरम्मत किया गया। इस खराबी की वजह से प्लेटफॉर्म नंबर 3 और 4 से 14 मिनट तक एक भी लोकल ट्रेन नहीं निकली। 5 से 6 लोकल ट्रेनें देरी से निकलीं और कुछ ट्रेनें कैंसिल भी की गईं। सीनियर अधिकारी ने बताया कि भायखला स्टेशन पर सिग्नल सिस्टम में तकनीकी खराबी थी। सुबह CSMT जाने वाली तुतारी एक्सप्रेस समेत 8 से 10 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के देर से आने का असर भी रेलवे ट्रैफिक पर पड़ा।

आसान होगा स्टेशनों पर टिकट खरीदना, 332 ATVM लगेंगे

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** मध्य रेलवे (CR) के स्टेशनों पर 332 नई अत्याधुनिक स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) लगाने का टेंडर जारी कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, नई मशीनें करीब 5 महीने में स्थापित की जाएंगी। इनमें से अधिकांश मशीनों को सबअर्बन सेक्शन में लगाया जाएगा, क्योंकि मुंबई में इनकी मांग अन्य जगहों की तुलना में अधिक है। एक अधिकारी ने बताया कि करीब 250 मशीनों को उपनगरीय खंड (मुंबई डिविजन) में स्थापित किया जाएगा। इन अत्याधुनिक मशीनों से टिकट खरीदने की प्रक्रिया आसान और तेज हो जाएगी। हाल ही में पश्चिम रेलवे ने भी 127 नई एटीवीएम मशीन खरीदने का परचेज ऑर्डर निकाला था।

टेंडर जारी किया गया, 5 महीनों में लगाई जाएंगी नई मशीनें

248 मशीनों की कोडल लाइफ समाप्त

मध्य रेलवे मुंबई मंडल के 88 सबअर्बन स्टेशनों पर 803 स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन लगाई गई थीं, जिनमें से 248 एटीवीएम ने अपना कोडल लाइफ पूरा कर लिया है। कुछ स्टेशनों पर नई मशीनें पहले ही चालू कर दी गई हैं। इस पृष्ठभूमि में, रेलवे प्रशासन ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में टिकटिंग बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने के लिए अतिरिक्त नई मशीनें खरीदने का निर्णय लिया है।

फाइन आर्ट्स की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया हुई शुरू

आवेदन की अंतिम तिथि 3 मार्च, प्रवेश परीक्षा 10 अप्रैल को

AI Image

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** राज्य सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईटी) सेल ने फाइन आर्ट की प्रवेश परीक्षा के लिए गुरुवार से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। आवेदन की अंतिम तिथि 3 मार्च है। यह प्रवेश परीक्षा 10 अप्रैल को आयोजित होगी। सीईटी सेल के मुताबिक, इस प्रवेश परीक्षा के जरिए पेंटिंग, स्कल्पचर, टेक्सटाइल डिजाइन, सेरामिक्स, इंटीरियर डिजाइन, मेटल वर्क और अप्लाइड आर्ट जैसे फाइन आर्ट्स कोर्सेस में प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा महाराष्ट्र के विभिन्न केंद्रों पर कंप्यूटर आधारित मोड में होगी।

अपार आईडी जरूरी : इस वर्ष से सीईटी सेल ने स्टूडेंट्स सत्यापन को मजबूत करने के लिए अपार आईडी अनिवार्य कर दी है। दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए यूडीआईडी भी जरूरी होगी। जिन स्टूडेंट्स ने अपार आईडी नहीं बनाई है, वे डिजिलॉकर के जरिए यह आईडी बना सकते हैं।

सीईटी सेल के मुताबिक, इंजिनियरिंग और पैरामेडिकल कोर्स में एडमिशन के लिए एमएच-सीईटी पीसीएम, पीसीबी, एमबीए, एमएमएस, एमसीए, एलएलबी, बीएड, एमएड, डिजाइन, नर्सिंग सहित कई कोर्स की प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू है।

'हिंसा के बावजूद शादी बचाने के लिए महिलाएं करती हैं संघर्ष'

बॉम्बे हाई कोर्ट ने महिलाओं से जुड़ी भारतीय समाज की दुखद सच्चाई पर की टिप्पणी

Krishna.Shukla@timesofindia.com

AI Image

■ **मुंबई:** बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा है कि गंभीर घरेलू हिंसा का सामना करने वाली महिलाएं अक्सर जोखिम उठाकर शादी बचाने और निभाने के लिए संघर्ष करती हैं। यह भारतीय समाज की दुखद सच्चाई है। कोर्ट ने यह टिप्पणी बहू को प्रताड़ित करने के आरोपों का सामना कर रहे सास-ससुर की अग्रिम जमानत अर्जी को खारिज करते हुए की है। एनसीपी से जुड़ा आरोपी शक्कर का व्यापारी है और राजनीतिक रूप से प्रभावशाली व्यक्ति है।

दो आरोपियों को अग्रिम जमानत देने से किया इनकार

निचली अदालत ने दोनों आरोपियों की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया था, इसलिए दोनों ने हाई कोर्ट में बेल के लिए गुहार लगाई थी। जमानत अर्जी में दोनों आरोपियों ने केस को झूठा और बहू के उत्पीड़न के आरोपों को बेबुनियाद बताया था, मगर कोर्ट ने केस के तथ्यों को देखते हुए आरोपियों को राहत देने से इनकार कर दिया। आरोपियों के खिलाफ पुणे के विमानतल पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था। केस में गिरफ्तारी से बचाने के लिए दोनों ने जमानत के लिए अर्जी लगाई थी।

जस्टिस माधव जामदार ने कहा कि ससुराल वालों के क्रूर व्यवहार के खिलाफ महिला के आपराधिक मामले को झूठा या बढ़ा-चढ़ा कर पेश करने वाला केस नहीं कहा जा सकता है। यह एक ऐसा मामला है, जहां महिला ने उत्पीड़न, बदसलूकी, मारपीट, यहां तक कि जीवन के खतरे के बावजूद अपनी शादी बचाने के लिए संघर्ष किया है। दरअसल, रूढ़िवादी माहौल के कारण महिलाएं यदि पति से अलग हो जाती हैं या तलाक ले लेती हैं, तो उन्हें सामाजिक कलंक का सामना करना पड़ेगा। यह भारतीय समाज की वास्तविक सच्चाई है, इसलिए महिलाएं गंभीर खतरे के बावजूद शादी को बचाने के लिए जूझती हैं।

पीड़ित महिला ने लगाया था यातना का आरोप

मौजूदा मामले में महिला ने ससुराल वालों के खिलाफ साल 2025 में एफआईआर दर्ज कराई थी। 22 अगस्त 2023 को महिला की शादी हुई थी। महिला की शादी में करीब दो करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। उसके घर वालों ने 55 तोला सोना और कार दी थी। शिकायत में महिला ने शारीरिक और मानसिक यातना का आरोप लगाया था। उसे गर्भपात के लिए मजबूर किया गया था। जस्टिस जामदार ने पाया कि महिला को इस मामले में भावनात्मक आघात का भी सामना करना पड़ा है, इसके बावजूद उसने शादी को जारी रखने के लिए संघर्ष किया, इसलिए आरोपियों को राहत नहीं दी जा सकती।

मुंबई हलचल

आप हमें 81045 87231 पर जानकारी व्हॉट्सऐप भी कर सकते हैं।

अग्रबंधू महोत्सव में सजी माता की चौकी



अग्रबंधू सेवा समिति मुंबई ने अपने 18वें वार्षिक महोत्सव में माता की चौकी और छप्पन भोग का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत ज्योति प्रज्वलन के साथ हुआ। भजन, आरती और माता की अलौकिक सज्जा ने पूरे सभागृह को भक्तिमय वातावरण में परिवर्तित कर दिया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष अमरीशचन्द अग्रवाल, महेश बंसीधर अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, बृजमोहन गुप्ता, अनिल अग्रवाल, गोपालदास गोयल, कानबिहारी अग्रवाल, जगदीश गुप्ता, राम जाजोदिया, सुधा अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

सादगी से मना मुंबा देवी मंदिर का स्थापना दिवस

राज्य में घोषित तीन दिवसीय शोक के बीच गुरुवार को मुंबा देवी मंदिर का स्थापना दिवस (पाटोत्सव) वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ श्रद्धापूर्वक मनाया गया। शोक के चलते इस वर्ष पालकी उत्सव बेहद सादगीपूर्ण रहा, लेकिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति का उत्साह साफ दिखाई दिया। मुंबादेवी मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक हेमंत जाधव के अनुसार, स्थापना दिवस के अवसर पर सत्यनारायण महापूजा, विशेष आरती और नवचंडी पाठ का आयोजन किया गया। मुंबादेवी व्यापारी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्र ने बताया कि पालकी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन के चलते राज्य में शोक घोषित है।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 30-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP3 User: cci Time: 01-29-2026 22:50 Color:

बारामती का 'बेटा' चला गया, उमड़ा जनसैलाब

PTI

बारामती में 'दादा' अजित पवार को अंतिम विदाई देने उमड़ पड़ा जनसैलाब।

अजित पवार के दोनों बेटों पार्थ और जय पवार ने हाथ जोड़कर जनता का आभार जताया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अजित पवार के चाचा शरद पवार को सांत्वना देते हुए।

ब्लैक बॉक्स मिला, खुलेंगे राज़

DGCA और AAIB की 2 टीमें हादसे के कारणों की कर रही जांच | नागर विमानन मंत्रालय ने कहा, घटना की जांच पारदर्शी और समयबद्ध होगी

Maneesh.Aggarwal@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के पुणे स्थित बारामती एयरपोर्ट पर प्लेन क्रैश मामले में घटनास्थल से ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है। इससे घटना के सीक्वेंस और प्लेन क्रैश होने से पहले अंतिम समय में पायलट और एटीसी के बीच होने वाली बातें समेत अन्य अहम जानकारी मिल सकेगी।

मामले में एक बड़ा सवाल यह भी सामने आ रहा है कि जब विजिबिलिटी 3 हजार मीटर थी, मौसम साफ था और हवा भी शांत थी, तो आखिर दोनों पायलटों को रनवे दिखाई क्यों नहीं दिया? नागर विमानन मंत्रालय ने कहा, घटना की जांच पारदर्शी और समयबद्ध होगी।

अधिकारियों ने प्लेन क्रैश साइट का लिया जायजा : मामले की जांच के लिए एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए और एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (AAIB) ने 3-3 अफसरों की 2 अलग-अलग टीमें बनाई हैं। दोनों टीमों के अधिकारियों ने 28 जनवरी को ही प्लेन क्रैश साइट का जायजा लिया। मौके से काफी एविडेंस भी लिए गए हैं। फॉरेंसिक टीम ने भी सैंपल इकट्ठे किए हैं, जिसमें क्रैश साइट से फ्यूल के नमूने भी शामिल हैं। घटनास्थल पर एएआईबी के डीजी जीजीजी युगंधर भी पहुंचे थे। नागर विमानन मंत्रालय ने समय पर जांच पूरी करने का दावा किया है। हालांकि, मुंबई में 2023 को इसी कंपनी के एक अन्य प्लेन क्रैश की जांच रिपोर्ट एएआईबी ने आज तक जारी नहीं की है।

रनवे की स्थिति दिखी ख़राब

प्लेन क्रैश मामले में बारामती एयरपोर्ट के रनवे नंबर-11 की ऐसी तस्वीर भी पेश की है, जिसमें रनवे की स्थिति खराब दिख रही है। एविएशन एक्सपर्ट अमित सिंह ने कहा, जांच में यह पता लगाना भी जरूरी होगा कि इस रनवे का अंतिम बार मेंटिनेंस कब किया गया था।

पायलटों और NOC देने वाले इंजीनियर की मनोदशा भी जांच के दायरे में : इस प्लेन को उड़ाने वाले दोनों पायलटों और मुंबई से उड़ान के लिए एनओसी देने वाले इंजीनियर का रिकॉर्ड भी खंगाला जाएगा, जिसमें उनके रेस्ट टाइम, छुट्टियां, तनाव और मानसिक स्थिति का भी आकलन किया जाएगा। जांच में यह भी पता लगाया जाएगा कि दोनों पायलटों को क्या डीएसआर एयरलाइंस की तरफ से प्रॉपर रेस्ट और छुट्टियां दी जा रही थीं या नहीं। वह किसी मानसिक तनाव में तो नहीं थे? इसमें मुंबई से उड़ान भरने के लिए प्लेन को एनओसी देने वाले इंजीनियर के बारे में भी पूरी जानकारी ली जाएगी।

सेफ्टी ऑडिट पर भी लगा प्रश्नचिह्न

अहमदाबाद प्लेन क्रैश व इंडिगो क्राइसिस के बाद अब यह घटना हुई। इन घटनाओं को देखते हुए जानकारों का कहना है कि यह भी देखना जरूरी है कि क्या डीजीसीए बड़ी एयरलाइंस के साथ-साथ इन छोटी एयरलाइंस कंपनियों की भी सेफ्टी ऑडिट ठीक से कर रहा है या नहीं। क्योंकि, डीजीसीए के पास पहले ही अधिकारियों की कमी है और भारतीय एविएशन सेक्टर हर साल बढ़ता जा रहा है। ऐसे में चार्टर और बिजनेस प्लेन की सर्विस देने वाली इन कंपनियों की भी डीप ऑडिट बेहद जरूरी है।

रनवे को लेकर उठे सवाल

- रनवे की थ्रेश होल्ड मार्किंग हो चुकी है फेड, जगह-जगह से बजरी भी निकली हुई थी।
- जांच में यह पता लगाना भी जरूरी होगा कि रनवे का अंतिम बार मेंटिनेंस कब हुआ था।
- जब रनवे के करीब प्लेन फील्ड है, तो रनवे इतनी ऊंचाई पर क्यों बनाया गया है?
- अगर रनवे के पास भी प्लेन फील्ड होता, तो शायद सभी लोगों की जान बच सकती थी

...तो दावों की हक़ीकत आएगी सामने

ब्लैक बॉक्स मिलने से घटना के बारे में काफी खुलासा होगा, लेकिन जानकारों का कहना है कि एएआईबी को वीएसआर वेंचर्स कंपनी के इस लीयरजेट-45 प्लेन की कुंडली भी खंगालनी चाहिए, जिसका खुलासा इस प्लेन के कारनेट फ्यूल कार्ड, एटीसी फ्लाइट प्लान और लोगबुक से होगा। इससे यह पता चलेगा कि असल में इस कंपनी के मालिक वीके सिंह के एयरक्राफ्ट की अच्छी मेंटेनेंस के दावों में कितनी सच्चाई है। हादसे से पहले इस प्लेन की कैमरे में कैद जो वीडियो फुटेज वायरल है, उसमें यह प्लेन एक तरफ झुकता नजर आ रहा है। ऐसे में जानकारों का कहना है कि इससे लगता है कि या तो प्लेन में लैंडिंग से पहले ही कोई तकनीकी खराबी आ गई थी या इसका इंजन फेल हुआ या फिर कुछ और मसला हुआ। डीजीसीए और एएआईबी को इस प्लेन की कुंडली जरूर निकालनी चाहिए। जानकारों के अनुसार, इस प्लेन में फ्यूल भरवाने वाले कारनेट फ्यूल कार्ड और हर उड़ान से पहले संबंधित एटीसी को अपना फ्लाइट प्लान सबमिट करने वाले फ्लाइट प्लान से इसका खुलासा हो सकेगा कि असल में इस प्लेन ने कितने घंटों तक उड़ान भरी थी और लोग बुक में उसे कितने घंटे दिखाया गया था। अगर यह तीनों फैक्ट आपस में मेल खाते हैं, तो ही प्लेन को पूरी तरह से फिटनेस की एनओसी दी जा सकती है, वरना नहीं।

कारनेट फ्यूल कार्ड, फ्लाइट प्लान और लॉग बुक से खुलेगी क्रैश हुए प्लेन लीयरजेट-45 की कुंडली

क्योंकि, सूत्र इस बात की प्रबल आशंका जता रहे हैं कि प्राइवेट चार्टर्ड प्लेन सर्विस देने वाले अधिकतर ऑपरेटर हवाई जहाजों की मेंटेनेंस और सर्विस में लुका-छिपी का खेल खेलते हैं, जिसमें प्लेन की ड्यू टाइम पर सर्विस नहीं कराई जाती, लेकिन लोग बुक में उसे समय से ही सर्विस करना दिखाया जाता है। यह आशंका जताई जा रही है कि प्लेन की सर्विस काफी देरी से हुई हो और इसमें कोई तकनीकी खराबी आई हो। यह आशंका इसलिए भी मजबूत होती दिख रही है कि डीजीसीए ने जब विजिबिलिटी को 3 हजार मीटर बताया था, लेकिन इसके बावजूद दोनों पायलट में से किसी को रनवे दिखाई नहीं दे रहा था।

इन पहलुओं की भी हो जांच

- कहीं ऐसा तो नहीं कि यह एयरक्राफ्ट इसकी तय घंटों की उड़ानों से बहुत अधिक उड़ान भर चुका हो?
- प्लेन के उड़ानों के घंटों में कहीं हेरफेर करते हुए समय पर ड्यू इस प्लेन की सर्विस ही ना कराई गई हो?

NCP में सुनेत्रा पवार की नई भूमिका पर चर्चा तेज़

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** उपमुख्यमंत्री अजित पवार के अंतिम संस्कार के साथ ही महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल बढ़ गई है। अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को देवेंद्र फडणवीस सरकार में उपमुख्यमंत्री बनाने की सुगबुगाहट तेज हो गई है। वहीं, प्रफुल्ल पटेल की पार्टी की कमान सौंपने की तैयारी की जा रही है। एनसीपी सूत्रों के मुताबिक, शरद पवार के साथ पार्टी के विलय की शोल्ड पर रखा जाएगा, स्थिति सामान्य होने के बाद उस पर अंतिम निर्णय होगा।

पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल व छगन भुजबल सुनेत्रा पवार से मिले

गुरुवार को अजित पवार के अंतिम संस्कार के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल व मंत्री छगन भुजबल सुनेत्रा पवार से मिले। सूत्रों के मुताबिक, एनसीपी के बड़े नेता चाहते हैं कि DCM का पद सुनेत्रा पवार संभालें, जबकि एनसीपी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी प्रफुल्ल पटेल को दी जाए। एनसीपी के मंत्री नरहरि झिरवाल ने कहा, जनता चाहती है कि सुनेत्रा पवार को मंत्रालय में लाया जाए। हालांकि, एनसीपी की तरफ से अब तक इस पर कोई भी आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

ख़ाली हुई सीट पर फैसला अभी बाक़ी

अजित पवार के निधन के बाद बारामती विधानसभा सीट खाली हो गई। ऐसे में बारामती सीट से पार्थ पवार या सुनेत्रा पवार में से किसे चुनावी मैदान में उतारा जाए एनसीपी नेताओं को इसका भी फैसला करना है। बारामती सीट पर 1991 से अजित पवार अजेय रहे हैं। स्थानीय निकाय चुनाव में पुणे और पिंपरी चिंचवड़ में अजित पवार और शरद पवार की एनसीपी ने मिलकर चुनाव लड़ा था। इससे दोनों पार्टियों के विलय की खबरें सामने आई थीं, लेकिन अजित पवार के आकस्मिक निधन के कारण यह अब टल गया है।

अजित 'दादा' को मंत्रालय में अर्पित की गई श्रद्धांजलि

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन पर अधिकारियों व कर्मचारियों ने मंत्रालय के त्रिमूर्ति प्रांगण में शोक सभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास खारगे ने कहा, अजित पवार ने हमेशा पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाईं। उनके निधन से हमने एक ऐसा नेतृत्व खो दिया है, जो अपने अनुशासन और काम के प्रति समर्पण के लिए जाना जाता था। शोक सभा के अंत में सभी ने दादा के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मंत्रालय के बड़ी संख्या में उपस्थित अधिकारी व कर्मचारियों ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर डॉ. इकबाल सिंह चहल, मनीषा म्हैसकर, अश्विनी भिडे, अमीम कुमार गुप्ता और विकासचंद्र रस्तोगी सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने दिवंगत नेता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

शोक सभा में कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी रहे मौजूद

जानलेवा गड्ढों में तब्दील हुआ अंजुरफाटा-चिंचोटी हाईवे

■ विजय कुमार सिंह, भिवंडी



मानकोली-अंजुरफाटा से चिंचोटी तक जाने वाले हाईवे की हालत इन दिनों बेहद बदहाल बनी हुई है। सड़क पर जगह-जगह बने बड़े और जानलेवा गड्ढों तथा वाहनों से उड़ती धूल ने राहगीरों और वाहन चालकों की परेशानी बढ़ा दी है। हालात ऐसे हैं कि इस मार्ग से गुजरना किसी जोखिम भरे सफर से कम नहीं रह गया है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि सार्वजनिक निर्माण विभाग ने लंबे समय तक सड़क की इस दुर्दशा की ओर ध्यान नहीं दिया। हालांकि सार्वजनिक निर्माण विभाग का कहना है कि सड़क के कांक्रीटीकरण का काम शुरू कर दिया गया है।

मानकोली-अंजुरफाटा-चिंचोटी रोड मुंबई-नासिक हाईवे और मुंबई-अहमदाबाद हाईवे को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। इसी कारण इस सड़क पर भारी वाहनों की लगातार आवाजाही बनी रहती है। अंजुरफाटा चौक से 72 गाला परिसर तक सैकड़ों गड्ढे हो चुके हैं।

> सार्वजनिक निर्माण विभाग को इस सड़क के काम पर विशेष ध्यान देना चाहिए। ठेकेदार को पहले खस्ताहाल हिस्सों की मरम्मत करनी चाहिए।
> – ऐड. नितिन पंडित, पूर्व सदस्य, ग्राम पंचायत वडघर

> अंजुरफाटा-चिंचोटी रोड के कांक्रीटीकरण के लिए 234 करोड़ रुपये की निधि मंजूर की गई है। काम शुरू हो चुका है और पूरी सड़क बनने में डेढ़ साल का समय लगेगा। – दत्तु गिते, उपअभियंता, PWD

गड्ढों के कारण बाइक सवार गिरते रहते हैं

स्थानीय निवासी श्यामजी गुप्ता का कहना है कि अंजुरफाटा से वसई रोड की ओर जाते समय ऐसा लगता है मानो वाहन गड्ढों में ही चल रहा हो। गड्ढों के कारण आए दिन बाइक सवार गिरते रहते हैं। गड्ढों और ट्रैफिक जाम से बचने के लिए लोग भंडारी चौक से देवजीनगर की ओर वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल कर रहे हैं।

बताया जाता है कि इस सड़क के कांक्रीटीकरण के लिए सरकार ने निधि मंजूर की है, लेकिन निर्माण कार्य की गति बेहद धीमी है। स्थानीय नागरिकों में इसे लेकर नाराजगी है। लोगों का कहना है कि ठेकेदार ने उस हिस्से से काम शुरू किया है, जहां सड़क पहले से बेहतर स्थिति में थी। नागरिकों ने इसे पीडब्ल्यूडी और ठेकेदार के बीच समन्वय की कमी बताया है।

मौजूदा स्थिति नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा पैदा कर रही है। लोगों ने मांग की है कि कांक्रीटीकरण पूरा होने तक गड्ढों की मरम्मत की जाए, और ठेकेदार को तेजी से व वैज्ञानिक तरीके से काम करने के निर्देश दिए जाएं।

नाबालिग से सरेआम छेड़छाड़

■ **NBT रिपोर्ट ,मुंबई:** साकीनाका इलाके में एक 15 वर्षीय लड़की के साथ सरेआम छेड़छाड़ करने के अलावा उसे मोबाइल फोन पर अश्लील (पोर्न) विडियो क्लिप भी दिखाई गई। साकीनाका पुलिस ने इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (POCSO) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित लड़की 12 जनवरी की शाम अपनी ट्यूशन क्लास खत्म कर घर लौट रही थी। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने उसका जबरन हाथ पकड़ लिया। आरोपी ने न केवल छेड़छाड़ की, बल्कि अश्लील विडियो दिखाकर उसे डराने और गलत हरकत करने की कोशिश की।

> आरोपी ने दिखाई अश्लील फिल्म, POCSO के तहत मामला दर्ज

कैदी का पुलिस पर हमला

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** आर्थर रोड जेल में मुख्य प्रवेश द्वार पर तैनात पुलिस कांस्टेबल हरी वाघ पर कैदी लोकेंद्र रावत ने गाली-गलौज करते हुए हमला किया। इस हमले में वाघ घायल हो गए। 27 जनवरी की रात करीब 9 बजे कांस्टेबल हरी वाघ ड्यूटी पर थे। रावत ने वाघ को गालियां दीं और हंगामा शुरू कर दिया। वाघ ने उसे शांत रहने को कहा, तो रावत ने अपना सिर वाघ के चेहरे पर मार दिया, जिससे वाघ की नाक से खून बहने लगा। बीच बचाव में आए पुलिसकर्मियों से उसने धक्का-मुक्की की। घायल वाघ का इलाज कराया गया। एन. एम. जोशी मार्ग पुलिस स्टेशन में रावत के खिलाफ सरकारी कर्मचारी पर हमला, चोट पहुंचाने और सरकारी काम में बाधा डालने की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

7 साल से लापता व्यक्ति को HC ने किया मृत घोषित

Krishna.Shukla@timesofindia.com

■ **मुंबई :** बॉम्बे हाई कोर्ट ने सात साल से लापता एक एक शख्स को मृत घोषित कर दिया है। कोर्ट ने एक बेटे की याचिका पर यह फैसला सुनाया है, जिनके पिता अप्रैल, 2003 से लापता थे। लंबे समय तक पिता का सुराग न मिलने पर बेटे ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस गुमशुदा शख्स का पता लगाने में नाकाम रही। शख्स के पिता को खोजने की विफलता के संबंध में पुलिस ने नवंबर, 2011 में एक सर्टिफिकेट जारी किया था, जिसमें लापता शख्स का पता न चलने की बात कही गई थी। बेटे ने पहले सिविल कोर्ट में पिता को मृत घोषित करने के लिए आवेदन किया था। मगर निचली अदालत ने बेटे के आवेदन को खारिज कर दिया। निचली अदालत ने फैसले में कहा था कि बेटे ने पिता की याददाश्त जाने के संबंध में कोई मेडिकल सबूत नहीं पेश किया है।

> ■ बेटे ने पिता की याददाश्त जाने का सिर्फ सबूत नहीं दिया, इसलिए उसका दावा झूठा नहीं हो जाता
> ■ 2003 से गायब थे पिता

अक्टूबर, 2015 के निचली अदालत के आदेश के खिलाफ बोरीवली निवासी हाई कोर्ट में अपील की थी। जस्टिस जितेंद्र जैन के सामने मामले की सुनवाई हुई। जस्टिस जैन ने कहा कि बेटे ने पिता की गुमशुदगी के संबंध में अखबारों में विज्ञापन दिया था। विज्ञापन में पिता की जानकारी देने वाले को इनाम की भी घोषणा की गई थी। पिता के संबंध में उसने अदालत में कई दस्तावेज पेश किए थे। जिसमें पासपोर्ट और राशन कार्ड का समावेश है, जो पिता के साथ बेटे के रिश्ते को दर्शाते हैं। इन दस्तावेजों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

जस्टिस जैन ने अपने फैसले में भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 111 का हवाला दिया। जिसके तहत यदि किसी व्यक्ति बारे में सात सालों तक उनके परिजनों को जीवित होने की सूचना नहीं मिलती है तो यह मान लिया जाता है कि लापता व्यक्ति की मौत हो चुकी है। बेटे ने सिर्फ पिता की याददाश्त जाने के संबंध में कोई मेडिकल दस्तावेज नहीं पेश किया है। इसलिए उसके दावे को झूठा नहीं माना जा सकता है। मामले में निचली अदालत का आदेश न्यायसंगत नजर नहीं आ रहा है। यह टिप्पणी करते हुए बेंच ने निचली अदालत के आदेश को खारिज कर दिया। इसके साथ ही बेटे द्वारा पिता को मृत घोषित करने मांग को मंजूर कर लिया।

टैक्सी चालक पर ठगी का केस

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** माटुंगा पुलिस ने टैक्सी चालक और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, 26 जनवरी की रात करीब 10.50 बजे एक महिला ने मुंबई पुलिस के एक्स अकाउंट पर मदद की गुहार लगाई थी। महिला दादर स्टेशन के पास टैक्सी चालक से किराये को लेकर विवाद कर रही थी।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस हवलदार सुधीर सोनवलकर ने महिला से पूछताछ की। महिला ने बताया कि वह शिर्डी से वंदे भारत ट्रेन से दादर आई थी और उसे एयरपोर्ट से पश्चिम बंगाल के लिए फ्लाइट पकड़नी थी। दादर स्टेशन के पास उसने टैक्सी ली, जहां चालक सलीम अब्दुल अजीज ने उससे पहले किराया मांगा।

महिला ने 500-500 रुपये के दो नोट दिए, लेकिन चालक ने दावा किया कि उसे 100-100 रुपये के नोट मिले हैं। इसके बाद महिला ने दोबारा 500 रुपये के दो नोट दिए, फिर भी चालक ने वही आरोप दोहराया। इससे महिला को धोखाधड़ी का शक हुआ और उसने पुलिस से मदद मांगी।

जांच में सामने आया कि कुछ टैक्सी चालक टैक्सी में नीली अल्ट्रा ब्लू लाइट लगाते हैं, जिससे नोटों की सही पहचान नहीं हो पाती। पुलिस ने बताया कि दादर पूर्व की ओर जाने वाली टैक्सियों को लेकर पहले भी ऐसी शिकायतें मिल चुकी हैं। माटुंगा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है।

TIMES interact — Connecting People, Connecting Needs. To book your ad Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) Scan QR Code

प्रॉपर्टी / **मुंबई प्रॉपर्टीज** / **चेंबूर**

CHEMBUR: 2.5 BHK flat for sale in Amarvilla Heritage (near Ahobila Mutt). Prime location, 802 sqft carpet, 2 lifts, 1 car park. Contact: 6363723736.

अंधेरी पूर्व

ANDHERI (East) Marol, Prime Location, Well connected Spacious 1.5 BHK Flats at 1.2cr. Ideal for Family and Investment. 7738907535

ANDHERI (E) AARHAM Station and metro 5 mints Spacious 2 BHK Ready Poss. Flats with Gum, 2.47 cr All Incl. New Tower Site. Ph: 90047 15600

बांद्रा पश्चिम

DUPLEX Luxury flat for rent On Mount Mary Road with terrace. 6000 carpet. Fully furnished. Rent:20Lac / month. Car Parks 4. Contact : 9820085810

प्रॉपर्टी ऐन्सलेरीज / **MEDICAL CLINIC**

WELL equipped, prime location Diagnostic Centre (CT,MRI,USG,etc) alongwith polyclinic available on long term lease in Thane Dist. Mail us on : nysmil@yahoo.com

वाणिज्यिक परिसर (अचल संपत्ति)

RENT / LEASE Suitable for Hotel / Cafe / Office 2 Shops in Kannamwar Nagar,Vikhroli East.OC received Project.Near Eastern express Highway. Shop Area 694 sq ft and 508 Sq Ft. Two separate Units. 8082368728/ 7756049777

@ANDHERI-E Independent Commercial Building for sale. 75000 sqft 2 basements+Gr+6 flr 2 min from H'way, 5 min from Airport. Call: 9920320066

AVAILABLE 1400 Sq.Ft. Ground Floor Commercial Premises at C.S.T. Road, Kalina, Near B.K.C. suitable for Banks, Showrooms, Retail Outlets, Restaurants, Cafe, etc. Kindly Contact : 9870434789 / 9702000100

ANDHERI (EAST), "BUSINESS BAY" Office Spaces Available Furnished / Bareshell 400 sq.ft. Onwards. 9867960367 / 9136241678

AVAILABLE Commercial Premises at Panvel, New Mumbai, On Mumbai-Pune Highway, Near Navi Mumbai International Airport, At a prime location, Area 1,500 Sq.Ft. to 12,000 Sq.Ft. Suitable for Offices, Pathology, Hotel, Service Apartments and any other commercial activities. Kindly Contact : 9870434789 / 9702000100

व्यक्तिगत / **नाम परिवर्तन**

I,SUVI Wife of Shiju D r/o Bethlehem, Karakulam, Thiruvananthapuram, Kerala - 695564 have changed my name from Suvi to Suvi V S vide aff.dt. 27-01-2026 No 59AB894335 at Nashik

I,SARATHA Mother of Saji Kumar VS r/o Saji Bhavan, Karakkad, Alappuzha, Kerala - 689504 have changed my name from Saratha to Sarada vide aff.dt. 27-01-2026 No 59AB893180 at Nashik

I, Tejashawini Yadav Daughter of Sunil Kumar r/o Sidhauli, Kirihrapur, ballia, U.P-22176 have changed my name from Tejashawini Yadav to Tejaswini Yadav and DOB from 21-04-2012 to 21-03-2011 vide aff. 60AB323440 dt. 23-01-2026 at Nashik

I,HARI Pada Khatua Father of Raj Kumar Khatua r/o Maliara, Medinipur, Paschim Medinipur, W.B - 721102 have changed my name from Hari Pada Khatua to Haripada Khatua vide aff.dt. 27-01-2026 No 59AB894342 at Nashik

I,BANA Lata Mother of Raj Kumar Khatua r/o Maliara, Medinipur, Paschim Medinipur, W.B - 721102 have changed my name from Bana Lata to Banalata Khatua vide aff.dt. 27-01-2026 No 59AB894343 at Nashik

I, Utkarsh Yadav Son of Sunil Kumar r/o Sidhauli, Kirihrapur,ballia, U.P-22176 have changed my DOB from 01-01-2003 to 05-07-2003 vide aff. 60AB323441 dt. 23-01-2026 at Nashik

I Mali Dattatraya, S/o. Suresh, Nk -2000278SW, at, 10 DOGRA,Resident of village-Dondwad, Post - Vinchur, Tehsil, Dhule, Dist. Dhule. (MH) 424311, I Declared That, I have changed my daughter name from HARSHNI to MALI HARSHNI DATTATRAYA All concerned note all-purpose vide notary public Nashik (MH) date 28 January 2026.

खोया एवं पाया

LOST original ICSE Class 10 Passing Certificate (Year 2022) belonging to Mohit Gulabrao Deshmukh, student of St. Joseph's Convent School. Unique ID: 7954472 Index Number: 1233817/103

DOCUMENTS have been lost by Mr. Sohansingh Bhopalsingh Rajpurohit, R/o Amruth Manthan CHS Ltd., Kandivali (W), Mumbai: 1.MHADA Allotment Letter (Adik Shankar Botre) 2. MHADA application copy3. Payment receipts4. Share Certificate Lost at Charkop, Kandivali (W) on 01/12/2025. Police Report No. 509-2026 dated 02/01/2026, Charkop PS. Claims/objections, if any, within 7 days.

भर्ती / **रिक्त पद**

चौकीदार व कार्यालय फर्नीचर बनाने/ मरम्मत करने के लिए चाहिए, अनुभव: 8 से 10 साल. संपर्क: 9819944191/ 40020800

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति / **लेखा** / **लेखा और वित्त**

REQUIRED for Mumbai office, Accounts Clerk. Commerce grad. & computer literate, prefer SAP experience. email: accsvacancy@gmail.com

अन्य रिक्तियां / **एकाधिक रिक्तियां**

REQUIRED Staff 1)Accountant 2) Receptionist 3) Purchase & Dispatch Coordinator exp 3-5 yrs required Email Id :- accounts@ bhartilifesciences.com Mob :- 93243 45703

REQD data entry operator in Excel & small admin jobs at Mulund ...ar/ Retired candidate prefered 9819393394 Email : maist.tc@gmail.com

सेवानिवृत्त व्यक्ति

GRAB-AN-OPPORTUNITY Vacancy for Retirees/ VRS/ Pensioners/Professionals Good Salary+ Incentives in Flexible time. M: 9619924666/ 9820574900

GOVT.-REGD.-CO. hiring Talented+Smart, Retired, VRS, NRI,H'wives.(Age 55+)working flexi hrs. Attractive Package+ Rewards. Datta : 98677 69036

बिज़नेस / **BUSINESS OFFERS**

"ALL types of Title Clear Property Buy & Sale, Flat/ Shop Rental, Document Search, Fencing,Survey, NA Work, and Legal Assistance - All Services Under One Roof, at Your Doorstep!" Mumbai Panvel Thane Igatpuri, Vadhvan port VISHAL Estate 7770005618 / 7770009608

सेवाएं / **ज्योतिष**

बिन बताये जानें सभी समस्याओं का हल प्रेमविवाह, विदेशयोग, गृहक्लेश, उधारी बाढ़ा का गारंटेड समाधान लोक कहते हैं हम करके दिखाते. 9893721798 / 9826054788

फिल्म से संबंधित

MFI Film & TV Studio — MFI Bollywood audition & training-web series Stop Crime Strangers. Freshers Actor, Singer welcome 9136034519, 9324734587

टेंडर और नोटिस / **निविदाएं (टेंडर्स)**

यूनियन बैंक — सहायक सेवाएं विभाग, यूनियन बैंक भवन,7वा तल, 239 विधान भवन मार्ग,नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021. टेलीफोन: 022 22892503

निविदा सूचना

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा कार्यपालक (परिसर एवं रियल एस्टेट) की आंतरिक समिति में स्वतंत्र सदस्य के रूप में विशेषज्ञ मत प्रदान करने हेतु परिसर, संपत्ति अधिग्रहण एवं विकास से संबंधित मामलों पर पेशेवरों को सूचीबद्ध करने के संबंध में बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। अधिक जानकारी बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.bank.in और सरकारी पोर्टल www.eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। मुहरबंद बोली/आवेदन/ऑफर जमा करने की अंतिम तिथि 12.02.2026 को अपराह्न 03.00 बजे तक है। आवेदन संबंधी अपडेट, शुद्धिपत्र, परिशिष्ट, यदि कोई हो, केवल बैंक की वेबसाइट और सरकारी पोर्टल पर प्रकाशित किए जाएंगे। बैंक कोई भी या सभी आवेदनों को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। दिनांक : 29.01.2026 सहायक महाप्रबंधक

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

LOST_ PASSPORT I, Ajmal Abdurahiman Kunnummal, declare that I have lost my original passport (No. V9****57 issued on 08/12/2021 at San Francisco) close to Rodas (Powai) or St. Francis Xavier Church (Kanjurmarg), Mumbai on 20th Jan 2026. Complaint lodged at Powai Police Station on 21st Jan 2026. If found, please contact me at 7829133316.

केनरा बैंक Canara Bank — केनरा बैंक शाखा - कलंबोली (डीपी कोड : १५२१५) के स्थानांतरण संबंधी सूचना — इस सूचना के माध्यम से सभी ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि हमारी केनरा बैंक शाखा, सेंट्रल फैसिलिटी बिल्डिंग, प्रथम तल, स्टील मार्केट यार्ड, कलंबोली, नवी मुंबई, महाराष्ट्र - ४१०२१८ वर्तमान में अस्थायी रूप से प्लेटिनम एक्सपीरियो, #८२, सेक्टर १७, रोहपाली, ४१०२०८ में कार्यरत है। उक्त शाखा को दिनांक ०२/०३/२०२६ से नीचे दिए गए नए पते पर स्थानांतरित किया जा रहा है: दुकान नंबर २, ३ एवं ४, रेजेंसी एलाइंस को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड, सेक्टर १०ई, कलंबोली, पनवेल, जिला रायगढ़ ०२/०३/२०२६ से सभी बैंकिंग कार्यों के लिए नए शाखा परिसर में पधारें। तारीख : ३०.०१.२०२६ ठिकाण : मुंबई सही /- अधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

P. D. HINDUJA HOSPITAL & MEDICAL RESEARCH CENTRE — चिकित्सा अभिलेख मिटाने की सूचना — यहां सूचित किया जाता है की, ३१ दिसंबर, २०२० को या उससे पहले अस्पताल में किसी भी किसी भी प्रकार के उपचार के लिए न आए सभी मरीजों के चिकित्सा अभिलेख मिटाने की पी.डी. हिंदुजा अस्पताल, माहीम की योजना है. इस सूचना के प्रकाशन के ३० दिनों के अंदर प्रभारी-चिकित्सा अभिलेख विभाग के पास लिखित बिनती के साथ वैध सरकार के पहचान पत्र पेश करने पर किसी भी मरीज को/मरीज के कानूनन प्रतिनिधी को संबंधित मरीज की चिकित्सा अभिलेख की प्रत दी जाएगी. तदुपरांत सभी अभिलेख मिटाए जाने के कारण कोई भी किसी अस्पताल प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत नहीं की जाएगी. चिकित्सा अभिलेख विभाग पी.डी. हिंदुजा हॉस्पिटल ॲण्ड मेडिकल रिसर्च सेंटर वीर सावरकर मार्ग, माहिम, मुंबई -४०००१६, टेलीफोन नं.०२२-२४४४७९४२/४३

THE TIMES OF INDIA — Readers are recommended to make appropriate enquiries and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

HEALTH & WELLNESS

मेन्थोमेक्स MENTHOMAX STRONG PAIN BALM — सर दर्द, जोड़ो का दर्द संदीप का मेन्थोमेक्स बाम एक ही नाम — SANDEEP AYURDRUG COMPANY SINCE 2004 BHAYANDER (EAST) 09322219521 MFG. LIC. NO. KD-AYU-212 — 100 ग्राम की 6 बोतल पर कुरियर फ्री

TO ADVERTISE IN THIS SECTION CALL JITESH DOMINIC: 9867407521

SOCIAL EVENT

श्री ब्रजमंडल के स्वर्णिम वर्ष के उपलक्ष में आयोजित श्रीमद् ब्रजभागवत कथा — परमाराध्य पूज्य श्री मन्माध्व गौड़ेश्वर वैष्णवाचार्य श्री पुंडरीक गोस्वामीजी महाराज की अमृतवाणी से — 27 जनवरी से 2 फरवरी प्रतिदिन सायं 4 से सायं 7 बजे — कथा स्थल-आज़ाद मैदान, मुंबई — ।। आज की कथा ।। नृसिंह अवतार, गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार, राम, कृष्ण जन्मोत्सव — मुख्य यजमान : श्री सुरेशचन्द्र श्यामलाल अग्रवाल, श्री योगेश एवं श्रीमती नीना अग्रवाल — दैनिक यजमान : श्रीमती आशा सुनील अग्रवाल, श्रीमती रुपाली योगेश गुप्ता — उत्सव यजमान : श्री विजय राधाविनोद अग्रवाल, श्रीमती श्वेता विजय अग्रवाल — भंडारा यजमान : श्री श्यामसुंदर फूलचंद गर्ग — सभी कथाप्रेमी सादर आमंत्रित हैं। प्रवेश पास द्वारा — अध्यक्ष एवं ट्रस्टी: सुरेशचंद्र अग्रवाल, मानद मंत्री: प्रदीप आर.लाडीवाल, कोषाध्यक्ष: अनिल आर. अग्रवाल — द्विवेश अग्रवाल, ब्रजकिशोर अग्रवाल ट्रस्टी–श्री ब्रजमंडल

राधे राधे — खोज लो... तुम खोज लो, अपने ही सागर में, अपनी ही डुबकी से, अपना अमूल्य मोती लो। — THE SACRED STEPS — ADVENTURES OF AN AMBITIOUS ASPIRANT — वक्ता स्वामी श्री कृष्णदासजी (श्री संत माँ ब्रजदेवीजी के शिष्य) — स्थान: इस्कॉन ऑडिटोरियम, जुहू — तिथियाँ: ३१ जनवरी एवं १ फरवरी २०२६ — समय: सायं ५:३० बजे से ८:०० बजे तक — महत्वाकांक्षा कदमों को आगे बढ़ाती है। जागरूकता मार्ग का निर्धारण करती है। — यह एक ऐसा प्रवचन है जिसे छोड़ना नहीं चाहिए: ❖ यदि आप जीवन में महत्वाकांक्षी हैं ❖ दिशा को लेकर भ्रमित हैं ❖ या किसी गहरे सत्य की तलाश में हैं — प्रवेश निःशुल्क — आइए, वह पवित्र कदम उठाइए, जो चुपचाप आपके सोचने, चुनने और जीने के तरीके को बदल सकता है।

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

NBT स्मृति यादों के चिराग

मार्का

स्मृति सभा — सविता खुबलानी (पुष्पा बनवानी) — अत्यंत दुःख के साथ सूचित करते हैं कि हमारी प्रिय कुसुम का निधन हो गया है। वह एक प्रिय माँ, बहन, चाची, दादी थी और उन्हें पूरा परिवार हमेशा याद रखेगा। मार्का शनिवार, 31 जनवरी 2026 शाम 6 बजे से 6:30 बजे तक लाल साईं धाम, तीसरा क्रॉस लेन, लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स, अंधेरी (पश्चिम), मुंबई-400053 संपर्क : 9322236719

स्मृति सभा — स्व. श्रीमती सुमनश्री सुमतिचन्द गोठी — जन्म : 6 अप्रैल, 1956 | स्वर्गवास : 28 जनवरी, 2026 — बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि श्रीमती सुमनश्री सुमतिचन्द जी गोठी सरदारशहर निवासी, मुंबई प्रवासी का स्वर्गवास दिनांक 28 जनवरी, 2026 को हो गया है। प्रार्थना सभा — शुक्रवार 30 जनवरी, 2026, सुबह 10 से 11.30 बजे तक भारतीय विद्या भवन ऑडिटोरियम के. एम. मुंशी मार्ग, चौपाटी, मुंबई -400007 — शोकाकुल परिवार — पति : सुमतिचंद गोठी; पुत्र-पुत्रवधू : योगेन्द्र - नीलम गोठी; पौत्र : सौरव, मुदित गोठी; पुत्री - जवाई : शीतल-अमित सुराणा; दोहिता-दोहिती : तेजस, सौम्या सुराणा; पीहर पक्ष : स्व. श्री सम्पतमलजी मालू परिवार (सरदारशहर, जयपुर) — वैलेट पार्किंग उपलब्ध है

REMEMBRANCE SHARING MEMORIES

78th Birthday Remembrance — SMT. SHEELKAUR NAIK — 30.01.1948-29.01.2010 — "Forever in our hearts, your love continues to guide us". Children: Ashwin, Shilpa, family & friends.

23वीं पुण्यतिथी — आपकी प्रेरणा का दिया हमारे दिल में जलती रहेगी, आपकी यादों का सफर कभी खत्म नहीं होगा। श्रद्धा-सुमन परमपूज्य खाटू श्यामभक्त श्री बनारसी लालजी अगरवाल (गोलोकवास : 30.01.2003) के 23वीं पुण्यतिथि पर समस्त अगरवाल परिवार की ओर से भावपूर्ण श्रद्धांजलि। -- चिर स्मृति में - समस्त खाटू श्याम अग्रवाल परिवार, मुंबई एवं समस्त श्याम प्रेमी, मुंबई

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: JAI SARSAR 9867505472

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 30-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP5 User: cci Time: 01-29-2026 23:08 Color:

काला घोड़ा आर्ट्स फेस्टिवल की तैयारियां

ये देख नहीं सकते तो क्या, आपको रास्ता दिखाते हैं

31 जनवरी को होने वाले फेस्टिवल के लिए तैयार हो रहे बच्चों के साथ उदय विश्वनाथ देशपांडे।

मल्लखंभ वह व्यायाम है, जहां हर मांसपेशी सक्रिय और हर इंद्रिय जागरूक।

कोच महेश म्हात्रे बचपन से मल्लखंभ से जुड़े हैं। वह भी उदय देशपांडे के छात्र हैं।

Pics: Kaushik Naik

14 वर्षीय युवराज (खंभ पर बैठे) ने कक्षा 6 में स्कूल में इस खेल को सीखना शुरू किया।

कौशिक नाइक, मुंबई

दृष्टि आंखों की मोहताज नहीं होती। यह सच सुनने में अटपटा हो सकता है, पर है सच ही। वकीन दिलाने के लिए पेश हैं ये तस्वीरें। ये दिखने में साधारण मल्लखंभ का प्रदर्शन हो सकता है, लेकिन यह जान लीजिए कि ये बच्चे साधारण नहीं हैं। बीमारी, नसों की क्षति, दुर्घटनाओं, या कैंसर ने इनकी आंखों से ज्योति छीन ली।

हालांकि मन की आंखों ने जीवन में कभी अंधेरा नहीं छाने दिया।

इनके जज्बे को सहारा दिया पद्म श्री उदय विश्वनाथ देशपांडे ने, जिन्होंने 1990 में ऐसे बच्चों को मल्लखंभ सिखाना शुरू किया था। इस साल वे फिर से ताड़देव के विक्टोरिया मेमोरियल स्कूल फॉर द ब्लाइंड (VMSB) की टीम के साथ यहां हैं। ये बच्चे 2026 के काला घोड़ा आर्ट्स फेस्टिवल में विशेष प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। यह मुंबई के सबसे प्रसिद्ध सांस्कृतिक आयोजनों में से एक है। कोच महेश म्हात्रे बच्चों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। म्हात्रे ने बचपन से मल्लखंभ को जिया है। वह भी उदय देशपांडे के छात्र हैं। कक्षा 10 पूरी करने के बाद ही उन्होंने VMSB में पढ़ाना शुरू किया। अक्सर अपनी ही टीम के बच्चों को प्रशिक्षित करते थे। तब से इन छात्रों के साथ उनका संबंध अटूट बना हुआ है। जब वे कहते हैं कि ये ही मेरा परिवार है, तो बच्चे भी उनकी बात दोहराते हैं।

11 जाबांजों के ग्रुप लीडर सुमित के लिए यह खेल कम, खुशी ज्यादा

इस ग्रुप को 15 वर्षीय सुमित एकदम लीड कर रहे हैं। सुमित 8 वर्षों से म्हात्रे से प्रशिक्षण ले रहे हैं। उनके लिए, मल्लखंभ रोल से अधिक खुशी और आत्म-अभिव्यक्ति का स्रोत है। उनका मानना है कि निपुणता के लिए लयीलापन, ध्यान और सांस पर नियंत्रण जरूरी है। अपने कोच पर विश्वास के कारण उन्होंने हर डर पर काबू पा लिया। इस अनुशासन ने उनका जीवन बदल दिया है। "इसने मेरी एकाग्रता, मानसिक स्वास्थ्य, ताकत और लचीलेपन में सुधार किया है।" सुमित कहते हैं, ये 11 बच्चे तालियों, मौज, या रोशनी को नहीं देख सकते, लेकिन जैसे-जैसे काला घोड़ा आर्ट्स फेस्टिवल का उद्घाटन दिवस करीब आ रहा है, ये हर जयकार, हर कंपन, दर्शकों की हर धड़कन को महसूस करने को तैयार हो रहे हैं।

इन्हें इस तरह सिखाया जाता है मल्लखंभ

दृष्टिहीन बच्चों को मल्लखंभ सिखाना असीम धैर्य का काम है। म्हात्रे खुद हर मुद्रा का प्रदर्शन करते हैं, जिससे बच्चे उनके शरीर को महसूस कर सकें और स्पर्श से हर करतब को समझ सकें। सबसे छोटी डिटेलिंग – एक उठी हुई बांह, मुट्ठी हुई हथेलियां, एक मुस्कान, ये सब बार-बार सिखाई जाती हैं। एक बार जब वे समझ जाते हैं, तो उनकी स्मृति और पकड़ असाधारण होती है। म्हात्रे कहते हैं, 'ये कभी नहीं भूलते, वे गर्व से इसमें कुछ न कुछ जोड़ते हैं। वे मानते हैं कि दृष्टिहीन बच्चों को प्रशिक्षित करने के लिए कोई निश्चित नियम पुस्तिका नहीं है। 'यह केवल अनुभव, धैर्य और प्रेम से आता है।' VMSB में पढ़ाने का संतोष शब्दों से परे है। वे बच्चे 31 को काला घोड़ा फेस्टिवल में मुंबई को याद दिलाएंगे कि दृष्टि को दृष्टि से नहीं, बल्कि साहस से मापा जाता है।

सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज की अगुवाई में काम करेगी HPC

पेज 1 से आगे

गुरुवार को चीफ जस्टिस श्री चंद्रशेखर और जस्टिस गौतम अनखड की बेंच ने कहा कि हम किसी की आलोचना नहीं कर रहे हैं, लेकिन इतना जरूर चाहते हैं कि नागरिक शुद्ध हवा में जीएं और सांस लें। महानगरपालिकाएं, मैकडों पन्नों का हलफनामा दायर करने की बजाय अदालत के निर्देशों को लागू करें। बीएमसी का प्लांट्स स्क्वॉड बिल्कुल भी काम नहीं कर रहा है। स्क्वॉड प्रभावी ढंग से कंस्ट्रक्शन साइट का प्रभावी ढंग से निरीक्षण करने में विफल दिख रहा है। अधिकारियों ने गंभीर कदम जरूर उठाए होंगे, लेकिन उनके परिणाम नहीं दिख रहे हैं।

बेंच ने आगे कहा कि मामले में बीएमसी और नवी मुंबई महानगरपालिका एवं महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीसीबी) के कदम संतोषजनक नहीं दिखे। प्रदूषण रोकने के लिए गाइडलाइन के 28 निर्देशों को भी कड़ाई से लागू करने में सफलता नहीं मिली है। अथॉरिटी ने

कमिटी करेगी अदालत के आदेश के अमल की निगरानी और रिपोर्ट की समीक्षा

आदेशों का पालन प्रभावी ढंग से नहीं किया है। दिसंबर, 2025 में प्रदूषण का स्तर गंभीर था।

बेंच ने कहा कि मामले में पेश की जाने वाली रिपोर्ट को सीमित समय में देख पाना संभव नहीं है। इसलिए हाई पावर कमिटी का गठन उपयुक्त नजर आ रहा है। कमिटी के सदस्यों को सभी सुविधाएं दी जानी चाहिए। कमिटी के पास सिफारिशें देने का अधिकार होगा। कमिटी को कुछ शक्तियां देने पर भी विचार किया जाएगा। बेंच ने प्रदूषण प्रभावित लोगों को मुआवजा देने के सुझाव का भी जिक्र किया। एमपीसीबी सिर्फ हलफनामे के भरोसे काम चला रहा है।



Kaushik Naik



लोकल ट्रेन में प्रफेसर की हत्या में इस्तेमाल हुआ हथियार मिला

आज खत्म हो रही है आरोपी ओमकार शिंदे की रिमांड

Manish.Jha@timesofindia.com

■ **मुंबई :** बोरीवली जीआरपी ने मुंबई लोकल ट्रेन में एनएम कॉलेज के प्रफेसर आलोक सिंह (33) की कथित हत्या में इस्तेमाल मुकीले औजार (मेटल पॉलिश पाना) को बरामद कर लिया है। इसे वह वारदात को अंजाम देने के बाद कुरार की ओर भागने के दौरान फेंक दिया था। जीआरपी का दावा है कि इसी औजार से शिंदे ने सिंह पर हमला किया था।

जीआरपी के अनुसार आरोपी ओमकार शिंदे की रिमांड आज यानी 30 जनवरी, शुक्रवार को खत्म हो रही है। पुलिस ने आरोपी के पिता का बयान भी दर्ज किया है, साथ ही पूरे घटनाक्रम के सीन-रीक्रिएशन की तैयारी की जा रही है। बता दें कि 18 जनवरी की शाम को मालाड स्टेशन पर सिंह पर जानलेवा हमला हुआ था। गंभीर रूप से जख्मी सिंह को शताब्दी अस्पताल में भर्ती करने से पहले मौत हो गई थी। बोरीवली जीआरपी के सीनियर पीआई दत्ता खुपेकर के मार्गदर्शन में केस की जांच जारी है।

> आलोक सिंह की हत्या में इस्तेमाल किए गए कथित नुकीले औजार को जीआरपी ने बरामद कर लिया है। 30 जनवरी को गिरफ्तार आरोपी ओमकार शिंदे की पुलिस रिमांड समाप्त हो रही है। हम माननीय कोर्ट से आरोपी की रिमांड बढ़ाने की अपील करेंगे।
> -दत्ता खुपेकर, सीनियर पीआई (बोरीवली जीआरपी)

सीन-रीक्रिएशन से करेंगे केस सबूत

बोरीवली जीआरपी पूरे घटनाक्रम का नाटकीय रूपांतरण यानी सीन रीक्रिएशन कराने की तैयारी कर रही है। इसमें यह समझने की कोशिश होगी कि विवाद कैसे शुरू हुआ, ट्रेन में दोनों की पोजिशन क्या थी और हमला किस तरह किया गया। इससे वैज्ञानिक सबूत मिलेंगे और केस मजबूत होगा।

पिता ने कहा- 'बचपन से गुस्सैल है बेटा'

जांच अधिकारियों के अनुसार, आरोपी शिंदे के पिता ने पुलिस को बताया है कि उसका बेटा बचपन से ही गुस्सैल स्वभाव का है। वह छोटी-छोटी बातों पर आपा खो देता है। पुलिस ने आरोपी का काउंसिलिंग करने की भी तैयारी करने की बात कही है।

महिलाओं के सामने अपमान का बदला

आरोपी शिंदे ने पुलिस को बताया कि ट्रेन में आलोक सिंह ने उसकी महिलाओं के सामने धक्का दिया और बदसलूकी की। इस अपमान से उसका गुस्सा बेकाबू हो गया और उसने जेब में रखे पॉलिश पाना से हल्का हमला कर सिंह को सबक सिखाने की सोची। उसका हमला करने का पहले से कोई इरादा पहले से नहीं था। उसे नहीं मालूम था कि वार इतना गहरा असर करेगा जिससे मौत हो जाएगी।

फटाफट खबरें

NCB ने नष्ट की 341 किलोग्राम ड्रग्स

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की मुंबई क्षेत्रीय इकाई ने 1.8 टन मफेड्रोन और 341 किलोग्राम अन्य जब्त नशीले पदार्थों को नष्ट किया है। एनसीबी के अनुसार, यह ड्रग्स महाराष्ट्र और दिल्ली के विभिन्न इलाकों से बरामद किए गए थे, जो एक बड़े अंतरराष्ट्रीय ड्रग रैकेट से जुड़े मामले का हिस्सा था। इस मामले में एक विदेशी नागरिक सहित कुल 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

2 आदिवासी समेत 25 पर केस दर्ज

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** नेशनल पार्क में 26 जनवरी को पुलिस बल पर कथित पथराव व सरकारी काम में हस्तक्षेप के आरोप में कस्तूरब मार्ग पुलिस ने 2 आदिवासी समेत 25 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। दोनों आरोपी आदिवासी नवापाडा के हैं, जो नेशनल पार्क में मौजूद आदिवासी बस्ती है। यहां गणतंत्र दिवस पर तोड़फोड़ दस्ता के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया था, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए केस दर्ज किया है।

रेलवे बोर्ड में मेंबर बनाए गए वीके गुप्ता

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** वेस्टर्न रेलवे के महाप्रबंधक (जीएम) और सेंट्रल रेलवे के अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे विवेक कुमार गुप्ता का तबादला रेलवे बोर्ड में हो गया है। उन्हें रेलवे बोर्ड में मेंबर (इन्फ्रास्ट्रक्चर) नियुक्त किया गया है। विवेक कुमार गुप्ता ने 11 जुलाई 2025 को पश्चिम रेलवे के जीएम का पदभार संभाला था। जिम्मेदारी के तहत उन्हें दैशभार में रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास, आधुनिकीकरण और परियोजनाओं की निगरानी करनी होगी।

चुनावों की तारीख दो दिन बढ़ी

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन के कारण राज्य सरकार ने तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। इसके चलते 12 जिला परिषदों और 125 पंचायत समितियों के चुनाव और मतगणना दो दिनों के लिए टाल दिए गए हैं। अब मतदान 5 फरवरी के बजाय 7 फरवरी को होगा और मतों की गिनती 9 फरवरी की जाएगी। गुरुवार को राज्य चुनाव आयोग ने नए तारीखों का ऐलान किया है। मतदान का समय सुबह 7:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक रहेगा। चुनाव प्रचार 5 फरवरी की रात 10 बजे समाप्त होगा, वहीं मतगणना 9 फरवरी को सुबह 10 बजे से शुरू होगी।

अभिनेत्री पर करोड़ों की ठगी का आरोप

Akhilesh.Tiwari@Timesofindia.com

मुंबई के घाटकोपर इलाके में रहने वाले एक व्यापारी से 300 करोड़ रुपये छुड़ाने के नाम पर साढ़े 11 करोड़ रुपये की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस मामले में भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा अग्रवाल और उनके पति विवेक सिन्हा के खिलाफ पंतनगर पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है।

एफआईआर के अनुसार, घाटकोपर के गरोडिया नगर निवासी हितेश अग्रमेरा पेशे से कस्टम क्लियरिंग एजेंट है। गोवा में जमीन बिक्री के सिलसिले में उनकी पहचान शांतिलाल पटेल से हुई थी। पटेल ने ही अग्रमेरा की मुलाकात आकांक्षा और उनके पति विवेक से कराई। पटेल ने बताया था कि दोनों फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े हैं और मुंबई में उनका स्टूडियो है। विवेक ने बताया कि उन्होंने 300 करोड़ रुपये कमाए हैं, जो बिहार के चंपारण इलाके में एक गोदाम में रखे हैं। गोदाम का किराया 11.50 करोड़ रुपये बताया गया, जो न चुका पाने के कारण रकम बाहर नहीं निकाली जा पा रही थी। मदद के बदले विवेक ने 300 करोड़ में से 200 करोड़ रुपये कुछ वर्षों के लिए बिना ब्याज देने का लालच दिया।

झांसे में आया पीड़ित

शुरुआत में अग्रमेरा ने प्रस्ताव टालने की कोशिश की, लेकिन भारी रकम के लालच में वे तैयार हो गए। उन्होंने गोदाम मालिक से मुलाकात की, जिसने समझौते की प्रति दिखाकर किराये की पुष्टि की। इसके बाद अग्रमेरा ने तीन किस्तों में कुल 11.50 करोड़ रुपये विवेक के खाते में ट्रांसफर कर दिए। बाद में अग्रमेरा शांतिलाल पटेल के साथ बिहार पहुंचे, लेकिन गोदाम और रकम दिलाने का वादा करने वाले विवेक और उसके साथी अचानक गायब हो गए।

पूजा से पहले पिंकी ने दुनिया को कहा-अलविदा

कलवा में पूरा दिन रहा मातम का माहौल

■ **अनिल कुमार शुक्ल, ठाणे**

उप मुख्यमंत्री अजित पवार के साथ हुए विमान हादसे में मारी गई फ्लाइट अटेंडेंट पिंकी माली की मौत से ठाणे के कलवा स्थित रेंबिरिया सोसाइटी में शोक की लहर फैल गई है। पिंकी अपने पति सोमविकार गैनी के साथ इसी सोसाइटी में रहती थी। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के केराकत तहसील स्थित बैस गांव की रहने वाली पिंकी का विवाह करीब ढाई साल पहले हुआ था। डेढ़ साल पहले दंपती ने कलवा में यह घर लिया था और पिछले एक साल से यहीं रह रहे थे।

- शिवाजी पार्क में अंतिम संस्कार। लोगों ने श्रद्धांजलि दी।
- पिता ने बयान दिया।
- भाई को पायलट बनाना चाहती थी।

मायके में हुआ अंतिम संस्कार

पड़ोसियों के अनुसार पिंकी और उसके पति का स्वभाव बेहद सरल और प्रेमपूर्ण था। वह कभी यह अहसास नहीं होने देती थी कि वह फ्लाइट में काम करती है या बड़े राजनीतिक और औद्योगिक हस्तियों के बीच उसका उठना-बैठना है।

गुरुवार सुबह पिंकी का पार्थिव कुछ समय के लिए कलवा स्थित उसके घर लाया गया। इसके बाद पार्थिव को मुंबई के प्रभादेवी स्थित मायके ले जाया गया, जहां अंतिम संस्कार किया गया। पार्थिव के पहुंचते ही सोसाइटी में रहने वाले लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

पड़ोसी मंगेश नवले ने बताया कि घर में फर्नीचर का काम चल रहा था और काम पूरा होने के बाद सत्यनारायण भगवान की पूजा रखी गई थी। किसी ने सोचा भी नहीं था कि पूजा से पहले ही पिंकी इस दुनिया को अलविदा कह देगी।

5 सालों से क्रू मेंबर थी पिंकी माली

NBT रिपोर्ट, मुंबई : पिंकी माली का अंतिम संस्कार शिवाजी पार्क श्मशान घाट में किया गया। पड़ोसियों और दोस्तों ने उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की। पिंकी के पिता शिवकुमार माली ने कहा कि वह अपने बड़े भाई को पायलट बनना चाहती थी। शिवकुमार ने बताया कि पिंकी पिछले पांच सालों से क्रू मेंबर के तौर पर काम कर रही थी।

QR CODE स्कैन करें या 1800 1205474 पर कॉल करें

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 30-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP6 User: cci Time: 01-29-2026 22:55 Color:

MP और MLA के केसों की जानकारी को बने ऐप: HC

कोर्ट ने कहा- पुलिस स्टेशनों, जेलों के एकीकरण पर भी हो विचार

Krishna.Shukla@timesofindia.com

■ **मुंबई:** बॉम्बे हाई कोर्ट ने मौजूदा और पूर्व सांसद एवं विधायकों के खिलाफ पेंडिंग मुकदमों की जानकारी के लिए ऐप विकसित करने पर जोर दिया है। गुरुवार को जब MP और MLA के केसों के संबंध में जानकारी मंगाने के संबंध में एक दस्तावेज दिया,तो कोर्ट ने कहा कि कागज में यह जानकारी उपलब्ध कराने की बजाए इसे इलेक्ट्रॉनिक फार्म में दिया जाए। यह कोई नई बात नहीं है। देश के कई राज्यों में इस तरह का ऐप उपलब्ध है। ऐसे केसों की सूचनाएं इस तरीके से अपेक्षित नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश तहत बॉम्बे हाईकोर्ट ने इस मुद्दे का स्वतः संज्ञान लिया है। साल 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने देश की सभी हाई कोर्ट को इस मुद्दे की निगरानी करने और और यह सुनिश्चित करने का कहा है कि निर्वाचित प्रतिनिधियों के खिलाफ लंबित मामलों का शीघ्रता से निपटारा हो। पिछले साल पेश एक रिपोर्ट में मौजूदा और पूर्व MP और MLA के खिलाफ 467 मुकदमों के पेंडिंग होने का खुलासा हुआ था। यह केस मुंबई, औरंगाबाद, नागपुर सहित 35 जिलों के अलावा गोवा और केंद्र शासित प्रदेश दादरा नगर-हवेली और सिलवासा की निचली अदालतों में पेंडिंग है।

सांसदों, विधायकों के पेंडिंग केसों की सूचना कागज की जगह डिजिटल में हो

चीफ जस्टिस श्री चंद्रशेखर, जस्टिस एन.ने जमादार की बेंच ने पूछा कि अब तक सांसदों,विधायकों से जुड़े कितने मामलों में आरोप तय हुए,सरकारी वकील मानकुंवर देशमुख ने कहा कि आरोप तय होन वाले मामलों की संख्या बहुत कम है। कई मामलों के मुकदमें पर हाईकोर्ट द्वारा रोक लगाने के चलते आगे नहीं बढ़ सकें। कुछ केसों में आरोपियों तक समन नहीं पहुंचे है। इस पर बेंच ने पूछा कि क्या आपके पास आरोपियों के पते नहीं है। केसों की जानकारी मंगाने के संबंध में सुझाव स्वरूप बेंच के सामने सरकारी वकील ने एक दस्तावेज पेश किया। इस पर बेंच ने सरकारी वकील से कहा कि ऐसे केसों की जानकारी के लिए ऐप विकसित हो। जिसमें हर हफ्ते या महीने में जानकारी अपडेट की जाए।

इस बीच बेंच ने सरकारी वकील से पुलिस स्टेशनों और जेलों के इंटीग्रेशन(एकीकृत) करने पर भी सवाल किए। इसके साथ ही कहा कि सारे पुलिस स्टेशनों और सभी जेलों को एकीकृत करने पर विचार किया जाए। यह सुविधा विधि सेवा प्राधिकरण की पहुंच में भी रखी जाए। एकीकृत करने से यदि किसी महिला के खिलाफ केस दर्ज होता है,या किसी नाबालिग को कानूनी सहायता की जरूरी है,तो वह प्राधिकरण द्वारा आसानी तक जस्टलमेंट तक पहुंचाई जा सकेगी। बेंच ने कहा कि सरकारी वकील यह सुनिश्चित करें कि अदालत में सुनवाई के दौरान पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

उद्धव और शिंदे और परांजपे के खिलाफ केस होंगे वापस

हाई कोर्ट ने प्रचार सभा में सीडी दिखाने को लेकर UBT प्रमुख उद्धव ठाकरे, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे। आनंद परांजपे के खिलाफ दर्ज केस को वापस लेने के संबंध में मंजूरी दे दी है। कोलसेवाडी पुलिस स्टेशन में इनके खिलाफ केस दर्ज किया गया था। सरकारी वकील देशमुख ने केस वापस लेने की मंजूरी के संबंध में आवेदन किया था। हालांकि इस दौरान बेंच ने कहा कि मामले में मानहानि से जुड़ी धारा भी है। सरकारी वकील ने केस वापस लेने के लिए कुल तीन आवेदन दायर किए थे। सरकार ने राजनीतिक आंदोलन और धरना प्रदर्शन को लेकर दर्ज केस वापस लेने के लिए हाई पावर कमिटी बनाई है। कमिटी की सिफारिश के आधार पर केस वापस लेने का निर्णय किया जाता है। लेकिन इसके लिए पहले हाई कोर्ट की मंजूरी लेनी पड़ती है। फिर मंजूरी लेने के बाद मैजिस्ट्रेट कोर्ट में आवेदन किया जाता है। सारे आवेदनों पर गौर करने के बाद बेंच ने कहा कि हम इस पर बाद में आदेश देंगे। सरकारी वकील ने बताया कि केस वापस लेने के आवेदन को मंजूरी मिल चुकी है।

BMC के ICU टेंडर को मिली रफ्तार

12 उपनगरीय अस्पतालों में ICU योजना, 153 बेड के लिए टेंडर

Suraj.Pandey@timesofindia.com

■ **मुंबई:** बीएमसी के उपनगरीय अस्पतालों में आईसीयू संचालन की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। यदि सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो आगामी डेढ़ से दो महीने में आईसीयू पूरी क्षमता के साथ शुरू हो जाएंगे, जहां अनुभवी और प्रशिक्षित डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

बीएमसी ने 12 उपनगरीय अस्पतालों में आईसीयू चलाने के लिए टेंडर जारी किया था। काफी समय तक अच्छे रिस्पांस न मिलने के बाद अब पूरी प्रक्रिया ने गति पकड़ ली है। कुल 153 बेड के लिए जारी इस टेंडर में ठेकेदार को केवल डॉक्टर उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी दी गई है। टेंडर की शर्तों के अनुसार, हर आईसीयू में तीन शिफ्टों में एक एमबीबीएस और एक पोस्ट ग्रेजुएट डॉक्टर, एक ऑन-कॉल पीजी कंसल्टेंट तथा छुट्टियों के लिए अतिरिक्त एक एमबीबीएस और एक पीजी डॉक्टर की व्यवस्था अनिवार्य होगी। इस तरह हर आईसीयू के लिए कुल नौ डॉक्टरों की मासिक सेवा तय की गई है।

प्रति बेड की कीमत तय

बीएमसी के एक वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि आईसीयू चलाने के लिए 3 ठेकेदारों ने रुचि दिखाई है। इसके बाद 'सी' पैकेट खोले जा चुके हैं और रेट भी तय कर ली गई है। प्रति बेड 2600 से 2850 रुपये के बीच दर तय की जा रही है।

अब फाइल चीफ मेडिकल सुपरिटेंडेंट के माध्यम से एडिशनल म्युनिसिपल कमिश्नर के पास भेजी जाएगी। नगरसेवकों का चयन हो जाने के कारण प्रस्ताव को अनुमोदन के लिए स्टैंडिंग कमेटी के समक्ष रखा जा सकेगा। वहां से मंजूरी मिलने के बाद ठेकेदार की नियुक्ति कर दी जाएगी।

आईसीयू शुरू होने से मरीजों को घर के समीप ही अनुभवी डॉक्टरों से इलाज मिल सकेगा। हालांकि, पिछली बार निजी हाथों में आईसीयू संचालन बीएमसी के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हुआ था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पिछले बार से अनुभव लेकर इस बार सभी बातों का ध्यान रखकर टेंडरिंग प्रक्रिया की गई है। पहले की तरह डॉक्टर नदारद रहने पर ठेकेदार पर मोटा जुर्माने का भी प्रावधान है

42 लाख की ई-सिगरेट हुई जब्त

एक आरोपी गिरफ्तार, 2880 पॉड भी बरामद

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** प्रॉपर्टी सेल ने कालबादेवी के चिरा बाजार में 42 लाख के 384 ई-सिगरेट और 2,880 पॉड जब्त किए हैं। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार रूटीन गश्त के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति दिखा, जिसे रोक कर तलाशी ली गई, तो 23,04,000 रुपये मूल्य के 384 मूल डिवाइस (ई-सिगरेट), 18,00,000 रुपये मूल्य के मूल पॉड्स और 1 लाख की एक काली ई-बाइक बरामद हुई। जब्त सामग्री की कीमत 42,04,000 रुपये है। इस मामले में पुलिस ने ई-सिगरेट निषेध अधिनियम, 2019 के तहत मामला दर्ज किया है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी राज तिलक रोशन के नेतृत्व में एसीपी सदानंद राणे की टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

कानूनी रोक: इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम (PECA), 2019 के तहत, ई-सिगरेट, ई-हुक्का, वेप (vape) समेत इससे संबंधित उपकरणों पर देश भर में पूरी तरह रोक है।

क्या होता है ई-सिगरेट?

ई सिगरेट बैटरी से चलने वाला डिवाइस होता है, जिसमें निकोटिन और दूसरे हानिकारक लिक्विड भरा रहता है। कश लेने पर हिटिंग डिवाइस लिक्विड को गर्म कर भाप बना देता है। इसे 2023 में चीनी फार्मासिस्ट होन लीन द्वारा ईजाद किया गया था।

फटाफट खबरें

टैंपो की टक्कर से वृद्ध की मौत

■ **NBT न्यूज, वसई :** माणिकपुर के ओमनगर एरिया में बुधवार रात सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार वसई (वेस्ट) के दिवानमान स्थित साई गार्डन निवासी हरिश्चंद्र कुंदर (63) बुधवार रात 9 बजे पंचवटी स्थित ओमनगर, मनसी बिल्डिंग के पास पैदल घर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार टैंपो ने उन्हें टक्कर मार दी। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी टैंपो चालक राजकुमार रामदुलारे यादव (18) को गिरफ्तार कर लिया है।

सड़क हादसे में महिला की मौत

■ **NBT न्यूज, कल्याण :** डोंबिवली (वेस्ट) में गुरुवार को सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार जगदंबा नगर निवासी नम्रता सालवी (52) किसी काम से डोंबिवली रेलवे स्टेशन गई थीं। लौटते वक्त गोपीनाथ चौक के पास एक ट्रक ने उनकी स्कूटी को ठोकर मार दी, जिस पर वे पीछे बैठी हुई थीं। स्कूटी देविदास राणे (29) चला रहे थे। ट्रक के नीचे आ जाने से नम्रता की मौके पर ही मौत हो गई।

किसानों का लॉन्ग मार्च स्थगित

■ **NBT न्यूज, भिवंडी :** ऑल इंडिया किसान सभा (एआईकेएस) महाराष्ट्र के बैनर तले आयोजित नासिक-मुंबई किसान लॉन्ग मार्च को गुरुवार को शहापुर-भातसा फाटा इलाके में राज्य सरकार की ओर से मिले आश्वासनों के बाद स्थगित कर दिया गया। यह निर्णय नासिक के जिलाधिकारी आयुष प्रसाद द्वारा प्रदर्शन स्थल पर पहुंचकर किसानों के प्रतिनिधियों से विस्तृत बातचीत के बाद लिया गया।

दिवंगत अजित पवार को श्रद्धांजलि

■ **NBT न्यूज, नवी मुंबई :** नवी मुंबई मनपा मुख्यालय में गुरुवार को शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मनपा आयुक्त कैलास शिंदे ने पवार की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों तथा नागरिकों के साथ मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

भिवंडी में टला आगरी महोत्सव

■ **NBT न्यूज, भिवंडी :** उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन से भिवंडी के सेनाले ग्राम पंचायत खेल मैदान में चल रहे आगरी महोत्सव को टाल दिया गया है। आयोजकों ने सभी निर्धारित कार्यक्रम स्थगित करते हुए शोकसभा की, जिसमें दिवंगत डीसीएम को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान पूरे परिसर की लाइटें बंद कर दी गईं और मोबाइल की रोशनी में मौन रखा गया।

निवेश के नाम पर ठगी, 3 अरेस्ट

■ **NBT न्यूज, नवी मुंबई :** नवी मुंबई साइबर पुलिस ने शेयर और फॉरेक्स ट्रेडिंग में अधिक मुनाफा दिलाने का लालच देकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक फर्जी मोबाइल एप के जरिए निवेश की गई राशि और उस पर मिलने वाला काल्पनिक मुनाफा दिखाकर कुल 56 लाख 27 हजार रुपये की ठगी की।

महिला से रेप, पुलिस केस दर्ज

■ **NBT न्यूज, विरार :** ठाणे निवासी 26 वर्षीय महिला ने आरोप लगाया कि विरार निवासी एक शख्स ने उनसे प्रेम संबंध बनाए और फिर उसके साथ बलात्कार किया। आरोपी ने पीड़िता के साथ की अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल की है। पीड़ित महिला की शिकायत पर अर्नाला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच जारी है।

ncrtc राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लि.
(भारत सरकार एवं प्रतिभागी राज्य सरकारों का एक संयुक्त उपक्रम)

ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है— ई-निविदा सूचना

निविदा सं.: डीओ/यूटी/सीओसी-ओएम/038 — निविदा आईडी 2026_एनसीआरटीसी_... 1

ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय: 02.03.2026 (1500 बजे तक) — इस्ता./- ई-टी/टेलिफोन

निविदा सं.: डीएस/एसएस/सीपीएम-ओएम/206 — निविदा आईडी 2026_एनसीआरटीसी_... 1

ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय: 02.03.2026 (1500 बजे तक) — इस्ता./- जीजीएम/सिविल/सो एंड एम

विस्तृत जानकारी एवं आनुषंगिक शुद्धिपत्र के लिए कृपया www.ncrtc.in या www.etenders.gov.in/eprocure/app को देखें।

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI
प्रधान कार्यालय, सूचना प्रौद्योगिकी (सुशासन एवं क्षेत्रा) विभाग, स्टार हाउस -3, पीएनसी-बीओआई टावर, सी-29, जी ब्लॉक, 10वां तल, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400051. ई-मेल: Headoffice.ITProc@bankofindia.bank.in

प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी)

संदर्भ सं.:बीओआई:एचओ:सूचना प्रौद्योगिकी (सुशासन एवं क्षेत्रा): ...:6731, दिनांक 23.01.2026, GeM निविदा सं. GEM/2026/बी/7146717, दिनांक 23.01.2026 ...

इसके बाद यदि कोई परिवर्तन होगा, तो उसे बैंक की वेबसाइट एवं GeM पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाएगा। बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि: 13.02.2026

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI
प्रधान कार्यालय, सूचना प्रौद्योगिकी(सुशासन एवं क्षेत्रा) विभाग, स्टार हाउस -3, पीएनसी-बीओआई टावर, सी-29, जी ब्लॉक, 10वां तल, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400051 ई-मेल: Headoffice.ITProc@bankofindia.bank.in

प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी)

लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (LMS), ट्रेनिंग मैनेजमेंट सिस्टम (TMS) और मोबाइल एप्लिकेशन ...

संदर्भ संख्या: BOI:HO:IT(G&E):LMS:8761, दिनांक: 23.01.2026, जीईएम (GeM) बोली सं. GEM/2026/B/7146090, दिनांक 23.01.2026

... बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि: 13.02.2026

राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान
(द्वितीय तल, विकास खण्ड, सचिवालय, जयपुर)
email- secraj@rajasthan.gov.in, FAX 0141-2227280, 2227072

क्रमांक: F3 (53) / पंचा. / स्टोर / सामिग्रा / 2025/1122 — दिनांक:- 28.01.2026

अल्पकालीन बोली संशोधन सूचना

... NIB CODE-(930)2026_SECRJ_531721_1
UBN-SEC2526GLRC00015

सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान, जयपुर

मुंबई सीमा शुल्क
ई-नीलामी सह ई-निविदा

... ई-नीलामी में भाग लेने के लिए एकमुश्त पंजीकरण शुल्क केवल 5000/- रुपये है। लॉट (नीलामी कैटलॉग) का विवरण www.mumbaicustomszone1.gov.in और www.mstcindia.co.in पर उपलब्ध है। ... www.mstcecommerce.com ... फोन नंबर 022-22872011/22886261 या मुंबई सीमा शुल्क, निपटान (जी) यूनिट, न्यू कस्टम हाउस, बैलार्ड एस्टेट, मुंबई, फोन नंबर 022-22757762 से संपर्क करें। ...

The Brihanmumbai Electric Supply & Transport Undertaking
(OF THE BRIHANMUMBAI MAHANAGARPALIKA)

निविदा सूचना

निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

(1) 81284 - विभिन्न आकारों में हीट श्रिंकेबल इंसुलेटिंग स्लीव्स, (2) 81285 - एलईडी ट्यूब लाइट जिसकी वाट क्षमता < या =20 वॉट है और जो 36 वॉट की एफटीएल टी8 प्रकार की ट्यूब लाइट को बदलने के लिए उपयुक्त है, (3) 81272 - एसएमएस गेटवे सेवाएं, (4) बृहन्मुंबई की सीमाओं के भीतर उपक्रम के स्क्रैप, सेवा योग्य / गैर-सेवा योग्य सामग्री जैसे तेल, केबल, ट्रांसफार्मर, ड्रम, टायर, ट्यूब, लौह/गैर-लौह धातु आदि की बिक्री के लिए ई-नीलामी आयोजित करने हेतु नीलामीकर्ता की नियुक्ति, जब और जहाँ आवश्यक हो, (5) 81289 - वारंटी और विस्तारित वारंटी के साथ i5पीसी, i3पीसी, टैब और प्रिंटर की खरीद,

पुनः आमंत्रित ई-निविदाएं

(6) 80997, (7) 81073, (8) 81139, (9) 81140, (10) 81199, (11) 81206 (शुद्धिपत्र), (12) 81130, (13) 81200, (14) 81034, (15) 81203.

नोट: अधिक जानकारी के लिए, वेबसाइट https://mahatenders.gov.in पर लॉग ऑन करें।

पीआरओ/एएम(एम)/115/2026 — महाप्रबंधक

सार्वजनिक सूचना

हमारा मुवक्किल वन मिलियनेयर कंस्ट्रक्शन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के साथ बातचीत कर रहा है, जो कंपनी कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत निगमित है और कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के तहत वैध रूप से मौजूद है, जिसका सीआईएन U45200MH2006PTC160541 है और जिसका पंजीकृत कार्यालय पहली मंजिल, ... 052 ("इच्छुक हस्तांतरणकर्ता") ... "उक्त संपत्ति" ...

अनुसूची
उक्त संपत्ति का विवरण

(क) वाणिज्यिक इकाई संख्या 1 जिसका माप 1402 वर्ग फुट कार्पेट क्षेत्र है, ... 130.25 वर्ग मीटर ... 1891 वर्ग फुट ... 175.67 वर्ग मीटर ...

दिनांक 30 जनवरी, 2026 — अधिवक्ता और सॉलिसिटर।

पनवेल महानगरपालिका
ता. पनवेल, जि. रायगड, पिन नं. ४१० २०६

जा.क्र. पमपा/पायुवि/३१२५/प्र.क्र. ०१/२० /२०-२६ — दि. २९/०१/२०२६

निविदा सूचना

अ.क्र.	निविदा क्र.	कामाचे नाव	अंदाजपत्रकीय रक्कम
१	PMC/ WS/ 36/ 2025-26	पनवेल महानगरपालिका क्षेत्रात ३ वर्षाकरिता पिण्याचे पाणी पुरवठा करण्याकरिता टँकर भाड्याने पुरविणे (दुसरी बोली).	रु. १०,४१,१२,०००/-

वरील ई-निविदेबाबतची माहिती शासनाच्या http://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दि. ३०.०१.२०२६ रोजी प्रसिध्द करण्यात येईल. संबंधित निविदाधारकांनी याची नोंद घ्यावी.

सही/-
(गणेश शेटे)
अतिरिक्त आयुक्त-१
पनवेल महानगरपालिका

IN THE HIGH COURT OF DELHI AT NEW DELHI
Notice Under Order V Rule 20 Code of Civil Procedure

RFA No. 52/2025, CM APPLs 3434/2025, 8700/2025 & 49243/2025
Appeal against the Order dated 30.09.2024
Passed by Shri. Abhitosh Pratap Singh Rathore, District Judge-04, South District, Saket Courts, New Delhi
In Suit No.: CS DJ 633/2017

SWIFT FREIGHT INDIA PVT LTD — APPELLANT
VERSUS
MR. SANJAY GUPTA & ORS. — RESPONDENTS

Notice to: **Respondent No.3**
M/s Indo Marine Shipping Services,
Through its Director Ms. Sangeeta Moore,
Registered Office at Mayuresh Cosmos, Office No. 705,
Sector 11, CBD Belapur, Navi Mumbai-400614
Email: sangeeta.indomarineship@outlook.com
salesindomarine.shipp@gmail.com

Whereas the above-noted appellant has presented an appeal under Section 96 CPC along with the above-mentioned applications which was listed before the Court on **20.01.2025** and on other subsequent dates and the Court ordered issuance of notice to you.

And whereas it has been proved to the satisfaction of the Court that you cannot be served in the ordinary manner, Notice is hereby issued that, if you wish to defend the above-mentioned appeal and applications, you may cause an appearance to be entered on your behalf either personally or through an advocate duly appointed by you for the purpose before the **Court** on **05.02.2026 (actual) at 10:30 a.m.**

If no appearance is made on your behalf, by yourself, your pleader or someone authorized by law to act for you in the said appeal and applications on the aforementioned date, no further notice of the subsequent date of hearing of the said appeal and applications will be given and the same will be heard and determined ex-parte in your absence.

Given under my hand and the seal of this Court on this **21st day of January, 2026.**

Assistant Registrar (Appl.) (Civil-III)
for REGISTRAR GENERAL

SECTION - I: NOTICE INVITING TENDER (NIT)

RFP for the Appointment of Project Management Agency (PMA) for SPMG/ Bihar State Ganga River Conservation & Program Management Society (BGCMS)

Urban Development and Housing Department
Govt. of Bihar
1stFloor, Vikas Bhawan, New Secretariat, Patna–800015
(Tel:0612-2215580,2215385;Fax:2217059,2231566;
Email: urbansec-bih@nic.in,
Website:https://state.bihar.gov.in/urban

1. Urban Development & Housing Department, Gov. of Bihar, invites proposals from eligible firms to select a Consultant for the Appointment of Project Management Agency (PMA) for SPMG/ Bihar State Ganga River Conservation & Program Management Society (BGCMS)
2. Interested Consultancy Firms may download the complete Request for Proposals (RFP) Document, from website: https://eproc2.bihar.gov.in or **https://state.bihar.gov.in/urban.**

-	PARTICULARS	-
1	Website for submission of proposal	www.eproc2.bihar.gov.in/
2	Mode of Submission	Online submission through eproc2 portal (www.eproc2.bihar.gov.in) and at the same time submission of Hard copies of Tender fee, Bid Security, payment proof, original copy of affidavit, declaration regarding Blacklisting and Power of Attorney as per RFP document at UD&HD office at Vikas Bhawan Patna
3	Last date and time for Submission of Technical Proposal on www.eproc2.bihar.gov.in	26/02/2026 up to 05:00 PM
4	Date and time of Pre bid meeting	05/02/2026 by 12:00 PM https://urbansec.webex.com/urbansec/j.php?MTID=mac8cadc90a45226ea2f7749b69954a8b Meeting number: 2518 284 0302 Password: 12345
5	Last date and time for Submission of Hard Copies (Tender fee, payment proof, original copy of affidavit, Blacklisting and Power of Attorney as per RFP document)	27/02/2026 up to 03:00 PM Urban Development and Housing Department, Govt. of Bihar,1st Floor, Vikas Bhawan, New Secretariat, Patna – 800015
6	Date and time of opening of Technical Bids	27/02/2026 at 03:30 PM
7	Date and time of opening of Financial Bids	Will be intimated later to successful bidders
8	Method of Selection	QCBS method of evaluation (weightage 70:30)

For participating in e-RFP process, the applicant shall have to get them registered to get user ID Password and digital Signature. This will enable them to access the website- www.eproc2.bihar.gov.in and participate in e-tender. Those who are not registered in e-tendering systems, they may contact **"e- procurement HELPDESK, Mjunction Services Limited, RJ Complex,2nd Floor, Canara Bank Campus, Khajpura, Ashiana Road, P.S.-Shastri Nagar, Patna -800014" (Toll Free Number:18005726571, Emal: eproc2support@bihar.gov.in) for registration.**

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

PR- 022969 (Urban) 2025-26 — Project Officer cum Assistant Director, Urban Development and Housing Department

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका
(जल अभियंता विभाग)
का.अ.ज. का./सि/3652/परि दि. 28.01.2026

ई - निविदा सूचना

आयुक्त, बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बी.एम.सी.) निम्नलिखित कार्यों के लिए पैकेट ए, बी और सी प्रणाली में प्रतिशत दर के आधार पर ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

विभाग	जल अभियंता
निविदा संख्या	2026_MCGM_1272204
विषय	जी/दक्षिण विभाग के वरली नाका स्थित वरली जल फिलिंग केंद्र पर बने 16 यूनिट चॉल बीएमसी स्टाफ क्वार्टर में सामान्य सिविल मरम्मत कार्य।
निविदा बिक्री प्रारंभ तिथी और समय	दि. 30.01.2026 को सुबह 11.00 बजे
निविदा बिक्री की समाप्ति तिथी और समय	दि. 09.02.2026 को दोपहर 16.00 बजे तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय	दि. 09.02.2026 को दोपहर 16.00 बजे तक
निविदा-पूर्व सभा	लागू नाहीं
पैकेट ए का खोलना (ऑनलाइन)	दि. 11.02.2026 को दोपहर 16.00 बजे के बाद
पैकेट बी का खोलना (ऑनलाइन)	दि. 11.02.2026 को दोपहर 16.15 बजे के बाद
पैकेट सी का खोलना (ऑनलाइन)	दि. 18.02.2026 को दोपहर 15.00 बजे के बाद
वेबसाइट	www.portal.mcgm.gov.in / https://mahatenders.gov.in
ए) नाम	एस. डी. भामरे, उप अभियंता ज. का.(सिविल) रखरखाव
बी) कार्यालय का दूरभाष नंबर	(022) 25126376
सी) मोबाईल सं.	9922156000
डी) ई-मेल आईडी	eewwcivilmaintes.he@mcgm.gov.in

PRO/2809/ADV/2025-26
Avoid Self medication
स्वाक्षरी/- उप जल अभियंता (रखरखाव)

पश्चिम रेलवे
विद्युत कार्य

उप मुख्य विद्युत अभियंता (ए), पश्चिम रेलवे ... मुंबई - 400 013, निविदा सूचना संख्या: EL/WA/PL/2025-26/24, दिनांक: 20/01/2026 ... ₹ 2,38,57,868.16 ... ₹ 2,69,300/- ... 17.02.2026 को 12:00 बजे तक ... www.ireps.gov.in ...

1053

हमें फॉलो करें: facebook.com/WesternRly

पूर्वोत्तर रेलवे

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/प्लांट, यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर ... ई-निविदा ... सीएमई/प्लांट ... ₹ 2,72,69,602.46 ... ₹ 42900.00 ... 20.02.2026, 11.00 बजे ... http://www.ireps.gov.in ...

उप मुख्य यांत्रिक इंजी./प्लांट, यांत्रिक मुख्यालय/यांत्रिक-131 कारखाना, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 30-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP7 User: cci Time: 01-29-2026 22:43 Color:

शंकराचार्य-प्रशासन का विवाद पहुंचा हाई कोर्ट

CBI जांच और अधिकारियों को सस्पेंड करने की मांग

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज



शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और प्रशासन का विवाद इलाहाबाद हाई कोर्ट पहुंच गया है। अधिवक्ता गौरव द्विवेदी ने चीफ जस्टिस को पत्र पिटीशन भेजकर 18 जनवरी मौनी अमावस्या पर हुई घटना की CBI से जांच कराने और प्रयागराज कमिश्नर, डीएम, पुलिस कमिश्नर और मेला अधिकारी को निलंबित करने का आदेश देने की मांग की है। याचिका में नाबालिग ब्राह्मण बटुकों की पुलिस हिरासत में मारपीट करने वाले पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज करने की भी मांग की गई है। याची का कहना है कि प्रयागराज का माघ मेला सनातन धर्म का पवित्र उत्सव है। इसमें मौनी अमावस्या का स्नान पर्व सबसे अहम है। इस बार 18 जनवरी को मौनी अमावस्या पर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जब संगम स्नान के लिए अपने शिष्यों के साथ पालकी से जा रहे थे तो प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने उन्हें जबरन पालकी से उतार दिया और और पैदल जाकर स्नान करने को कहा। इतना ही नहीं, शंकराचार्य के साथ चल रहे 11 से 14 साल के ब्राह्मण बटुकों को हिरासत में लेकर उनसे मारपीट की गई। शिखा (चोटी) पकड़कर उन्हें घसीटा गया।

'नाबालिग बटुकों से मारपीट जुवनाइल जस्टिस एक्ट का उल्लंघन'

याची का कहना है कि नाबालिग बटुकों से ऐसी ज्यादती जुवनाइल जस्टिस एंड प्रोटेक्शन एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन है। एक्ट में नाबालिग बच्चों की सुरक्षा और उनकी गरिमा की गारंटी दी गई है। बटुकों की शिखा खींचना सनातन धर्म को अपमानित करना भी है। यह बच्चों के साथ क्रूरता है। याची का कहना है कि प्रशासन ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से सुप्रीम कोर्ट में लंबित एक मामले का हवाला देकर उनके शंकराचार्य के पद पर विराजमान होने पर सवाल उठाया है। जबकि शंकराचार्य की नियुक्ति की तय धार्मिक प्रक्रिया है, जो अखाड़ों और काशी विद्वत परिषद के माध्यम से संपन्न होती है। प्रशासन को उस पर सवाल उठाने का अधिकार नहीं है। याचिका में कहा गया है कि पुलिस और प्रशासन की कार्यवाही से कानून के समक्ष समानता, शांतिपूर्ण सभा करने और विचरण करने तथा धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों का हनन हुआ है। याचिका में धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए उचित आदेश देने की भी मांग की गई है।

बांके बिहारी मंदिरः दरवाजे पर लगाई चांदी कई जगह से गायब

■ **एनबीटी न्यूज, मथुरा:** विश्व प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में चंदन कोठरी के दरवाजे पर लगी चांदी की परत के कुछ हिस्से गायब दिखने पर सोशल मीडिया पर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। लोगों ने इसे चोरी से जोड़कर देखना शुरू कर दिया। हालांकि, अब मंदिर की हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमिटी ने कहा है कि चांदी की चोरी नहीं हुई है। चांदी के गलने की वजह इत्र बताया गया है। कमेटी सदस्य दिनेश गोस्वामी ने कहा कि जिस जगह से चांदी गायब दिख रही है, वहां नियमित रूप से इत्र लगाया और घिसा जाता है।

इत्र लगाने से गल रही चांदीः हाई पावर्ड कमिटी

उन्होंने बताया कि मंदिर में दो स्थानों पर करीब 30 किलो चांदी से किवाड़ मढ़वाए गए थे। चंदन कोठरी के दरवाजे पर लगी चांदी भी एक भक्त की भेंट है। यहां भक्तों की आस्था इतनी गहरी है कि वे तन, मन और धन से ठाकुरजी को समर्पित रहते हैं। हाल ही में एक भक्त ने बसंत पंचमी पर करीब 10 किलो वजनी चांदी की देहरी भी भेंट की थी। दिनेश गोस्वामी के अनुसार, बाजार में 20 रुपये में मिलने वाले इत्र में केमिकल होते हैं। लगातार इत्र लगने और रगड़ने से चांदी धीरे-धीरे गल रही है, जिससे कुछ हिस्से कटे या गायब दिखाई दे रहे हैं। कमिटी ने साफ कहा कि चांदी चोरी की खबरें पूरी तरह बेबुनियाद हैं। यह केवल इत्र के कारण हुआ नुकसान है, न कि किसी तरह की लापरवाही या चोरी।

फटाफट खबरें

भरतपुर में ट्रेलर से भिड़ी बस, 4 मौतें

■ पीटीआई, जयपुर : राजस्थान के भरतपुर जिले में आगरा-जयपुर हाइवे पर बुधवार देर रात हुए हादसे में महिला समेत 4 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, सेवर पुलिस थाना इलाके में हादसा उस समय हुआ, जब एक स्लीपर बस सड़क पर खड़े ट्रेलर से टकरा गई। बस उत्तर प्रदेश के कासगंज से जयपुर जा रही थी। हादसे के समय घना कोहरा था। पुलिस ने बताया कि ट्रेलर खराब हो गया था और बिना बैरिकेड या चेतावनी संकेतों के सड़क पर खड़ा था। बस चालक उसे देख नहीं पाया।

बांदाः बेटी के हत्यारे पिता को उम्रकैद

■ NBT न्यूज, बांदाः नाबालिग बेटी की हत्या के मामले में बांदा के अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो ने पिता को उम्रकैद की सजा सुनाई है। वहीं, मृतका के भाई को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। नरैनी के पैसरापुरवा गुढ़ाकला निवासी देशराज राजपूत ने 17 वर्षीय बेटी रीना (17) की 19 अप्रैल 2022 को गला घोंटकर हत्या कर दी थी। बेटी का पड़ोसी नीरज से बातचीत करना परिजनों को पसंद नहीं था। हत्या के बाद बेटे धनंजय की मदद से देशराज ने लाश को घर के पीछे दफना दिया था।

यूपीः मंत्री के प्रोग्राम में हादसा, 1 मौत

■ NBT न्यूज, कुशीनगरः यूपी के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के काफिले पर बुलडोजर से पुष्प वर्षा करने के दौरान हुए हादसे में निषाद पार्टी के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए। पुष्पवर्षा करने के दौरान एक ट्रक ने बुलडोजर को टक्कर मार दी, जिससे वह पलट गया। मंत्री ने काफिले के साथ चल रही एंबुलेंस से घायल कार्यकर्ताओं को अस्पताल भेजा। शंभू की हालत गंभीर होने पर उन्हें गोरखपुर में एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां रात में उनकी मौत हो गई।

यूपीः कफ सिरप का सप्लायर अरेस्ट

■ NBT न्यूज, बस्तीः कोतवाली पुलिस ने कोडीन युक्त कफ सिरप सप्लाई की सप्लाई के आरोप में एक शख्स को अरेस्ट किया है। वाराणसी निवासी आरोपित बस्ती में अवैध कारोबार कर रहा था। पुलिस ने आरोपित के बैंक अकाउंट भी फ्रिज करवाया है, जिसमें करीब नौ लाख रुपए हैं। गांधीनगर में मेडिकल स्टोर चलाने वाला पंकज कुमार अवैध रूप से कोडीन युक्त कफ सिरप सप्लाई कर रहा था। औषधीय विभाग द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के आधार पर जांच के बाद गिरफ्तारी की गई है।

UP में शिक्षकों को मिलेगी कैशलेस इलाज की सुविधा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊः पिछले साल शिक्षक दिवस पर किए गए अपने वादे को पूरा करने के लिए योगी सरकार एक कदम और आगे बढ़ गई है। गुरुवार को सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में काम करने वाले सरकारी एवं निजी स्कूलों के शिक्षकों को कैशलेस इलाज की सुविधा दिए जाने का फैसला किया गया है। इससे 14.92 लाख शिक्षक, कर्मचारी और उनके परिवार लाभान्वित होंगे। योजना को लागू करने के लिए सरकार 448 करोड़ रुपये खर्च करेगी। प्रति लाभार्थी करीब 3000 रुपये का प्रीमियम आएगा। 5 लाख रुपये तक का इलाज सरकारी अस्पतालों एवं साचीज से संबद्ध निजी अस्पतालों में किया जाएगा, जिसकी दरें आयुष्मान योजना के अनुसार होंगी। निजी स्कूलों के शिक्षकों के सत्यापन के लिए कमिटी बनाई जाएगी। लाभार्थियों के दायरे में आने वाले यदि पहले से आयुष्मान या सीएम आरोग्य योजना में कवर हैं, तो वे इसके पात्र नहीं होंगे।

11 फरवरी को यूपी का बजट

विधानमंडल का बजट सत्र 9 फरवरी से शुरू होगा। नए वर्ष का पहला सत्र होने के कारण पहले दिन राज्यपाल संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगी। 11 फरवरी को वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया जाएगा।

निजी अस्पतालों में भी 5 लाख तक का कैशलेस इलाज करवा सकेंगे

बांग्लादेश के विस्थापित परिवारों का पुनर्वास होगा

कैबिनेट ने मेरठ में रह रहे बांग्लादेश से विस्थापित 99 परिवारों के पुनर्वास को मंजूरी दे दी है। 1971 में 107 हिंदू बंगाली परिवार भारत आ गए थे और मेरठ के नगला गोसाई में बस गए थे। इनमें 8 परिवार दूसरी जगहों पर बस गए हैं। बचे 99 परिवारों को सरकार कानपुर देहात की रसूलाबाद तहसील में पुनर्वासित करेगी। हर परिवार को आधा-आधा एकड़ जमीन दी जाएगी। 49 परिवार भैसाया और 50 परिवार ताजपुर तरसौली में बसाए जाएंगे।

राजस्थानः ट्रेलर से भिड़ी बस, 4 मौतें

■ पीटीआई, जयपुर : राजस्थान के भरतपुर जिले में आगरा-जयपुर हाइवे पर बुधवार देर रात हुए हादसे में महिला समेत 4 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, सेवर पुलिस थाना इलाके में हादसा उस समय हुआ, जब एक स्लीपर बस सड़क पर खड़े ट्रेलर से टकरा गई। बस उत्तर प्रदेश के कासगंज से जयपुर जा रही थी। सेवर के पुलिस निरीक्षक सतीश शर्मा ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को निकाला। इस दौरान चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के सतोहा गांव की गीता (38), उनके बेटे कान्हा (8), अलवर जिले के कठूमर के रहने वाले बस चालक मुकेश सिंह (28) और एक अन्य के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में पता चलता है कि हादसे के समय घना कोहरा था। पुलिस ने बताया कि ट्रेलर खराब हो गया था और बिना बैरिकेड या चेतावनी संकेतों के सड़क पर खड़ा था। कोहरे के कारण बस चालक उसे देख नहीं पाया।

कासगंज से जयपुर जा रही थी स्लीपर बस

राजस्थानः लीक हुए पर्चे से पाई नौकरी, अरेस्ट

■ भाषा, जयपुरः राजस्थान पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने खुलासा किया है कि कनिष्ठ अभियंता (जेई) संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020 के सितंबर 2021 में दोबारा आयोजन में भी प्रश्नपत्र लीक हुआ था। इस मामले में एक सहायक अभियंता को गिरफ्तार किया गया है। जेई की मूल परीक्षा को कथित तौर पर प्रश्न पत्र लीक होने के कारण रद्द किया गया था। अतिरिक्त महानिदेशक विशाल बंसल ने बताया कि एसओजी ने इस मामले में बाड़मेर के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में कार्यरत सहायक अभियंता गणपत लाल बिश्नोई को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी ने 'प्रश्नपत्र लीक' के दम पर इस भर्ती परीक्षा की वरीयता सूची में 12वां स्थान हासिल किया था।

खुलासाः रद्द की गई जेई परीक्षा दोबारा हुई, लेकिन तब भी पेपर हुआ लीक

बंसल के अनुसार, दिसंबर 2020 में हुई जेई भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक मामले की जांच के दौरान पुलिस को संदेह हुआ। पुलिस ने जब आरोपियों से पूछा कि पहली परीक्षा रद्द होने के बाद वे दोबारा सफल कैसे हुए, तो उन्होंने कबूल किया कि 12 सितंबर 2021 को दोबारा आयोजित परीक्षा का प्रश्न पत्र भी परीक्षा से पहले ही लीक कर दिया गया था। इसके बाद एसओजी ने 19 जनवरी 2026 को नया मामला दर्ज किया। जांच के बाद अन्य आरोपी जगदीश बिश्नोई से पूछताछ में सामने आया है कि उसने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर परीक्षा से ठीक पहले अभ्यर्थियों को प्रश्नपत्र मुहैया कराए थे।

अयोध्या जेल से 2 बंदी भागे, 10 सस्पेंड

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊः अयोध्या जेल की दीवार की ईंटें निकालकर दो बंदी बुधवार रात फरार हो गए। सुलतानपुर के करौंदी कलां निवासी शेर अली नवंबर 2024 और अमेठी के मुसाफिरखाना निवासी सूरज अग्रहरि उर्फ गोलू सितंबर 2025 से जेल में थे। गुरुवार सुबह गिनती के वक्त दोनों के भागने का पता चला। शुरुआती जांच के बाद जेलर जितेंद्र यादव, डिप्टी जेलर मयंक त्रिपाठी, हेड वॉर्डर हरिहर प्रसाद, त्रिपुरारी मिश्र व वॉर्डर मुरेश दुबे, जयप्रकाश यादव, सुनील, रमेश महानी, रवि यादव व मनोज को सस्पेंड कर दिया गया। वहीं, जेल सुपरिंटेंडेंट उदय प्रताप मिश्र के भी निलंबन और विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की गई है।

बलिया में टला रेल हादसा!

■ भाषा, बलियाः बलिया जिले के किड़िहरापुर रेलवे स्टेशन के पास वाराणसी-गोरखपुर प्रखंड पर रेल की पटरी से 'पैंड्राल क्लिप' निकाले जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के मऊ थाने में अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। 'पैंड्राल क्लिप' पटरियों को कंक्रीट के स्लीपर के साथ मजबूती से जोड़कर रखती हैं। इससे स्थिरता बनी रहती है। ये क्लिप कंपन को कम करती हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने गुरुवार को बताया कि यह कहना बहुत मुश्किल है कि किसी ट्रेन को हादसे का शिकार बनाने के लिए ऐसा किया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

पटरी से पैंड्राल क्लिप निकाली पाई गई

विज्ञापन संख्या - 17/2026

भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा)

में

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि
18/02/2026 (15:00 बजे तक) है।

नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि
27/02/2026 (17:00 बजे तक) है।

जानकारी के लिए वेबसाइट
https://pesb.gov.in
में लॉग इन करें।

31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही/नौ माह के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (एकल तथा समेकित) का सार | (₹ करोड़ में)

विवरण	एकल						समेकित					
	समाप्त तिमाही			समाप्त नौ माह		समाप्त वर्ष	समाप्त तिमाही			समाप्त नौ माह		समाप्त वर्ष
	31/12/2025 (अलेखापरीक्षित)	30/09/2025 (अलेखापरीक्षित)	31/12/2024 (अलेखापरीक्षित)	31/12/2025 (अलेखापरीक्षित)	31/12/2024 (अलेखापरीक्षित)	31/03/2025 (लेखापरीक्षित)	31/12/2025 (अलेखापरीक्षित)	30/09/2025 (अलेखापरीक्षित)	31/12/2024 (अलेखापरीक्षित)	31/12/2025 (अलेखापरीक्षित)	31/12/2024 (अलेखापरीक्षित)	31/03/2025 (लेखापरीक्षित)
प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध)	3,431.20	3,219.03	2,760.23	9,587.54	7,466.30	10,311.29	3,431.20	3,219.03	2,760.23	9,587.54	7,466.30	10,311.29
अवधि का शुद्ध लाभ (कर एवं अपवादात्मक मदों से पूर्व)	788.49	954.71	931.66	2,600.43	2,616.40	3,636.66	788.49	954.71	931.66	2,600.43	2,616.40	3,636.66
अवधि का कर पूर्व शुद्ध लाभ (अपवादात्मक मदों के उपरांत)	788.49	954.71	931.66	2,600.43	2,616.40	3,636.66	788.49	954.71	931.66	2,600.43	2,616.40	3,636.66
अवधि का कर उपरांत शुद्ध लाभ (अपवादात्मक मदों के उपरांत)	713.00	709.83	735.03	2,053.06	1,981.40	2,709.14	713.00	709.83	735.03	2,053.06	1,981.40	2,709.14
अवधि की कुल समेकित आय (अवधि का लाभ (कर उपरांत) तथा अन्य समेकित आय (कर उपरांत) को मिलाकर)	960.61	823.09	841.24	1,469.84	1,916.96	2,544.34	960.61	823.09	841.24	1,469.84	1,916.96	2,544.34
प्रदत्त साम्य शेयर पूंजी (अंकित मूल्य ₹10/- प्रति)	2,001.90	2,001.90	2,001.90	2,001.90	2,001.90	2,001.90	2,001.90	2,001.90	2,001.90	2,001.90	2,001.90	2,001.90
अन्य साम्य (पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व को छोड़ कर)	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	15,967.89	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	15,966.15
प्रतिभूति प्रीमियम खाता	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	1.26	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	1.26
निवल मूल्य	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	17,969.79	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	17,968.05
प्रदत्त उधार पूंजी/बकाया उधार*	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	107,280.61	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	107,280.61
उधार साम्य अनुपात	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	5.72	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	5.72
प्रति शेयर अर्जन (अंकित मूल्य ₹10/- प्रति) (तिमाही/नौ माह के लिए ईपीएस वार्षिकीकृत नहीं है)												
i) बेसिक	3.56	3.55	3.67	10.26	9.90	13.53	3.56	3.55	3.67	10.26	9.90	13.53
ii) डायल्यूटिड	3.56	3.55	3.67	10.26	9.90	13.53	3.56	3.55	3.67	10.26	9.90	13.53
डिबेंचर रिडेम्पशन रिज़र्व ** (वर्ष के अंत में)	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	2,965.69	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	2,965.69

*इन्ड एएस समायोजन को छोड़कर बकाया उधार ** क्रमशः 31 मार्च, 2025 को डिबेंचर रिडेम्पशन रिज़र्व

टिप्पणियां:
1. कंपनी के उपर्युक्त वित्तीय परिणामों, की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा 29/01/2026 को की गई है एवं इसी तिथि पर आयोजित निदेशक मंडल की बैठक में अनुमोदित किया गया। यह वित्तीय परिणाम कंपनी के मेसर्स एस आर बी एंड एसोसिएट्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, वैधानिक लेखा परीक्षकों द्वारा भी समीक्षित है।
2. कंपनी के बोर्ड ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ₹10 प्रति शेयर पर ₹ 1.15 की दर से तीसरे अंतरिम लाभांश को मंजूरी दी। तीसरे अंतरिम लाभांश की प्राप्ति के लिए शेयरधारकों की पात्रता निर्धारित करने हेतु 7 फरवरी, 2026 रिकॉर्ड तिथि निर्धारित की गई है। लाभांश का भुगतान घोषणा के 30 दिनों के भीतर किया जाएगा।
3. उपर्युक्त विवरण सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 तथा 52 के अंतर्गत, स्टॉक एक्सचेंज में दर्ज किये गये तिमाही/नौ माह के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बीएसई लिमिटेड (URL: www.bseindia.com/corporates), नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (URL: www.nseindia.com/corporates), तथा कंपनी की वेबसाइट (URL: www.hudco.org.in) पर भी उपलब्ध है।
4. लिस्टिंग विनियमन के विनियम 52(4) में संदर्भित अन्य प्रासंगिक मदों की उचित जानकारी बीएसई लिमिटेड (URL: www.bseindia.com/corporates), नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (URL: www.nseindia.com/corporates), की वेबसाइट पर दी गई है तथा यह कंपनी की वेबसाइट (URL: www.hudco.org.in) पर भी उपलब्ध है।
5. तिमाही/नौ माह के दौरान लेखांकन नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है अतः शुद्ध लाभ/हानि, कुल समेकित आय या कोई अन्य संबंधित वित्तीय मद(मदों) पर लेखांकन नीतियों में परिवर्तन(नों) के कारण कोई वित्तीय प्रभाव नहीं पड़ा है।

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से
हस्ता/-
संजय कुलश्रेष्ठ
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 29/01/2026

अन्य सेवाएं | परामर्श सेवा | क्षमता निर्माण

www.hudco.org.in
फॉलो करें :

हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (हडको)
(भारत सरकार का उपक्रम) | CIN: L74899DL1970GOI005276 | GSTIN: 07AAACH0632A1ZF
पंजीकृत कार्यालय: हडको भवन, कोर 7ए, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली-110 003

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 30-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP8 User: cci Time: 01-29-2026 22:48 Color:

शिक्षा आत्मसम्मान लाती है और जातिगत भेदभाव को नष्ट करती है।
ज्योतिबा फुले

सुधार का मौक़ा

सुप्रीम कोर्ट ने UGC के नए नियमों के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए जो टिप्पणियां की, वे सवर्ण समाज की चिंताओं की पुष्टि करती हैं। शीर्ष अदालत ने अगले आदेश तक इन नियमों पर रोक लगा दी है। देशभर में हो रहे विरोध-प्रदर्शन और नियमों के दुरुपयोग की आशंकाओं को देखते हुए यह रोक लगाई गई है।

दुरुपयोग की आशंका । UGC ने शैक्षणिक परिसरों में समानता के लिए Promotion of Equity in Higher Education Institutions Regulations को लागू किया था। लेकिन, इसमें जातीय भेदभाव की जिस तरह व्याख्या की गई है और निगरानी समितियों का जो स्ट्रक्चर तय है, उसने सवर्ण समाज के एक धड़े में गंभीर चिंता को जन्म दे दिया। इसी के खिलाफ याचिका दायर की गई थी और सुप्रीम कोर्ट ने भी माना कि नियम अस्पष्ट हैं और इनका दुरुपयोग हो सकता है।

UGC नियमों पर रोक

बहस और विवाद । शैक्षणिक परिसरों में होने वाले भेदभाव चिंताजनक हैं, लेकिन नए नियमों के रूप में इसका जो समाधान पेश किया गया था, उसमें संतुलन और समग्रता की कमी थी। एक वर्ग को सुरक्षित महसूस कराने के लिए किसी दूसरे वर्ग को असुरक्षित नहीं किया जा सकता। नियम लाए गए थे समानता के लिए, पर इनके लागू होते ही बहस और तीखी हो गई। मुक्त, समावेशी और सभी के साथ समान व्यवहार करने वाले जिस कैंपस की कल्पना UGC ने की थी और जिसे सुप्रीम कोर्ट ने भी अपनी टिप्पणी में जिक्र किया है, वह ऐसे माहौल में नहीं बन सकता।

कैंपस की संवेदनशीलता । शैक्षणिक परिसर सबसे संवेदनशील जगहों में से एक हैं। यहां की घटनाएं उन स्टूडेंट्स पर असर डालती हैं, जिन्हें आगे चलकर देश और समाज की दिशा तय करनी है, तो यहां कोई भी बदलाव सोच-समझ कर और उसके प्रभाव का आकलन करने के बाद लागू होना चाहिए। अदालत ने ठीक कहा कि देश की एकता शैक्षणिक संस्थानों में दिखनी चाहिए।

सभी शामिल हों । इस मामले में केंद्र व UGC से जवाब मांगा गया है और एक्सपर्ट कमिटी बनाने का सुझाव है। सुप्रीम कोर्ट की चिंता साफ झलकती है कि देश को जातिविहीन समाज की ओर बढ़ना चाहिए, न कि पीछे की तरफ। UGC नियमों पर रोक किसी की हार या किसी की जीत नहीं, बस सुधार की कोशिश है। जिन पहलुओं पर अंगुली उठाई गई है, उन्हें सुधारने और जिनको नजरअंदाज किया गया है, उन्हें शामिल करने का एक और मौका है। इस बार इस प्रक्रिया में सभी वर्गों को जगह मिलनी चाहिए।

तिराहा

जातीय उन्मूलन

सुखनंदन कॉलेज के दिनों से ही जातीयता और कर्मकांड के पक्के विरोधी हैं। इस पर उन्होंने कई शोधपरक लेख भी लिखे। विद्वता और चेतना के समन्वय से बड़े अफसर बने। एकरूपता, समता व्यवहार में ऐसी रमी कि कार्यभार संभालते ही कार्यालय में विषमता दूर की। शून्य से शिखर तक यथासंभव स्वजातीयों का समायोजन किया, जिससे जातीयता का दंश विकास में बाधा न बने।

बहुआयामी क्षमता से हुए व्यापक **प्रेम शंकर मिश्र** सामाजिक, आर्थिक विस्तार ने सियासत के दरवाजे खोल दिए। सुखनंदन ने मौका देखा और 'समाज' की सेवा का संकल्प ले खादी पहन ली। नई भूमिका में उनका आज अभिनंदन कार्यक्रम था।

सुखनंदन के मंच पर पहुंचते ही समरसता के नारे लगे, लेकिन उनकी जय-जयकार के आगे ये मद्धम ही रहे। 16वीं से 20वीं शताब्दी तक के हर समाज सुधारक के उपदेशों और निर्देशों का संदर्भ देते हुए ऐसी तकरीर की, कि श्रोताओं को लगा उनका मसीहा मिल गया। सदियों के शोषण से द्रवित सुखनंदन ने एक वंचित के पांव भी अपने आंसुओं से धो डाले। आजीविका की तलाश में भटक रहा वह वंचित सुखनंदन के दरवाजे पहुंच गया। पखारने से वह पहले ही अभिभूत था, सुखनंदन की नाम पट्टिका में लिखा टाइटल भी मेल खाता था, इसलिए उम्मीद और बढ़ गई। लेकिन, उसके मैले पांव ईमानदारी की नौकरी से बनी आलीशान कोठी के फर्श को गंदा कर पाते, इससे पहले ही कड़क आवाज गूंजी, 'कहां घुसे आ रहे हो?'



कांपते हुए बोला, 'नेताजी! आपने हमारे पैर धोए थे।' 'हाथ भी कई बार डेटॉल से धुल चुका हूं', जवाब आया। 'आपकी ही जाति के हैं', धिधियाते हुए आखिरी पैतरा फेंका। नेताजी बोले, 'मूर्ख! जाति तो सक्षम की होती है, गरीब की जरूरत होती है।' 'एक है तो सेफ है का क्या हुआ?' 'कैमरा की बात कमरा पर थोड़े लागू होती है। वैसे भी हम तो एक ही हैं इसलिए सेफ हैं, लेकिन तुम को हम जितना बांटेंगे, उतना ही तो अपनी सियासी थाली में काटेंगे', मुस्कराते हुए नेताजी अंदर चले गए।

एकदा

संकलन : चंदन कुमार

असहमति भी ज़रूरी

वर्ष 1920-1922 के बीच महात्मा गांधी के नेतृत्व में असहयोग आंदोलन चला। उद्देश्य अहिंसक तरीके से स्वराज प्राप्त करना था। इसमें सरकारी संस्थाओं, उपाधियों और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का आह्वान किया गया। इसी दौर में गांधीजी और टैगोर के विचारों में भिन्नता दिखाई दी। टैगोर को आशंका थी कि ऐसा राष्ट्रवाद व्यक्ति की स्वतंत्र चेतना को संकुचित कर सकता है और भावनात्मक उन्माद हिंसा की ओर ले जा सकता है। वह मानते थे कि 'नेशन' की अवधारणा भारतीय सांस्कृतिक चेतना के अनुकूल नहीं है। इसके विपरीत, गांधीजी राष्ट्रवाद को आत्मनिर्भरता, नैतिक अनुशासन और सामाजिक जागरण का माध्यम मानते थे। टैगोर ने पत्रों के माध्यम से अपने विचार रखे और गांधी ने उन्हें विनम्रता व खुले मन से उत्तर दिया। यहां जीत किसी की नहीं, बल्कि सत्य और संवाद की हुई। यह असहमति सिखाती है कि विचारों का टकराव समाज को कमजोर नहीं, परिपक्व बनाता है। आज भी गांधी-टैगोर का संवाद हमें याद दिलाता है कि असहमति बेहतर सत्य की खोज है और यही भारत की बौद्धिक शक्ति रही है। दोनों के बीच कई वैचारिक असहमति थी, पर यह कभी कटुता में नहीं बदली। वह संवाद, विवेक और पारस्परिक सम्मान का आदर्श उदाहरण बनी।

Subrata Dhar

भारत में तेज़ी से बढ़ रहा मिडल क्लास, इनके हिसाब से बनानी होगी नीति

मध्यवर्ग बनेगा पॉलिसी का पैमाना

भारत की अर्थव्यवस्था की कहानी अक्सर दो चरम बिंदुओं को दिखाती है। एक तरफ है गरीबी की चुनौती और असमानता, जबकि दूसरे छोर पर अमीरों की बढ़ती संख्या और उपभोग में उछाल। इनके बीच पिछले एक दशक में सबसे बड़ा बदलाव आया है मध्यम वर्ग में।

अनिल पद्मनाभन

मध्यवर्ग रोजगार, महंगाई नियंत्रण, सरकारी सेवाओं को देता है प्राथमिकता

बढ़ता दायरा । आयकर विभाग के आंकड़े बताते हैं कि सैलरी वर्ग में बड़ा परिवर्तन आ रहा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के डेटा के मुताबिक, इससे पहले के 9 बरसों में 10 से 15 लाख और 15 से 20 लाख इनकम स्लैब में आने वाले सैलरीड टैक्सपेयर्स की संख्या लगभग 600% बढ़ी थी। 2014 में अपर-मिडल क्लास एक छोटा-सा वर्ग माना जाता था, पर आज वह बहुत बड़ा है।

आय में उछाल । यह कहानी सिर्फ ज्यादा तनख्वाह मिलने की नहीं है। यह उस उभरते मध्यम वर्ग की है, जो देश के कंजम्पशन पैटर्न, बचत, निवेश और राजनीति पर भी असर डालेगा। हाल के बरसों की टैक्स फाइलिंग से पता चलता है कि 5 से 50 लाख के बीच, हर आय वर्ग में उछाल आया है, पर मध्यम श्रेणी में यह सबसे तेज है।

ज्यादा टैक्स रिटर्न । 10-15 लाख रुपये की कैटिगरी को देखें, तो इसमें टैक्स रिटर्न भरने वालों की संख्या 8.3 लाख से बढ़कर 50 लाख को पार कर चुकी है, यानी 6 गुना से भी ज्यादा बढ़ोतरी। यहां खास बात यह है कि इतनी तेजी के बावजूद इन श्रेणियों में औसत सैलरी स्थिर रही है या कुछ केस में थोड़ी घटी ही है। मसलन - 10-15 लाख रुपये वाली श्रेणी में औसत सैलरी 12.11 लाख से थोड़ा कम होकर 12.05 लाख रुपये हो गई है। इससे जाहिर होता है कि नए लोग इन कैटिगरी के निचले हिस्से यानी जहां से शुरुआत हो रही है, वहां जुड़ रहे हैं। इससे तादाद बढ़ रही है, पर औसत गिर है।

मध्यम का जलवा
- सैलरीड टैक्सपेयर्स की संख्या में 600% का इजाफा
- 5 से 50 लाख के बीच हर आय वर्ग में उछाल
- मिडल क्लास परिवारों पर कंपनियों का फोकस

बाजार के चहेते । इस बदलाव का आर्थिक असर बहुत गहरा है। परिवारों की आय बढ़ने के साथ उनका खर्च भी बढ़ता है। स्मार्टफोन से लेकर रिटेल तक - उपभोक्ता वस्तुओं में प्रीमियम ब्रांडेड्स की मांग बढ़ने लगती है। अब भारत के बाजार सिर्फ अमीर लोगों की वजह से नहीं चल रहे, साथ में मिडल क्लास भी है। इस वर्ग के पास पैसा है और इच्छा भी। यही कारण है कि कंपनियां इन आम, लेकिन खास ग्राहकों पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

बचत पर असर । पहले भारत में लोग ज्यादातर गोल्ड और रियल एस्टेट में पैसा लगाते थे। दूसरे पारंपरिक तरीके थे इंश्योरेंस और फिक्स्ड डिपॉजिट। शेयर बाजार से बहुत कम लोग जुड़े थे। अब जैसे-जैसे सैलरी पाने वाले वर्ग की आय बढ़ी है, उसने म्यूचुअल फंड्स, शेयर और पेंशन से जुड़े निवेश विकल्प अपनाना शुरू किया है। पिछले 6 बरसों में डीपीआई अकाउंट्स की संख्या पांच गुना से ज्यादा बढ़ गई है।

जोखिम की क्षमता । नौकरीपेशा लोग औपचारिक जरियों से कर्ज लेते हैं, EMI चुकाते हैं और सुरक्षित निवेश करते हैं। इन लोगों की रुचि उन आर्थिक सुधारों में है, जिनसे चीजें आसान होती हैं - जैसे बिजनेस में आसानी, स्पष्ट टैक्स नियम, इंफ्रा डिवेलपमेंट और महंगाई पर नियंत्रण। यह वर्ग जोखिम ले सकता है, जिससे नए उद्यमी निकल रहे हैं।

राजनीतिक प्रभाव । दायरा बढ़ने के साथ मध्यम वर्ग का राजनीतिक असर बढ़ेगा, खासकर शहरों में। परिसीमन में शहरी और कस्बाई इलाकों में सीटें बढ़ेंगी। इससे मध्यम वर्ग की राजनीतिक आवाज मजबूत होगी। यह वर्ग आर्थिक स्थिरता, रोजगार, महंगाई पर नियंत्रण और भरोसेमंद सरकारी सेवाओं को प्राथमिकता देता है। इन्हें अस्थिर नीतियां पसंद नहीं। आने वाले एक दशक में नीतियों पर इनका असर पड़ेगा।

सियासी चेतावनी । पुराने तरीकों से काम करने वाले राजनीतिक दलों के लिए चेतावनी है कि मतदाता उनकी सोच से भी ज्यादा तेजी से बदल रहे हैं। पिछले दो दशकों में भारत का सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक बदलाव खामोशी से, लेकिन निर्णायक रूप से हुआ है - मध्यम वर्ग का विस्तार। भविष्य में वित्त मंत्रियों के लिए इस वर्ग को नजरअंदाज करना मुश्किल होगा।

तेजी और स्थिरता । यह वर्ग देश की अर्थव्यवस्था में अभी जितना पहले कभी शामिल नहीं रहा, इसलिए लोकप्रिय आर्थिक नीतियों का बोझ आसानी से नहीं सहन कर सकता। इसकी मांग है कि काम तेजी से हो, स्थिरता आए और मौके बनें। पीएम नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अगले सुधारों को इसी वर्ग के पैमाने पर आंका जाएगा। खासकर देखा जाएगा कि ये सुधार उनके जीवन को आसान बनाने में कितने मददगार हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)

टैक्स पर नेतागीरी न हो तो सफल होंगे निगम

ज्यादा दिन नहीं हुए, जब इंदौर में दूषित पानी से कई लोगों की जान चली गई। इस त्रासदी ने एक बार फिर नगर निगमों की खस्ताहाल स्थिति से रूबरू कराया। सिर्फ पानी ही नहीं, नगर निगम की खराब कार्यशैली व भ्रष्टाचार के कारण जनता समस्याएं झेल रही है।


गुलशन राय खत्री

आय काफी कम । जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने से लेकर रिहायश का नक्शा बनवाने तक में नगर निगम की दरकार रहती है। इसके बावजूद, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की नगर निकायों के बजट अनुमान पर आई एक रिपोर्ट के मुताबिक स्थानीय निकायों की आय काफी कम है। 2022-23 तक नगर निगमों की आय देश की GDP के मुकाबले 0.6% थी। विकसित देशों में नगर निगमों का रेवेन्यू GDP का 5 से 7% होता है।

क्या है कारण । खराब आर्थिक स्थिति का बड़ा कारण सीमित संसाधन और भ्रष्टाचार है। निगम अपनी आय सही से वसूल नहीं पाते। राजनीतिक हस्तक्षेप की भूमिका रहती है। दिल्ली के एक पूर्व नगर आयुक्त ने बताया कि 45 लाख मकानों में से सिर्फ 13 लाख से ही हाउस टैक्स मिलता है। कई मकान अनधिकृत कॉलोनी में हैं, जिनसे टैक्स वसूलने की मनाही है। नेताओं को भय है कि इससे उनके मतदाता नाराज हो जाएंगे। इसके अलावा, कर्मचारियों के वेतन-पेंशन पर भी कुल आमदनी का 60 से 70% खर्च किया जाता है।

सुधार क्यों जरूरी । फिलहाल देश की 36% आबादी शहरों में है। यह आंकड़ा 2030 तक बढ़कर 40% होने की उम्मीद है। शहरों पर दबाव बढ़ेगा और समय रहते मजबूत ढांचा नहीं बना तो संकट और गहराएगा। इसमें सिर्फ प्रशासनिक विफलता को दोष देना सही नहीं, बल्कि स्थानीय निकायों के ढांचे में कमियों को दूर करना होगा। विधायिका और कार्यपालिका को साथ आना होगा। टैक्स बढ़ाने के प्रस्ताव को पार्षदों को मानना होगा। अधिकारियों की सख्ती पर नेताओं का दखल बंद करना होगा।

कॉमन रूम

AI Image

विदेश की स्थिति । भारत में मेयर का पद औपचारिक होता है और शक्ति IAS के पास रहती है। यूरोपीय देशों में मेयर ताकतवर होते हैं। वहां नगर निगमों में विशेषज्ञ रखे जाते हैं। नियमों का सख्ती से पालन होता है। विदेश में इतनी सख्ती है कि अगर किसी पार्षद ने मकान का नक्शा पास कराने या अतिक्रमण हटाने से रोकने की सिफारिश की तो उसका करियर खत्म हो जाता है।

कैसी हो व्यवस्था । यह सच्चाई है कि यूरोप से हमारा मुकाबला नहीं हो सकता। मगर, टैक्स पर राजनीति बंद होनी चाहिए। निगमों की हालत इतनी बदतर नहीं की जानी चाहिए कि लोग पानी पीकर मरने लगें। आर्थिक तौर पर कुछ ऐसे नियम लागू हों, जिनसे निगम की आमदनी भी ठीक हो ताकि जनता को बुनियादी सुविधाएं मिल सकें।

कांटे की बात

बासमती की ख़ुशबू फैला रहे अशोक

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (ICAR) के पूर्व निदेशक और वाइस चांसलर डॉ. अशोक कुमार सिंह ने देश में बासमती रिसर्च में नई उपलब्धियां जोड़ी हैं। हाल में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित करने का ऐलान हुआ।

मेरी नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष से बात हुई, जो रचनात्मक-सकारात्मक रही। सब ठीक है, हम सब मिलकर काम कर रहे हैं। मैं और क्या कह सकता हूं?... मैंने हमेशा पार्टी के लिए प्रचार किया है, मैंने कहां प्रचार नहीं किया है?

शशि थरूर, कांग्रेस सांसद

सप्ताह की शख्सियत

हाइब्रिड चावल पर रिसर्च

UP के गाजीपुर जिले के बरहट गांव में जन्मे अशोक ने चावल की नई किस्मों पर रिसर्च की है। बासमती धान की 25 उन्नत किस्म विकसित की है। ये किस्में पूरे देश में करीब 25 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बोई जाती है। सालाना 1 करोड़ टन चावल का उत्पादन हो रहा है। इनकी खासियत है कि ये कम पानी, कम लागत और प्राकृतिक तरीके से उगाई जा सकती हैं।

कीटनाशकों की जरूरत नहीं

खास बात है कि इन फसलों में रोग नहीं लगता। इससे कीटनाशकों की जरूरत नहीं पड़ती और किसानों का पैसा बचता है। गुणवत्ता अच्छी होने के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में अच्छी मांग है। भारत से करीब 60 लाख टन चावल दूसरे देशों में भेजा जाता है। सरकार को हर साल लगभग 6 अरब डॉलर की कमाई हो रही है।

हिंदी नहीं चलेगी, तमिलनाडु में फिर मचा शोर

पूनम पाण्डे

तमिलनाडु में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं और यहां की राजनीति का एक अहम मुद्दा रहा है हिंदी विरोध। चुनाव से पहले फिर इसी पर बात होने लगी है। 25 जनवरी को 'भाषा शहीद दिवस' के मौके पर DMK नेताओं ने हिंदी को लेकर अपना विरोध तेज किया।

मुख्यमंत्री और पार्टी अध्यक्ष एम.के. स्टालिन से लेकर उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि हिंदी थोपने की केंद्र सरकार की कोशिश का पूरा तमिलनाडु विरोध करेगा। एम.के. स्टालिन ने कहा कि पहले भी हिंदी के लिए कोई जगह नहीं थी, न आज है और न ही कभी होगी। वहीं, उपमुख्यमंत्री उदयनिधि ने कहा कि हरियाणा, बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में कभी बोली जाने वाली कई मातृभाषाएं हिंदी लागू होने के बाद धीरे-धीरे खत्म होती चली गईं। दरअसल, हिंदी को लेकर राज्य सरकार और केंद्र के बीच लंबे वक्त से खींचतान चल रही है। तमिलनाडु की DMK सरकार BJP पर हिंदी थोपने का आरोप लगाती रही है। केंद्र की नई शिक्षा नीति के तहत जब थ्री लैंग्वेज फॉर्म्यूला लागू करना था, तब भी तमिलनाडु ने टू लैंग्वेज फॉर्म्यूले के साथ राज्य शिक्षा नीति ही जारी रखी।

AIADMK है निशाना

चुनाव से पहले भाषा का मसला गरम होना इसलिए भी अहम दिख रहा है, क्योंकि इसके कहने DMK को AIADMK को घेरने का मौका मिलेगा, जो BJP के साथ गठबंधन में है। वैसे जब इस गठबंधन का ऐलान हुआ, तब अमित शाह ने कोशिश की थी कि भाषा के मुद्दे पर सहयोगी AIADMK को दिक्कत न हो। तब अमित शाह ने कहा था कि BJP तमिलनाडु और तमिल भाषा का बहुत सम्मान करती है। वैसे देखा जाए तो कई मुद्दों पर BJP और AIADMK का स्टैंड व विचारधारा भिन्न है। लेकिन, BJP नेता कह चुके हैं कि पार्टी की गठबंधन नीति वैचारिक साझेदारियों से अलग है। इस गठबंधन से दोनों पार्टियां अपना-अपना फायदा भी देख रही हैं।

जब-जब भी हिंदी की बात होती है, तो तमिलनाडु में राजनीति तेज हो जाती है। केंद्र सरकार की नई एजुकेशन पॉलिसी का जब ड्राफ्ट सामने आया था, तब भी हिंदी थोपने का आरोप लगाते हुए सबसे ज्यादा विरोध तमिलनाडु में हुआ। राज्य में हिंदी की अनिवार्यता को सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दे से उठाकर राजनीतिक मसला बनाने की शुरुआत पहले विरोध आंदोलन से ही हो गई थी। 60 के दशक में हुए आंदोलन के पीछे भी वजह राजनीतिक थी। तब हिंदी विरोध के रूप में वहां के क्षेत्रीय नेताओं को एक ऐसा सशक्त मुद्दा मिला, जिसने तमिलनाडु में द्रविड़ राजनीतिक दलों की नींव रखी।

विशुद्ध राजनीति कसौटी

द्रविड़ अस्मिता का सवाल

1965 में हुए इस आंदोलन ने द्रविड़ अस्मिता का सवाल उठाया और दो साल बाद ही DMK सत्ता में आ गई। वहां तब से ही लगातार द्रविड़ अस्मिता और भाषा प्रमुख मुद्दा रहे हैं।

BJP जब भी तमिलनाडु और दूसरे दक्षिणी राज्यों में अपनी पकड़ बनाने की कोशिश करती है, तो हिंदी के नाम पर उसे घेरा जाता रहा है। DMK सहित दूसरी पार्टियां हिंदी विरोध और द्रविड़ अस्मिता के नाम पर मैदान में उतर जाती हैं। BJP के नेता हालांकि कहते रहे हैं कि उनकी पार्टी भाषा या दक्षिण विरोधी नहीं है - हमारी विचारधारा सबको साथ लेकर चलने की है। लेकिन, दक्षिण के राज्यों में क्षेत्रीय दल BJP को उत्तर भारत की पार्टी के तौर पर प्रचारित कर निशाना साधते रहे हैं। इस वजह से माना जा रहा है कि चुनाव नजदीक आने के साथ हिंदी के खिलाफ और आवाज सुनाई पड़ेगी।

रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

'लिव-इन' और सुरक्षा

लिव-इन में मद्रास हाई कोर्ट की लिव-इन रिलेशनशिप पर की गई टिप्पणी केवल एक न्यायिक अवलोकन नहीं, बल्कि बदलते सामाजिक व्यवहार पर गहरी चिंता की अभिव्यक्ति है। अदालत ने स्पष्ट कहा कि लिव-इन रिश्ते भारतीय समाज के लिए एक सांस्कृतिक झटका हैं और इनमें महिलाओं को पत्नी का दर्जा देकर सुरक्षा देने की जरूरत है, क्योंकि व्यवहार में ऐसे संबंध विवाह जैसी कोई कानूनी, सामाजिक या भावनात्मक गारंटी नहीं देते। यह चिंता नई नहीं है। इससे पहले भी विभिन्न उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय समय-समय पर आगाह करते रहे हैं कि लिव-इन रिलेशनशिप विशेषकर महिलाओं के लिए अधिक जोखिम भरी साबित हो रही है।

सुभाष बुड़ावन वाला, ईमेल से

readersmail.nbt@gmail.com
पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

उस एथलीट जैसा विश्वास रखिए, फिर कभी डर नहीं लगेगा

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

अनुराग अग्रवाल

एक दंपती ने शादी की पहली सालगिरह पर समुद्री क्रूज पर जाने का फैसला किया। पुरुष तलवारबाजी में चैंपियन था। यात्रा के चौथे दिन समुद्र में भयंकर तूफान आ गया। जहाज डगमगाने लगा। यात्री चीख-पुकार करने लगे। उन्हें मौत पास खड़ी दिखाई देने लगी, लेकिन वह एथलिट बिल्कुल शांत बैठा रहा। पत्नी डरकर उससे लिपट गई और रोते हुए बोली, 'क्या तुम्हें जरा भी डर नहीं लग रहा?'

पति मौन रहा, फिर पास रखी तलवार उठाई और उसे धीरे से पत्नी के गले पर रखते हुए बोला, 'बोलो, क्या तुम्हें इस तलवार से डर लग रहा है?' पत्नी मुस्कराई, बोली, 'बिल्कुल नहीं। मुझे तुम पर पूरा विश्वास है, तुम मेरा बाल भी बांका न होने दोगे।' अब तलवारबाज मुस्कराया और बोला, 'बस, यही प्रेम, यही समर्पण मेरा ईश्वर के प्रति है।


AI Image

तूफान मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकता। और यदि ईश्वर चाहेगा कि हम उसकी बांहों में चले जाएं, तो मुझे उसमें भी खुशी होगी।' अब पत्नी का चेहरा खिल उठा। उसका डर मिट गया। आगे क्या हुआ, वह महत्वपूर्ण नहीं है, लेकिन सच्ची श्रद्धा से भला क्या नहीं हो सकता! प्रश्न है कि हम नित्य पूजा-पाठ करते हैं, ईश्वर के नाम की माला फेरते हैं, कहीं ऐसा तो नहीं कि ईश्वरीय प्रेम में डूबे रहने का स्वांग रच रहे हैं और मन में उसके प्रति सूक्ष्म संदेह छिपाए हैं? इससे हमारा चंचल मन भविष्य की अनिश्चितताओं, चिंताओं, शंकाओं में डूबकर बेचैन रहता है। और हम अपने कर्म में लीन होने के बजाय उसके परिणाम की फिक्र में डूबे रहते हैं।

यदि हमारे भीतर सच्ची श्रद्धा बस जाए, तो जीवन में जो कुछ भी घटे, उसे सहज रूप से स्वीकार करना आसान हो जाता है। तब न कोई परिणाम बुरा लगता है, न अच्छा। सब कुछ ईश्वर की व्यवस्था की धूप-छांव जैसा प्रतीत होता है। सुख-दुख, लाभ-हानि, यश-अपयश अपना महत्व खो देते हैं। मन हर क्षण उसकी सृष्टि में रमा रहता है और प्रसन्न बना रहता है। ऐसे में यह सांसारिक यात्रा बोझ नहीं, बल्कि असीम आनंद का अनुभव बन जाती है।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 30-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP9 User: dinesh.chakravarty@timesofindi Time: 01-29-2026 22:35 Color:

फटाफट खबरें

इकॉनमिक सर्वे से संभला बाजार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी का सिलसिला जारी रहा। इकॉनमिक सर्वे में बेहतर जीडीपी ग्रोथ अनुमान से बाजार को काफी सहारा मिला। शुरुआती कारोबार में हुए नुकसान की भरपाई करते हुए सेंसेक्स 221.69 अंक (0.27%) की बढ़त के साथ 82,566.37 पर बंद हुआ। हालांकि, सुबह के वक्त यह 636.74 अंक (0.77%) गिरकर 81,707.94 के स्तर तक चला गया था। निफ्टी 76.15 अंक बढ़कर 25,418.90 पर बंद हुआ।

डाबर का लाभ बढ़ा, टाटा मोटर्स को

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: एफएमसीजी कंपनी डाबर इंडिया ने गुरुवार को बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही में उसका शुद्ध मुनाफा पिछले साल के मुकाबले 7.32 प्रतिशत बढ़कर 553.61 करोड़ रुपये रहा है। देवता लिमिटेड का शुद्ध मुनाफा (PAT) 60 प्रतिशत बढ़कर 7,807 करोड़ रुपये रहा है। वहीं, इस दौरान रिजर्वी का घाटा बढ़कर 1,065 करोड़ रुपये हो गया है। टाटा मोटर्स का शुद्ध मुनाफा 48 प्रतिशत गिरकर 705 करोड़ रुपये रह गया है। ITC की तीसरी तिमाही के दौरान कुल शुद्ध मुनाफा नामूली बढ़त के साथ 5,018 करोड़ रुपये रहा है। वहीं, पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस का तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 225 करोड़ रुपये रहा है।

AI के बाद अब एडोबी एक्सप्रेस फ्री

■ NBT रिपोर्ट : भारती एयरटेल अब अपने 36 करोड़ ग्राहकों को एडोबी एक्सप्रेस की फ्री सुविधा उपलब्ध करा रही है। एडोबी एक्सप्रेस एक तेज, आसान और हर तरह की डिजाइन जरूरतों को पूरा करने वाला ऐप है। एयरटेल ने बताया कि लगभग 4,000 रुपये मूल्य वाला एडोबी एक्सप्रेस प्रीमियम अब एक स्केल के लिए फ्री उपलब्ध होगा।

बढ़ते रह सकते हैं सोने-चांदी के भाव

आर्थिक सर्वे : मैन्युफैक्चरिंग, निर्यात और आर्थिक सुधारों पर जोर बढ़ाने की सलाह

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com

AI Image

■ नई दिल्ली : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 पेश किया। इसमें मैन्युफैक्चरिंग, निर्यात और आर्थिक सुधारों पर जोर बढ़ाने की सलाह दी गई। सर्वे के मुताबिक, अगले वित्त वर्ष में महंगाई पिछड़ान के स्तर पर जाने का रिस्क नहीं है, लेकिन दुनिया में अनिश्चितता के बीच सोना-चांदी के भाव बढ़ते रह सकते हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अर्थव्यवस्था के बुनियादी पहलू 'पहले से कहीं ज्यादा मजबूत' हैं और देश वैश्विक चुनौतियों के बीच सफलता से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की चमक दुनिया में सबसे तेज है।

आर्थिक सर्वे में कहा गया कि अगले वित्तवर्ष में महंगाई की चिंता नहीं है, लेकिन सोने-चांदी के भाव बढ़ते रह सकते हैं क्योंकि दुनिया में बढ़ती अनिश्चितता के बीच सुरक्षित माने जाने वाले निवेश का आकर्षण बढ़ रहा है। ट्रेड वॉर खत्म होने और टिकाऊ शांति बनने तक सोने-चांदी के भाव बढ़ते रह सकते हैं। सर्वे में कहा गया कि 2025 में सोने-चांदी के भाव लाइफटाइम हाई पर पहुंच गए। इसमें जियोपॉलिटिकल रिस्क के बारे में मार्केट्स के आकलन के साथ अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और नेगेटिव रियल रेट्स बने रहने के अनुमानों का भी असर पड़ा। सर्वे के मुताबिक, सोने का भाव 2025 में 2607 डॉलर प्रति औंस से बढ़कर 4315 डॉलर प्रति औंस हो गई।

सर्वे में कॉपर, ऑयरन और एल्युमीनियम जैसे बेस मेटल्स के भाव ज्यादा न बढ़ने का अनुमान दिया गया। कहा गया कि ग्रीन टेक्नोलजी और डेटा सेंटरों की ओर से आ रही मांग और सप्लाई में बाधा के चलते कॉपर के दाम ऊपर बने रह सकते हैं। इसमें वर्ल्ड बैंक के कमोडिटी प्राइस आउटलुक अक्टूबर 2025 के हवाले से कहा गया कि वित्त वर्ष 2027 में ग्लोबल कमोडिटी प्राइसेज करीब 7% घट सकती हैं, लेकिन जियोपॉलिटिक्स इस अनुमान पर असर डाल सकती है।

रुपये में नहीं दिख रही सही तस्वीर

सर्वे में कहा गया कि रुपये की हालत से भारत की दमदार अर्थव्यवस्था की सही तस्वीर सामने नहीं आ रही है और रुपया अपने असल दमखम से नीचे है। इसमें कहा गया कि 2025 में डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोर रही। वस्तुओं के निर्यात में भारत का ज्यादातर घाटा रहता है और सर्विसेज और विदेशों से आने वाली रकम के मामले में जो ट्रेड सरप्लस है, उससे इसकी भरपाई नहीं हो पाती। इसका असर रुपये पर पड़ता है। इसमें यह भी कहा गया कि अभी जो हालात है, उनमें रुपये में कमजोरी से अर्थव्यवस्था को नुकसान नहीं है क्योंकि भारतीय निर्यात पर ऊंचे अमेरिकी टैरिफ का असर कुछ हद तक इससे कम हो रहा है और ऊंचे दाम पर ऑयल इंपोर्ट से अभी महंगाई बढ़ने का खतरा नहीं है। हालांकि यह भी कहा गया कि रुपये में कमजोरी से निवेशकों के मिजाज पर असर पड़ रहा है।

जंक फूड पर बंदिश

सर्वे में मोटापे की बढ़ती समस्या पर चिंता जताते हुए कहा गया कि बहुत ज्यादा फैट, नमक और चीनी वाले बर्गर, नूडल्स, पिज्जा, सॉफ्ट ड्रिंक जैसे अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स के विज्ञापन सुबह 6 बजे से रात 11 बजे तक न आ सकें, ऐसे उपाय पर विचार करना चाहिए। नवजात बच्चों को दिए जाने वाले मिल्क और मिल्क फूड पर बंदिशों की सलाह भी दी गई। इसमें कहा गया कि ज्यादा चीनी, फैट और नमक वाले खाद्य पदार्थों के पैक पर साफ शब्दों में बताया जाना चाहिए कि उनमें कितने पोषक पदार्थ हैं और ऐसी चीजों की मार्केटिंग बच्चों के बीच न हो, इसके कदम उठाए जाएं।

आर्टिफिशल इंटेलिजेंस

सर्वे में कहा गया कि देश में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस को तेजी से अपनाने के लिए 'AI इकॉनमिक कांउसिल' बनाई जानी चाहिए। यह काउंसिल यह रास्ता निकाल सकती है कि रोजगार और काम की गरिमा पर आंच आए बिना AI के जरिए उत्पादकता किस तरह बढ़ाई जा सकती है। इसे प्राइवेट कंपनियों के साथ मिलकर आने वाले दशक में AI के उपयोग का रोडमैप बनाना चाहिए और यह अहम जानकारी भी देनी चाहिए कि किस तरह की जॉब्स पर आंच आ सकती है, किन इलाकों में सबसे ज्यादा डिसप्लेसमेंट हो सकता है और AI के चलते कितनी जॉब्स ऑटोमेटेड हो सकती हैं। सर्वे में कहा गया कि कुछ AI एप्लिकेशंस से अवांछित नतीजे मिलने और नैतिक मसले खड़े होने का रिस्क है।

इसमें कहा गया कि भारत को AI से फायदा हो रहा है, लेकिन जिन देशों ने पहले AI को अपनाया, वे इससे जुड़ी चुनौतियों से भी जूझ रहे हैं, लिहाजा भारत को ऐसे AI सिस्टम्स डिजाइन करने चाहिए, जो संसाधनों का अच्छा उपयोग करें। आने वाले वर्षों में हम जो राह चुनेंगे, उससे तय होगा कि AI से मौजूदा ढांचागत खाइयां बढ़ेंगी या यह उत्पादकता और काम की गरिमा बढ़ाने में सहायक होगा।

आम लोगों की जिंदगी

- सब्सिडी, पेंशन और DBT से गरीब तबका अभावों से बाहर निकल रहा है।
- देश के सबसे गरीब 5-10% लोगों के मासिक खर्च में सबसे ज्यादा इजाफा।
- अमीर और गरीब के बीच खर्च करने के अंतर में गिरावट।
- गांवों में तरक्की के लिए स्थानीय रोजगार, हुनर पर जोर।
- लगातार फीडबैक लेने, तकनीक के इस्तेमाल का सुझाव।

भारत बना रहेगा ताकत

- **स्वदेशी रणनीति:** विदेशी पाबंदियों से बचने को 'स्वदेशी' को हथियार बनाने पर जोर।
- **सोशल रिपोर्ट:** बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर उम्र की पाबंदी और जंक फूड विज्ञापनों पर बैन की सिफारिश।
- **इनकम टैक्स:** 1 अप्रैल से नया कानून लागू होगा, टैक्स पेयर्स के लिए आसानी बढ़ेगी।
- **एआई (AI) का खतरा:** एआई सेक्टर में जरूरत से ज्यादा उम्मीदें वित्तीय संकट ला सकती हैं।
- **खेती का निर्यात:** अगले 4 साल में कृषि निर्यात $100 अरब तक ले जाने का लक्ष्य।

सोने-चांदी की चमक और बढ़ेगी

- **सुरक्षित निवेश:** अनिश्चितता के दौर में लोग और सेंट्रल बैंक सोने को सबसे भरोसेमंद मान रहे हैं।
- **भारत पर असर:** भारत के कुल आयात बिल का एक-तिहाई हिस्सा तेल और सोने पर खर्च हो रहा है।
- **विदेशी मुद्रा भंडार:** भारत के खजाने में सोने की वैल्यू 78.2 अरब डॉलर से बढ़कर 117.5 अरब डॉलर हुई।
- **अन्य धातुएं:** तांबा और एल्युमिनियम में नामूली बढ़त, जबकि कच्चे तेल में गिरावट के आसार।
- **सोना आयात में बढ़त:** 27.4% (सालाना आधार पर)।

PTI

आर्थिक सर्वे 2025-26 की मुख्य बातें	
जीडीपी ग्रोथ (FY27)	6.8% से 7.2% (अनुमानित)
जीडीपी ग्रोथ (FY26)	7.4% (अनुमानित)
राजकोषीय घाटा लक्ष्य	FY26 के लिए 4.4%
मीडियम टर्म ग्रोथ पोटेंशियल	7%
महंगाई का लक्ष्य	4%

महंगाई नरम रहने के आसार

सर्वे में कहा गया कि घीजों की सप्लाई की अनुकूल स्थितियों, GST रेट में कमी, अच्छी उपज, कमोडिटीज की वैश्विक कीमतों में स्थिरता और नीतियों के स्तर पर सतर्कता के चलते महंगाई नरम रहने के आसार है। हालांकि करंसी में उतार-चढ़ाव के चलते बेस मेटल्स के भाव बढ़ रहे हैं और वैश्विक अनिश्चितता भी बनी हुई है, लिहाजा वक्त के मुताबिक नीतिगत कदम उठाने होंगे। इस वित्त वर्ष के मुकाबले अगले वित्त वर्ष में महंगाई कुछ ज्यादा हो सकती है, लेकिन यह 4% के टारगेट रेंज में रहेगी।

'भारत-EU के FTA से सहयोग का नया दौर शुरू'

AI Image

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : भारत और यूरोपियन यूनियन के फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) को आर्थिक और भू-राजनीतिक रूप से ऐतिहासिक बताते हुए वैश्विक कंपनियों, विशेषज्ञों और नेताओं ने इसकी प्रशंसा की है और इसे सही वक्त पर की गई सही डील बताया है।

जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिख मर्ज ने FTA पर बातचीत पूरी होने को 'बहुत सकारात्मक संकेत' बताते हुए कहा कि इसे जल्द से जल्द लागू किया जाना चाहिए, जिससे आर्थिक वृद्धि और समृद्धि बढ़ेगी। वहीं, फिनलैंड के प्रेसिडेंट एलेग्जेंडर स्टब ने कहा कि इससे आर्थिक और राजनीतिक संबंध मजबूत होंगे। स्वीडन के पीएम उल्फ क्रिस्टरसन ने कहा कि इससे महत्वाकांक्षा का नया युग शुरू हुआ है। इंडो-जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स के डीजी जान नीपदर और भारत में फेडरेशन ऑफ यूरोपियन बिजनेस के प्रेसिडेंट जर्गेन वेस्टरमियर ने कहा कि इससे दोनों पक्षों के बिजनेस के लिए अवसर बढ़ेंगे।

वैश्विक नेताओं और विशेषज्ञों ने ट्रेड डील को ऐतिहासिक बताया

बर्लिन चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रेसिडेंट सेबेस्टियन स्टीजेल ने कहा कि दुनिया में तनाव बढ़ने के बीच यह एक अहम कदम है और जर्मनी को भारत में अवसरों का लाभ लेना चाहिए। वहीं, क्रोएशिन एंप्लॉयर्स असोसिएशन और बिजनेसयूरोप ने भी इस FTA की प्रशंसा की है। चैंबर्स आयरलैंड ने इसे ऐतिहासिक समझौता करार देते हुए कहा कि इससे आयरिश एक्सपोर्टर्स को बड़ा बाजार मिलेगा।

सेंटर फाकर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनैशनल स्टडीज के सीनियर एडवाइजर रिचर्ड रोसेक्ये ने कहा कि इस करार ने दुनिया की एक चौथाई आबादी को एकजुट कर दिया है, वहीं अटलांटिक काउंसिल के सीनियर फेलो माइकल कुगलमैन ने कहा कि यह सही वक्त पर की गई सही डील है।

डॉलर के मुकाबले 92 पर पहुंचा रुपया, 91.99 पर बंद

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: विदेशी फंडों की बिकवाली के दबाव और वैश्विक बाजारों में जोखिम के डर से रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91.99 के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। फॉरेक्स ट्रेडर्स के मुताबिक, दुनिया भर में जारी तनाव और विदेशी निवेशकों द्वारा पैसा निकालने की वजह से रुपये ने दिन के दौरान 92 का निचला स्तर छू लिया। इसके अलावा, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने भी रुपये पर बोझ बढ़ाया। आरबीआई रेफरेंस रेट के मुताबिक रुपया का भाव 91.96 रहा।

इंटरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 91.95 पर खुला और शुरुआत में 91.82 के ऊंचे स्तर तक गया। लेकिन बाद में अपनी बढ़त गंवा दी और डॉलर के मुकाबले 92 के निचले स्तर पर पहुंच गया। अंत में यह रुपया 91.99 के स्तर पर स्थिर हुआ। बुधवार को भी रुपया 31 पैसे गिरकर 91.99 पर बंद हुआ था, जो तब का सबसे निचला स्तर था। इससे पहले 23 जनवरी को भी रुपया दिन के कारोबार में 92 के स्तर तक गिर गया था।

सोने की मांग में गिरावट: WGC

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : कीमतों के रेकॉर्ड स्तर पर पहुंचने और उपभोक्ताओं के खरीद व्यवहार में बदलाव के कारण वर्ष 2025 में भारत की सोने की मांग में 11% की गिरावट दर्ज की गई। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (WGC) की गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सोने की कुल मांग 2025 में गिरकर 710.9 टन रह गई, जो 2024 में 802.8 टन थी।

NBT GOOD न्यूज़

मुस्कुराहट: चेहरे की बेहतरीन एक्सरसाइज!
मुस्कुराने के लिए चेहरे की कई मसल्स का इस्तेमाल होता है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है। यह एक तरह का नेचुरल फेसलिफ्ट है, जो आपको उम्र से छोटा और ज्यादा आकर्षक दिखने में मदद करती है।

विचार

सफलता अंत नहीं है, और हारना मौत नहीं है। सबसे ज्यादा जो मायने रखता है, वो है गिरकर फिर से उठने और आगे बढ़ने का हौसला। – *विंस्टन चर्चिल*

(Winston Churchill)

ज़रा हंस लें

पति शराब पीकर रात को घर देर से पहुंचा। पत्नी हाथ में झाड़ू लेकर सामने खड़ी थी। **पति:** 'कितना काम करेगी तू, ला ये झाड़ू मुझे दे दे। रात के दो बजे हैं, सोना नहीं है क्या? कुछ तो अपना ख्याल कर पगली।' यह सुनकर बेचारी पत्नी की आंखों में आंसू आ गए।

कविता

थोड़ा कष्ट सहना सीखो

यदि ले जाना है खुद को ऊंचाइयों पर,
थोड़ा संघर्ष करना सीखो,
बार-बार गिरकर फिर खड़े हो जाना,
एक छोटे बच्चे से सीखो।
सुख-दुःख है इस जीवन के
दो पहलू,
थोड़ा मुस्कुराना सीखो,
तूफान में भी कैसे डटकर खड़े
रहना है,
एक पेड़ से सीखो।
छोटी चिड़िया तिनके चुन-चुन कर,
कैसे घोंसला बनाती है,
जीवन में मेहनत करना जरूरी है,
यह सबको सिखाती है।
जीवन में आने वाली कठिनाइयों में,
थोड़ा संयम रखना सीखो,
यदि कुछ कर दिखाना चाहते हो तो,
थोड़ा कष्ट सहना सीखो।

– नीलम कुमार, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ अपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान 3 फरवरी से 31 मार्च तक आम लोगों के लिए खुलेगा, फ्री होगी एंट्री

आ गया खुशबू-रंगों का शाही न्योता

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

वसंत फूलों का मौसम है। इस महीने में लोगों को राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान के खुलने का इंतजार रहता है। इंतजार की घड़ियां खत्म हो गई हैं। 3 फरवरी से यह उद्यान आम लोगों के लिए खोला जा रहा है। 3 फरवरी से 31 मार्च तक यह नियुक्त एंट्री रहेगी। फूलों की रंग बिरंगी सजावट और शाही महौल का मजा लेने के लिए विजिटर्स ऑनलाइन या ऑफलाइन बुकिंग करवा सकते हैं।

राष्ट्रपति भवन परिसर में बना अमृत उद्यान रंग बिरंगे फूलों की क्यारियों और सजावट के लिए जाना जाता है। यहां घूमना किसी फूलों की प्रदर्शनी देखने जैसा अनुभव देता। जहां का हर कोना फोटो लेने लायक लगता है। करीब 15 एकड़ में फैले अमृत उद्यान में देशी विदेशी फूल देखने को मिलते हैं। पहले यहां ईस्ट लॉन, लॉन्स गार्डन और सर्कुलर गार्डन ही हुआ करता था। बाद में पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम और राम नाथ कोविंद के समय इसमें कुछ और गार्डन बनाए गए। इनमें हर्बल गार्डन, टेक्टाइल गार्डन, बोनसाई गार्डन और अरोमा वनम है।

कैक्टस गार्डन, सर्कुलर गार्डन, रोज़ गार्डन बनते हैं पसंद

225 साल पुराने शीशम ट्री पर ट्री हाउस

यहां आप 225 साल से अधिक पुराने शीशम के पेड़ पर ट्री हाउस देख सकते हैं। यह पेड़ बाल बाटिका में शान से खड़ा है।

राष्ट्रपति भवन के पक्षी

बाल वाटिका के सामने ही प्रेजिडेंट्स इस्टेट में दिखने वाले दुर्लभ और सीजनल पक्षी की जानकारी आपको मिल जाएगी। यहां करीब 30 प्रजातियों के पक्षी रहते हैं।

बोनसाई गार्डन

बोनसाई गार्डन यूथ और छोटे बच्चों के फेवरेट स्पॉट में एक है। कई बोनसाई तो यहां 60 साल से पुराने हैं।

सर्कुलर गार्डन

यह गार्डन मुख्य आकर्षक है। यहां आपको विविधता दिखेगी। विभिन्न रंगों के सुगंधित फूल दिखेंगे। 40 से अधिक प्रजातियों के फूल आकर्षण हैं।

वर्टिकल गार्डन

अमृत उद्यान में वर्टिकल गार्डन आपको लुभाएंगे। प्रकृति की यह जैवा टेक्नोलॉजी, स्वच्छतापूर्वक डिजाइन की गई है।

सेंट्रल लॉन

अमृत उद्यान के बीचों बीच सेंट्रल लॉन है। यहां से राष्ट्रपति भवन की भव्यता देखी जा सकती है। सेंट्रल लॉन और इससे लगते लॉन्स गार्डन में आपको 500 से अधिक ढहेलिया की प्रजातियां दिख जाएंगी।

कब जाएं: अमृत उद्यान सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा। शाम 5:15 बजे के बाद एंट्री नहीं होगी।

कब बंद रहेगा: हर सोमवार को और 4 मार्च (होली) को यह बंद रहेगा।

टिकट कैसे बुक करें: एंट्री के लिए पहले से पास बनवाना जरूरी है। यह ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से बनवाए जा सकते हैं।

ऑनलाइन बुकिंग: आधिकारिक वेबसाइट वेबसाइट visit. rashtrapatibhavan.gov.in पर जाकर अपना स्लॉट रिजर्व कर सकते हैं।

ऑफलाइन बुकिंग: ऑफलाइन के लिए गेट नंबर-35 के बाहर लगे सेल्फ-सर्विस किओस्क से पास निकाला जा सकता है।

NBT जन्मदिन मुबारक

दीया कुमारी

30 जनवरी 1971 को जन्मी BJP नेता दीया कुमारी जयपुर के पूर्व राजघराने से ताल्लुक रखती हैं। फिलहाल राजस्थान की डिप्टी चीफ मिनिस्टर हैं।

प्रियदर्शन

फिल्म डायरेक्टर प्रियदर्शन का जन्म 30 जनवरी 1957 को हुआ। 'हेरा फेरी' जैसी कई सुपरहिट फिल्में बनाई हैं और नैशनल अवॉर्ड से भी नवाजा जा चुका है।

सुनंदा शर्मा

30 जनवरी 1992 को जन्मी सुनंदा शर्मा फेमस पंजाबी सिंगर और एक्टरस हैं। वह 'पटाखा' और 'जानी तेरा नां' जैसी हिट बनने के लिए मशहूर हैं और फिल्मों में भी काम करती हैं।

प्रकाश जावड़ेकर



30 जनवरी 1951 को जन्मे प्रकाश जावड़ेकर BJP के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं। फिलहाल नैशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी के चेयरपर्सन के रूप में सेवाएं दे रहे हैं।

1200 लड़कियां बनीं इलाके का सुरक्षा कवच, बाल विवाह और अपराध के खिलाफ छेड़ी जंग

बच्चों की खुशियों की ढाल बनीं ये गर्ल सिंघम्स

Ahmed.Ali@timesofindia.com

1,200+ लड़कियां 12 ग्रुप में बंटकर अपने इलाके में ला रहीं बदलाव

■ मुंबई: घीवाड़ कैंप और साठे नगर की तंग गलियों में जैसे ही शाम ढलती है, एक अलग निगरानी शुरू होती है। सतर्क नजरें, मजबूत कदम और हिम्मत के साथ आगे बढ़ती लड़कियां... ये कोई पुलिसकर्मी नहीं, बल्कि प्यार से 'मुवई की गर्ल सिंघम्स' कहलाती हैं। पिछले चार साल से 11 से 18 साल की उम्र की 1,200 से ज्यादा लड़कियां, 12 ग्रुप में बंटकर आगे ही इलाके में बदलाव ला रही हैं।

CRY (Child Rights and You) संस्था के सहयोग से ये लड़कियां शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा, बाल श्रम और बाल विवाह जैसे मुद्दों पर काम कर रही हैं। 16 साल की सिमरन शेख इस समूह की नेता है। वे परिवारों को कम उम्र में शादी के नुकसान समझाती हैं और इलाके में नजर रखती हैं कि कहीं किसी लड़की की जबरन शादी न हो। हाल के महीनों में उनके इलाके में छह बाल विवाह रोके गए और लड़कियां फिर स्कूल लौट आईं। CRY के कुमार नीलेंदु बताते हैं कि लड़कियों ने समय रहते मामलों की पहचान की और सही कदम उठाए।

डार्क स्पॉट किया खत्म, शराब दुकान कराई बंद

एक दिन समूह की बैठक में बच्चों ने अपने इलाके बरबाल मैदान की बात उठाई, जो अंधेरा और असुरक्षित था। बाद में मिट्टी बिछाई गई, लाइटें ठीक की गईं और सीसीटीवी लगाए गए। अब यह मैदान बच्चों की खेल और खुशी की जगह बन गया है। करीब 50 लड़कियों ने अवैध शराब की दुकान के खिलाफ भी कदम उठाया, शिकायत दर्ज करवाई और दुकान बंद करवाई। 15 साल की अलका अब पुलिस अधिकारी बनने का सपना देखती है। सामूहिक प्रयासों ने लड़कियों को निडर और अपने अधिकारों के प्रति मजबूत बना दिया है।

वैलेंटाइंस डे पर भक्ति की क्लबिंग

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

इस वैलेंटाइंस डे पर 'महादेव का महाप्रेम' दिल्ली वालों के बीच उतरेगा। 14 फरवरी को दिल्ली के भारत मंडपम् में 'टेक्नो-शिवरात्रि कल्चरल नाइट' में भक्तों को भजन क्लबिंग से लेकर एप्लिकेस, तो ट्रेन से लेकर AI का भक्तिमय रोमांच देखने का मौका मिलेगा। पांच घंटे के इस शो 'शिव आनन्दम 3.0' के साथ आध्यात्मिक ऊर्जा को अनुभव करने का मौका दिल्ली वालों को मिलेगा।

'शिव आनन्दम 3.0' भारत मंडपम् में शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक चलेगा। एंट्री टिकट बुकमाईशो से मिलेगा। आयोजकों ने बताया कि उत्सव के आरंभ में 9 फीट ऊंची एलईडी डिजिटल शिवलिंग की स्थापना की जाएगी। हाई-डेफिनिशन प्रोजेक्शन मैपिंग के जरिए शिवलिंग पर 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कराए जाएंगे। दर्शक डिजिटल ऐप के जरिए वर्चुअल पूजन भी कर सकेंगे। सत्र में अमरनाथ, कैलाश और केदारनाथ की सिनेमैटिक विडियो यात्रा भी पेश होगी। 'भजन क्लबिंग' और 'भक्तिमय अंताक्षरी' इस दिन को जोश और उर्जा से भरेंगे। वैलेंटाइंस डे भी है तो सत्र 'वैलेंटाइंस ऑफ्रेयर्स बनाम महादेव का महाप्रेम' आधुनिक प्रेम की अवधारणाओं और महादेव के शाश्वत प्रेम के बीच समीकरण चार्ट करेगा। PEACE प्रोग्राम की ओर से अयोजित उत्सव में शिव की उर्जा को टेक्नोलॉजी की मदद से जीवंत किया जाएगा। पीस प्रोग्राम की प्रिंसिपल कॉर्डिनेटर रुपेश्वरी भारती और को-कॉर्डिनेटर निधि भारती ने बताया कि आयोजन भगवान शिव के ज्ञान और ध्यान के विज्ञान को समकालीन अभिव्यक्ति में ढालने का प्रयास है।

दिल्ली के भारत मंडपम् में भजन क्लबिंग से लेकर भस्म होली, वी-डे पर 'महादेव का महाप्रेम'

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in